खबरों के 69 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

जबलपुर, बुधवार 14 मई 2025 । वर्ष –69 । अंक –178 पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ दो दिन में दो भाषण....
■ मोदी का मध्यावधि स्वप्न... 04
■ भारत के हमले में हमारे 11 सैनिक मारे...
■ अमेरिका ने चौथे दौर की परमाणु वार्ता के... 09
■ भारत का अमेरिका को करारा जवाब...
■ रिटेल महंगाई 6 साल के सबसे निचले... 11
■ आईपीएल के बाकी मैच...
■ रोहित और विराट का... 10

# जहरीली शराब से पंजाब में 21 की मौत

*अमृतसर। अमृतसर के मजीठा एरिया में जहरीली शराब पीने से 21 लोगों की मौत हो गई है जबकि 9 लोग गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं। अमृतसर पुलिस के मुताबिक, मजीठा थाने में इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। घटना सोमवार (12 मई) की रात की बताई जा रही है। फिलहाल, पुलिस की टीम शराब के स्त्रोत की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में यह पता चला है कि रविवार (11 मई) की शाम को एक ही जगह से यह शराब खरीदी गई थी। इनमें से कुछ लोगों की सोमवार की सुबह ही मौत हो गई थी, लेकिन पुलिस को सूचना नहीं मिली।*





- ♦ अमृतसर के 5 गांवों में पसरा मातम
- ♦ निर्माताओं और आपूर्ति करने वालों की धरपकड़ जारी
- ♦ कई की हालत गंभीर

मृतकों में भंगाली कलां, मराडी कलां, पातालपुरी, थ्रिएवाल, तलवंडी खुम्मन और करनाला के लोग शामिल हैं। घटना के बाद पुलिस और प्रशासन हरकत में आया। पुलिस ने जहरीली शराब बेचने के आरोप में अब तक 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। उनसे पूछताछ की जा रही है कि जहरीली शराब कहां से और कैसे आई? इसके अलावा मजीठा थाने के एसएचओ अवतार सिंह और डीएसपी अमोलक सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है।

**10 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा** –वहीं, दोपहर को मुख्यमंत्री भगवंत मान भी मजीठा पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिवारों को 10 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की। मान ने कहा है कि यह दुखदायी और दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। जहरीली शराब पीने से अब तक 21 के करीब लोगों की मौत हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा– जिस गांव में हम खड़े हैं, 5–6 मौतें इसी गांव की हैं। ये मौतें नहीं, बल्कि मर्डर हैं। शिरोमणि अकाली दल ने सीबीआई जांच की मांग की है।

## सार संक्षेप

### सेवानिवृत्ति के बाद कोई आधिकारिक पद नहीं लूंगा: संजीव खन्ना

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना ने मंगलवार को कहा कि वह रिटायर के बाद कोई आधिकारिक पद नहीं लेंगे, लेकिन कानून के क्षेत्र में अपनी पारी जारी रखेंगे। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना को 11 नवंबर, 2024 को सीजेआई नियुक्त किया गया था और वह मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए हैं। सीजेआई ने पीठ की औपचारिक कार्यवाही समाप्त होने के बाद शीर्ष अदालत परिसर में पत्रकारों से मुलाकात की और कहा, मैं सेवानिवृत्ति के बाद कोई पद स्वीकार नहीं करूंगा... शायद कानून के क्षेत्र में कुछ करूंगा। शीर्ष अदालत के कई पूर्व न्यायाधीश सेवानिवृत्त होने के बाद मध्यस्थता के क्षेत्र में अपनी पारी शुरू करते हैं। सीजेआई ने कहा, मैं तीसरी पारी खेलूंगा और कानून से संबंधित कुछ करूंगा। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा से जुड़े नकदी विवाद से संबंधित एक प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा, न्यायिक सोच निर्णायक और निर्णयात्मक होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा, हम सकारात्मक और नकारात्मक बिंदुओं को देखते हैं और मुद्दे पर निर्णय लेते हैं, फिर तर्कसंगत रूप से हम विभिन्न कारकों पर विचार करते हैं जो हमें सही निर्णय लेने में मदद करते हैं।






### बिरादरी की बात

**चूहा–सुनती हो–** जहरीली शराब ने अब पंजाब में 21 लोगों की जान ले ली।

**चुहिया– हां प्रिये–** धीमा जहर अब तो चाहे जब गाढ़ा होकर जिन्दगी पर टूट पड़ता है।

## विदेश मंत्रालय ने किया साफ

# कश्मीर पर तीसरे पक्ष का दखल मंजूर नहीं

- ♦ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने एक दिन पहले मध्यस्थता की बात कही थी
- ♦ भारत–पाकिस्तान आपस में सुलझाएंगे मामला
- ♦ पाकिस्तान को पीओके खाली करना होगा

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** भारत ने मंगलवार को साफ किया कि जम्मू–कश्मीर के मुद्दे पर तीसरे पक्ष का दखल मंजूर नहीं है। इस मुद्दे को भारत–पाकिस्तान आपस में सुलझाएंगे। यह बात विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कही। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को पीओके खाली करना होगा। सभी मामले द्विपक्षीय तरीके से ही हल होंगे। विदेश मंत्रालय ने भारत–पाक के बीच सीजफायर की घोषणा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कश्मीर मुद्दे पर मध्यस्थता और सीजफायर का श्रेय लेने के दावों को भी नकार दिया।

**चर्चा में व्यापार का मुद्दा नहीं उठा–** विदेश मंत्रालय ने कहा कि 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से लेकर 10 मई को गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद करने पर सहमति बनने तक, भारतीय और अमेरिकी नेताओं के बीच उभरते सैन्य हालात पर बातचीत होती रही। किसी भी चर्चा में व्यापार का मुद्दा नहीं उठा।

## हर आतंकी हमले का जवाब देंगे: मोदी



**पंजाब के आदमपुर एयरबेस पहुंचे प्रधानमंत्री** –जालंधर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार सुबह पंजाब के आदमपुर एयरबेस पहुंचे। यहां उन्होंने एयरफोर्स के जवानों से मुलाकात की। इसके बाद जवानों को 28 मिनट संबोधित भी किया। मोदी ने कहा, 'भारत में निर्दोष लोगों का खून बहाने का एक ही अंजाम होगा– विनाश और महाविनाश। जिस पाकिस्तानी सेना के भरोसे ये आतंकी बैठे थे, भारत की सेना, एयरफोर्स और नेवी ने उस पाकिस्तानी सेना को भी धूल चटा दी है। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान में ऐसा कोई ठिकाना नहीं है, जहां बैठकर आतंकवादी चैन की सांस ले सकें। हम घर में घुसकर मारेंगे और बचने का एक मौका तक नहीं देंगे।

## ट्रम्प के बयान पर जवाब दें मोदी : कांग्रेस

# कांग्रेस ने कहा- अचानक सैन्य कार्रवाई रुकने से हम मौका चूके

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहलगाम घटना और उसके बाद की कार्रवाई पर सोमवार को राष्ट्र के नाम संबोधन जरूर किया लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खतरनाक बयान पर चुप्पी साधकर सबको निराश किया है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहलगाम हमले के आतंकवादियों को करारा जवाब देने पर पाकिस्तान के साथ संघर्ष हुआ जिसमें हमारी बहादुर सेना पाकिस्तान को बर्बाद कर रही थी लेकिन अचानक हुई सैन्य कार्रवाई रोकने की घोषणा ने सबको चौंका दिया और आतंकवाद तथा आतंक को पनाह देने वाले पाकिस्तान को कुचलने का स्वर्णिम अवसर हमारे हाथ से निकल गया। हमारे पास पाकिस्तान के आतंकवाद को हमेशा के लिए नेस्तनाबूद करने का यह एक स्वर्णिम मौका था।

उन्होंने कहा कि इसमें सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि श्री ट्रम्प ने सोशल मीडिया एक्स पर सैन्य कार्रवाई रोकने की घोषणा की और बाद में कहा कि भारत और पाकिस्तान को व्यापार का हवाला देते हुए उन्होंने सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए तैयार किया।

अब देश समझ नहीं पा रहा है कि इसे गोपनीय क्यों रखा गया जबकि हमारी सेना ने बहुत अच्छा काम कर आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया और पूरी दुनिया में इसकी तारीफ हुई। पहलगाम घटना से देश के हर परिवार में दुख था और ऐसे में सेना ने हमला कर घटना से जुड़े 100 आतंकवादियों को मार दिया।

### अमेरिका के दबाव की बातें साफ की जाए

कांग्रेस नेता ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को अस्थायी रूप से स्थगित करने के प्रधानमंत्री के बयान पर सवाल किया और कहा कि पहले कभी नहीं सुना कि सैन्य कार्रवाई कभी अस्थाई रूप से रोकी जाती है। अगर 'ऑपरेशन सिंदूर' अमेरिका के दबाव में स्थगित किया गया है तो ये बातें साफ होनी चाहिए।

## सीबीएसई बोर्ड के परिणाम



# एक बार फिर बेटियों ने बाजी मारी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को दसवीं और बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित किए जिसमें क्रमशः 93.66 प्रतिशत और 88.39 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए है। परिणामों के विश्लेषण के अनुसार बोर्ड की दसवीं और बारहवीं– दोनों ही परीक्षाओं ने लड़कियों ने लड़कों पर बाजी मारी है। 10वीं की परीक्षा में 95 प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं, जबकि उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 92.63 है। बारहवीं में छात्राओं की सफलता दर 91 प्रतिशत रही जो छात्रों की तुलना में 5.94 प्रतिशत ऊंची है। दसवीं की परीक्षा में उत्तीण कुल परीक्षार्थियों का अनुपात इस बार पिछले वर्ष की तुलना में 0.06 प्रतिशत अधिक रहा। सीबीएसई ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस वर्ष 10वीं की परीक्षा में 22,388,27 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे, जिनमें से 20,95,467 उत्तीर्ण हुए। तिरुवनंतपुरम ने दसवीं की परीक्षा में 99.70 प्रतिशत सफलता के साथ पहला स्थान हासिल किया है, जबकि असम के गुवाहाटी में 84.14 प्रतिशत विद्यार्थी ही उत्तीर्ण हो सके। प्रमुख केंद्रों में गुवाहाटी का प्रदर्शन सबसे खराब रहा है।

### 10वीं में 95 व 12वीं में 91 फीसदी छात्राएं उत्तीर्ण

# मोहन मंत्रिमंडल ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए प्रधानमंत्री को दी बधाई



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में पाकिस्तान के विरुद्ध संचालित ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि–परिषद की ओर से बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी, रक्षा मंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री, भारतीय सेना और अर्ध सैनिक बलों के सभी जवानों को बधाई दी। तकनीक का उपयोग करते हुए, कम समय में तीव्र गति से की गई कार्रवाई से विश्व, भारत के बदलते दौर के नेतृत्व की क्षमता से परिचित हुआ है, यह सभी भारतवासियों के लिए सौभाग्य का विषय है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि–परिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में मंत्रीगण को प्रदेश में गेहूं उपार्जन की स्थिति, महाराष्ट्र के साथ नदी जोड़ो अभियान के लिए हुए एमओयू, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश द्वारा परस्पर समन्वय से आगामी दिनों में की जाने वाली सांस्कृतिक–धार्मिक व इतिहास केंद्रित गतिविधियों, प्रदेश में निवेश संवर्धन और औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के लिए बेंगलुरु और इंदौर में होने वाले आयोजनों तथा 20 मई को इंदौर में होने वाली मंत्रि–परिषद की बैठक तथा विजन डॉक्यूमेंट@2047 पर चर्चा के संबंध में अवगत कराया।

## गैसाबाद मुहरई में ह्दय विदारक वारदात

# अपनी तीन मासूम बेटियों का हत्यारा बना पिता

### पत्नी के मायके से ससुराल ना जाने पर गुस्साए शराबी पति की काली करतूत

**हटा, दमोह, देशबन्धु।** अनुभाग हटा के गैसाबाद थाना अंतर्गत ग्राम मुहरई में मंगल को बड़ा अमंगलकारी दुखद आत्मघाती घटनाक्रम सामने आया है। एक शराबी ट्रक ड्राइवर पिता ने पारिवारिक कलह के चलते अपनी तीन मासूम बेटियों को कोल्ड ड्रिंक में जहर देने के बाद खुद भी बीयर में जहर पीकर मौत को गले लगा लिया। एक साथ चार मौतों के घटनाक्रम ने सभी को झकझोर के रख दिया है। पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है वही बच्चों की मां का रो रोकर बुरा हाल बना हुआ है।

यह दुखद दर्दनाक घटनाक्रम दमोह जिले के गैसाबाद थाना अंतर्गत मुहरई गांव से सामने आया है। जहाँ विनोद जाट (कंसोरिया) जो कि ट्रक ड्राइवर था तथा हरियाणा से अपनी ससुराल दमोह जिला आया हुआ था, जिसने अपनी तीनों बेटियों को जहरीला पदार्थ पिलाने के बाद स्वयं भी बीयर में जहर मिला कर पी लिया। बाद में चारों को गंभीर हालत में हटा अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने चेकअप करके विनोद जाट के साथ साथ महक तथा खुशबू 4 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। वहीं खुशी 7 वर्ष को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। लेकिन जिला अस्पताल ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर









## रिपोर्ट — संघर्ष विराम के बाद नया खुलासा

# भारत के खिलाफ साइबर जंग की नई चाल

**नई दिल्ली।** भारत के खिलाफ बड़े साइबर अटैक की साजिश रची जा रही है. इसका खुलासा Roar of Sindoor रिपोर्ट से हुआ है. साजिश के तहत तकनीकी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के साथ ही देश में गलत जानकारी और फेक नैरेटिव फैलाकर सामाजिक अस्थिरता पैदा करने की कोशिश की जा रही है.

इस रिपोर्ट को पहलगाम हमले के बाद जारी किया गया है, जिसने पहले ही भारत को कई महत्वपूर्ण साइबर हमलों से बचाने में भूमिका निभाई थी. नई रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत पर साइबर हमले करने वाले समूहों की पहचान की जा चुकी है, जिनमें पाकिस्तान, बांग्लादेश और मिडिल ईस्ट के कई खतरनाक हैकर ग्रुप्स शामिल हैं.

**अब तक 1.5 मिलियन अटैक, 150 सफल प्रयास–** रिपोर्ट के मुताबिक, इन ग्रुप्स द्वारा अब तक भारत पर 1.5 मिलियन से अधिक साइबर अटैक किए जा चुके हैं, जिनमें से 150 हमले सफल माने जा रहे हैं. यह हमले मुख्यत: भारत के रक्षा प्रतिष्ठानों, ऊर्जा सेक्टर, और महत्वपूर्ण डाटा इन्नफ्रास्ट्रक्चर पर केंद्रित रहे हैं.



**साइबर हमलों के साथ चल रहा है हाइब्रिड वॉर–** रिपोर्ट में इस खतरे को केवल तकनीकी तक सीमित नहीं बताया गया है. बल्कि इसे एक हाइब्रिड वॉर का हिस्सा माना गया है. इस युद्ध का एक बड़ा पहलू मिस इन्फॉर्मेशन वॉर यानी फर्जी और भ्रामक जानकारी फैलाना है. इसका मकसद जनता में भ्रम, भय और अविश्वास फैलाना है.

**देश के भीतर सक्रिय हो सकते हैं स्लीपर सेल–** रिपोर्ट में यह भी आशंका जताई गई है कि भारत के भीतर स्लीपर सेल्स सक्रिय हो सकते हैं, जो इन साइबर और सूचना हमलों में सहयोग कर रहे हैं. हालांकि उनकी पहचान अब तक सामने नहीं आई है लेकिन खुफिया एजेंसियां इस दिशा में सतर्क हो गई हैं.

**5000 से अधिक मिस इन्फॉर्मेशन कैंपेन**–अब तक सामने आए आंकड़ों के अनुसार, 5000 से अधिक फर्जी प्रचार अभियानों को भारत के खिलाफ चलाया गया है. इनमें से कुछ बड़े दावे शामिल हैं जैसे

**ब्रह्मोस मिसाइल केंद्र पर हमले की अफवाह–** इनमें से 83 अभियानों को निष्क्रिय कराने की कोशिश की गई. अब तक 38 कैंपेन को सफलतापूर्वक हटाया भी जा चुका है.

**बढ़ती चुनौती के बीच साइबर डिफेंस को मजबूत करने की जरूरत–** ताजा रिपोर्ट भारत की साइबर सुरक्षा के लिए चेतावनी की घंटी है. ये न केवल डिजिटल संरचनाओं की सुरक्षा को लेकर सजगता की मांग करती है, बल्कि सामाजिक तानेबाने को भ्रामक सूचनाओं से बचाने की भी चुनौती पेश करती है. विशेषज्ञों का मानना है कि अब समय आ गया है जब भारत को साइबर डिफेंस को राष्ट्रीय सुरक्षा के समकक्ष प्राथमिकता देनी होगी।

# देश-विदेश

## 70 देशों के राजनयिकों को ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी

**नई दिल्ली।** भारत ने 70 देशों के राजनयिकों को आज यहां ऑपरेशन सिंदूर के सफल संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी और पाकिस्तान द्वारा चलाए गए दुष्प्रचार का भी पर्दाफाश किया। एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय ने मंगलवार को यहां बताया कि रक्षा खुफिया एजेंसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डी एस राणा ने भारत-पाकिस्तान संबंधों में नए मानदंड स्थापित करने वाले ऑपरेशन सिंदूर के सफल संचालन के बारे में जानकारी दी।

## युद्ध के माहौल के बावजूद अमरनाथ यात्रा की तैयारियां जारी

सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, देशबन्धु।** माना कि आप्रेशन सिंदूर के बाद देश पाकिस्तान के साथ एक और जंग के मुहाने पर खड़ा है पर बावजूद इसके इस बार की अमरनाथ यात्रा की तैयारियां जोरो पर हैं। इसके तहत आगामी श्री अमरनाथजी यात्रा 2025 की तैयारियों के तहत, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय कश्मीर वर्तमान में वार्षिक यात्रा के प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित कर रहा है।

इन प्रशिक्षणों का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को उच्च ऊंचाई वाली तीर्थयात्रा के दौरान उत्पन्न होने वाली चिकित्सा आपात स्थितियों और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का प्रबंधन करने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करना है, जो कठिन इलाकों और चरम मौसम की स्थिति में होती है।

जानकारी के लिए हर साल, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय, कश्मीर (डीएचएसके), 52-दिवसीय यात्रा के लिए व्यापक चिकित्सा तैयारियों को प्राथमिकता देता है, जो 3 जुलाई में शुरू होने वाली है। विभाग पिछली यात्राओं के दौरान देखी गई मृत्यु दर और रुग्णता को कम करने के लिए ठोस प्रयास कर रहा है। क्षेत्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संस्थान (आरआईएचएफडब्ल्यू) धोबीवान के प्रिंसिपल डा मोहम्मद इकबाल भट ने पत्रकारों को बताया कि लगभग 50 प्रतिशत स्वास्थ्य पेशेवरों का प्रशिक्षण पहले ही पूरा हो चुका है।

### स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए विशेष प्रशिक्षण हो रहा आयोजित 150 डाक्टरों को प्रशिक्षित किया

वे कहते थे कि हमने अब तक लगभग 150 डाक्टरों को प्रशिक्षित किया है, और अगला चरण पैरामेडिकल स्टाफ पर केंद्रित होगा। उनका कहना था कि यात्रा के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए हर साल डाक्टरों, नर्सों, पैरामेडिक्स और सहायक कर्मचारियों सहित 1,000 से अधिक स्वास्थ्य पेशेवरों को प्रशिक्षित किया जाता है। प्रशिक्षण सत्र बैचों में आयोजित किए जाते हैं और विभाग के भीतर से ही अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा संचालित किए जाते हैं।

### उत्तरी बुर्किना फासो में हुआ भीषण आतंकी हमला

## जिहादियों ने 100 से ज्यादा लोगों को मारा

**नई दिल्ली।** दुनिया के विभिन्न देशों में लगातार आतंकी घटनाएं सामने आ रही हैं। अब उत्तरी बुर्किना फासो में बड़ा आतंकी हमला हुआ है जिसमें 100 से ज्यादा लोगों की मौत होने की संभावना है। सहायता कर्मी और स्थानीय निवासियों की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, मारे गए लोगों में अधिकतर सैनिक थे। ये हमला रविवार को सुबह से समय हुआ है। जिहादी समूह ने एक सैन्य अड्डे और लंबे समय से घेरे गए रणनीतिक शहर जिबो समेत कई जगहों को निशाना बनाया है।

**इस संगठन ने ली हमले की जिम्मेदारी**-उत्तरी बुर्किना फासो में ये आतंकी हमला अल-कायदा से जुड़े एक जिहादी समूह- जमात नस्र अल-इस्लाम वाल-मुस्लिमीन या छ्वह्ढ्ढरू ने किया है। संगठन ने इस आतंकी हमले की जिम्मेदारी भी ली है। ये आतंकी



संगठन अफ्रीका के साहेल क्षेत्र में सक्रिय माना जाता है। बता दें कि बीते कुछ समय से बुर्किना फासो को हिंसक उग्रवाद के लिए वैश्विक हॉटस्पॉट के रूप में जाना जा रहा है।

**8 इलाकों पर एक साथ हमला**-बुर्किना फासो की आबादी करीब 23 मिलियन की है। ये देश अफ्रीका के साहेल क्षेत्र में स्थित है जो कि फिलहाल सुरक्षा संकट से बुरी तरह प्रभावित है। रविवार को आतंकियों ने सुबह 6 बजे अलग-अलग जगहों पर एक साथ आतंकी हमलों की शुरुआत की थी। आतंकियों ने बुर्किना फासो वायु सेना को तितर-बितर करने के लिए एक साथ आठ इलाकों पर हमला किया था।

**जिबो में हुआ मुख्य हमला**-ढ्ढक्क के मुताबिक, आतंकियों ने मुख्य हमला जिबो में किया। उन्होंने वहां पर सैन्य शिविरों और रूप से आतंकवाद निरोधी यूनिट के कैंप पर हमला करने से पहले शहर के सभी एंट्री गेट्स पर कंट्रोल हासिल कर लिया था। बता दें कि इससे पहले भी जिबो शहर पर हमला हुआ था। लेकिन तब सुरक्षा बलों ने चरमपंथियों को सफलतापूर्वक बाहर खदेड़ दिया था।

## पहलगाम आतंकी हमला- सुरक्षा एजेंसियों ने जारी किया 3 पाकिस्तानी गुनहगारों का पोस्टर

**नई दिल्ली।** पिछले महीने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले करने वाले गुनहगारों को अभी तक पकड़ा नहीं जा सका है. अब सुरक्षा एजेंसियों ने पहलगाम हत्याकांड के लिए जिम्मेदार तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों के पोस्टर जारी किए हैं.

शोपियां जिले के कई इलाकों में पोस्टर लगाए गए हैं. पहलगाम आतंकी हमले में शामिल लोगों की जानकारी देने वाले को 20 लाख का इनाम देने का ऐलान किया गया है. इसके साथ ही यह भी कहा गया है कि हमलावरों के बारे में जानकारी देने वालों की पहचान को गुप्त रखा जाएगा.

**पर्यटकों को बनाया गया निशाना**-पिछले महीने पहलगाम के बैसरान घाटी में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी, जबकि 17 लोग घायल हो गए हैं. आतंकियों ने टूरिस्ट को निशाना बनाया था. दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में बुधवार सुबह से सेना से लेकर एनआईए, पुलिस और अन्य एजेंसियां एक्टिव किए गए.




**किस भाषा में बोल रहे थे आतंकी**-सूत्रों के अनुसार, बेसरान हमले में शामिल दो स्थानीय आतंकियों की पहचान हुई है. हमले में दो पाकिस्तानी आतंकी भी शामिल हैं. इन आतंकियों ने 15 से 20 मिनट तक लगातार ्रद्म-47 से फायरिंग की. हमला करने वाले दो आतंकी पश्तून भाषा में बात कर रहे थे, जिससे स्पष्ट होता है कि वे पाकिस्तानी नागरिक हैं. दो स्थानीय आतंकियों की पहचान भी हुई है. इनके नाम आदिल अहमद ठाकुर और आशिफ शेख बताए गए हैं.

**स्थानीय आतंकी भी लश्कर और जैश से जुड़े**-सूत्रों के मुताबिक, आदिल ठाकुर लश्कर-ए-तैयबा (रुद्गञ्ज) से जुड़ा हुआ है और जम्मू-कश्मीर के गुरी, बिजबेहड़ा का रहने वाला है. जबकि आशिफ शेख का कनेक्शन जैश-ए-मोहम्मद (छ्वद्गरू) से है और वो मोंघामा, मीर मोहल्ला (त्राल) का निवासी है. हमले के वक्त एक से दो आतंकियों ने बॉडी कैमरा पहन रखा था और उन्होंने पूरे हमले को रिकॉर्ड किया.

## कश्मीर के शोपियां में लश्कर चीफ समेत तीन आतंकी ढेर

**जम्मू, देशबन्धु।** दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के केलर के शुकरू वन क्षेत्र में मंगलवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा प्रमुख दो अन्य आतंकवादियों के साथ मारा गया।

एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि कुछ आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष जानकारी मिलने के बाद केल्लर के जंगलों में बड़े पैमाने पर घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया गया था। जैसे ही पुलिस और सेना की टीम ने तलाशी अभियान शुरू किया, छिपे हुए आतंकवादियों ने पार्टी पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे मुठभेड़ शुरू हो गई। और फिर गोलीबारी के दौरान लश्कर के तीन आतंकवादी मारे गए। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में लश्कर के आपरेशनल चीफ कमांडर शाहिद कुट्टे दो अन्य के साथ मारा गया है। सूत्रों ने बताया कि शोपियां के चोटीपोरा हीरपोरा का निवासी शाहिद मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में से एक था, जो 8 मार्च, 2023 को आतंकी रैंकों में शामिल हुआ था और कई आतंकी मामलों में शामिल था। वह 8 अप्रैल, 2024 को डेनिश रिसार्ट पर गोलीबारी की घटना में शामिल था, जिसमें दो जर्मन पर्यटक और ड्राइवर घायल हो गए थे। वह बेगबाग कुलगाम में एक भाजपा सरपंच और टीए कर्मी की हत्या में भी शामिल था। दूसरे आतंकवादी की पहचान अदनान शफी डार पुत्र मोहम्मद शफी डार निवासी वंडुना मेलहोरा के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि तीसरे की पहचान की जा रही है। इससे पहले, शुकरू के जंगलों में सुरक्षा बलों को एक विशेष इनपुट मिलने के बाद वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई थी।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**अपनी तीन मासूम.....**

पहुंचाने की पहले खुशबू की भी सांसे थम गई। जिला अस्पताल में डॉक्टर द्वारा जांच उपरांत उसे भी मृत घोषित कर दिया गया। विनोद जाट मूल रूप से हरियाणा का निवासी है जो वहां पर ट्रक चलाता था कुछ दिन पहले हुआ है अपने साली की शादी में अपनी ससुराल दमोह जिले के मोहराई गांव आया हुआ था। माना जा रहा है कि ससुराल में किसी पारिवारिक विवाद के चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाया तथा अपने साथ अपनी बेटियों को भी मौत के मुंह में धकेल दिया। बताया जा रहा है कि 25 अप्रैल को विनोद हरियाणा से अपने साले की शादी में ससुराल मुहरई आया था। वही उसकी पत्नी इसके पहले 11 अप्रैल को अपने मायके आ गई थी। विनोद की शराब की आदत की वजह से उसकी आए दिन पत्नी से विवाद होता रहता था। बीती रात भी वाद विवाद के बाद अब गुस्से में भरा हुआ था। बताया जा रहा है सुबह वह अपनी तीनों बेटियों को समोसा खिलाने के लिए ले गया था जहां उसने बियर में कोल्ड ड्रिंक के साथ जहरीला पदार्थ मिलाकर बेटियों को पिलाया तथा खुद भी सेवन कर लिया। घटनास्थल पर बियर तथा कोल्ड ड्रिंक की बोतल पड़े होने की जानकारी सामने आई। फिलहाल पुलिस प्रशासनिक अधिकारी जांच में जुटे हुए हैं। शवो को पीएम के लिए हटा भेज दिया गया है। जहां आवश्यक कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए।


### न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

सार्वजनिक उद्घोषणा

रा.मा.क्र. 05 / अ- 20 (1) /2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार म.प्र. निर्वर्तन निर्देश 2020 के तहत स्थायी पट्टाधिकार को भूमिस्वामी हक में संपरिवर्तन हेतु प्रकरण इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 26/05/2025 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिए गए हों या वैद्य प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावे/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अनुसूची

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विधमान अभिलेख में अंकित धारक/धारकों का नाम/पिता/माता/पिता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 12 | कंदेली | 10/2 | 3787 वर्गफुट | श्रीमति अमोद पति स्व. सत्येन्द्र सिंह,निशांत सिंह,निधि राजदीप धेरू पिस.सत्येन्द्र सिंह पटैल सा. कंदेली | श्रीमति अमोद पति स्व.सत्येन्द्र सिंह, निशांत सिंह, निधि राजदीप धेरू पिस. सत्येन्द्र सिंह पटैल सा. कंदेली |

आज दिनांक- 9/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

### निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

In The Court of XX, Civil Judge Class-II, District Court, Jabalpur presiding Officer:
श्रीमती प्राची सिंह पटैल
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/ 0000483/2022)
अमर पटेल...........वादी
Vs
कोमल सिंह वर्मा .....प्रतिवादी
Process Id-/2025
पेशी दि.:-18/06/2025

प्रेषिती-(1) आम जनता पता- जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी अमर पटेल ने आपके विरूद्ध सिविल सूट ए दावा वास्ते स्थायी निषेधाज्ञा हेतु घोषणा हेतु मूल्यांकन 5000 रूपए किया जाकर उस पर निश्चित न्याय शुल्क 1000 रूपए स्थायी निषेधाज्ञा हेतु कीमत 1000 रूपए किया जाकर उस पर 120 रूपए न्याय शुल्क विधि अनुसार चस्पा के लिये वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 02 मई 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी- प्रकाशन एवं उपस्थिति हेतु नोटिस के साथ दावा वास्ते स्थायी निषेधाज्ञा हेतु घोषणा हेतु मूल्यांकन 5000 रूपए किया जाकर उस पर निश्चित न्याय शुल्क 1000 रूपए स्थायी निषेधाज्ञा हेतु कीमत 1000 रूपए किया जाकर उस पर 120 रूपए न्याय शुल्क विधि अनुसार चस्पा की छायाप्रति संलग्न है।

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(श्रीमती प्राची सिंह पटैल)
20 वां व्यवहार न्यायाधीश (कनिष्ठ खण्ड), जबलपुर (म.प्र.)
र.नं. 413

In The Court of IV, Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur presiding Officer: संध्या गर्ग
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रं.
(MJC SUC/ 0000062/2025)
आशुतोष पासी ...........आवेदक
Vs
प्रबंधक महोदय, भारतीय जीवन बीमा निगम .....अनावेदक
Process Id-/2025
पेशी दि.:-23/06/2025

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता- जबलपुर मध्यप्रदेश।
(2) आम जनता।

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक आशुतोष पासी पता ने मृतक स्व. श्री देवेन्द्र बावरिया निवासी म.नं. 1039, एसटी नं. 21 सदर केन्ट, जबलपुर (म.प्र.) की एसआईसी पॉलसी नं. 35621059, 356210458, 75,000रू. + 75,000 रू. = 150,000 रूपये राशि / संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 23 जून 2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक होने सम्बंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 23 जून 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 09 मई 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी- प्रकाशन व उपस्थिति हेतु नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 की छायाप्रति संलग्न है।

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(संध्या गर्ग)
चतुर्थ सिविल न्यायाधीश (वरिष्ठ खण्ड) जबलपुर (म.प्र.)
र.नं. 412

### न्यायालय नायब तहसीलदार पनागर जिला जबलपुर

रा.प्र.क्र./2259/अ-6/24-25

आम इश्तहार

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती रागिनी कटारिया पिता/पति रामाधार कटारिया निवासी सिविल लाईन जबलपुर ने ग्राम घाना प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. .... स्थित भूमि खसरा नं. 256 रकवा 0.040 हे. में से रकवा 660 व.फु. भूमि का विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है। अतः उक्त भूमि के नामांतरण/ बटवारा में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति इश्तहार प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अंदर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में पेश कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। इश्तहार आज दिनांक 05/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सुनवाई दिनांक-22/05/2025

नायब तहसीलदार पनागर
र.नं. 414

### न्यायालय नायब तहसीलदार पनागर जिला जबलपुर

रा.प्र.क्र./2264/अ-6/24-25

आम इश्तहार

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक चन्द्रभान, जगन्नाथ सिंह पिता जगन्नाथ सिंह धानुक निवासी सिविल लाईन जबलपुर ने ग्राम घाना प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. पनागर स्थित भूमि खसरा नं. 256 रकवा 0.0400 हे. में से रकवा 660 व.फु. भूमि का विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है। अतः उक्त भूमि के नामांतरण/ बटवारा में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति इश्तहार प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अंदर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में पेश कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। इश्तहार आज दिनांक 07/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सुनवाई दिनांक-22/05/2025

नायब तहसीलदार पनागर
र.नं. 414

### कार्यालय नगर पालिक निगम सिंगरौली, जिला सिंगरौली (म.प्र.)

क्रमांक / 795/ई-टेण्डरिंग/2025-26 सिंगरौली, दिनाक: 13/05/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | टेण्डर जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि | कार्य लागत | निविदा प्रपत्र मूल्य | निविदा प्रपत्र ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 421426 | 5/5/2025 | Maintenance of various comers of culvert and RCC, drain at Ward No.401 | 2 Months | 573,342 | 2,000 | 11,467 | 19-05-2025 |
| 2 | 421427 | 5/5/2025 | [Gaurav Diwas 2025 LED Setup and Video Live at Various Plases) | 4 Days | 463,000 | 2,000 | 9,260 | 19-05-2025 |
| 3 | 471593 | 8/5/2025 | (Providing of Crackers, Deep with Oil and Rul Battl for Nagar Garav Diwas 2025 on 27-05-2025) | 4 Days | 446,000 | 2,000 | 8,930 | 22-05-2025 |
| 4 | 426409 | 8/5/2025 | Arrangement of firewood for Cremation] | 12 Months | 2,730,000 | 2,000 | 54,600 | 9-Jun-2025 |
| 5 | 421625 | 8/5/2025 | [Electric Fitting and Wiring for Samudayik Bhawan Ward No.15] | 1 Month | 237,111 | 2,000 | 4,742 | 9-Jun-2025 |
| 6 | 421652 | 8/5/2025 | Construction Of WBM Road From Tiwari Ji House to Sita Khainwar House and Agrasen Patel House to Devesh Pandey House at Ward No 40 2nd Calll. | 2 Months | 1,041,348 | 2,000 | 20,827 | 22-05-2025 |
| 7 | 421673 | 8/5/2025 | (Construction Of WBM Road at Ward No 45 From Ramnayn Sahu House Sunil Kumar House II call) | 2 Months | 1,613,842 | 2,000 | 32,277 | 22-05-2025 |
| 8 | 421696 | 8/5/2025 | (Selection of Agency for conducting Solid Waste Management Activities and creating awareness to make) | 12. Months | 9,884,089 | 10,000 | 98,841 | 9-Jun-2025 |
| 9 | 421775 | 8/5/2025 | (Construction of WBM Road from Ramnivashale Seket via Ramlallu and Seetasaran house at Ward no.29 II call) | 2 Months | 1,574,064 | 2,000 | 31,481 | 22-05-2025 |
| 10 | 421789 | 8/5/2025 | (Construction of WBM Road from Gupta Misthan Bhandar to OHT at Ward No. 28 lind II Call) | 2 Months | 1,966,500 | 2,000 | 39.330 | 22-05-2025 |
| 11 | 421876 | 8/5/2025 | (Construction of PCC Drain at various places of ward no.39) | 2 Months | 609,071 | 2,000 | 12,061 | 22-05-2025 |
| 12 | 421891 | 8/5/2025 | (Construction of Hume Pipe NALA from Main Road to Kachan River Naugarh at Ward no.45 it II call) | 3 Months | 3,758,800 | 5,000 | 50,000 | 22-05-2025 |
| 13 | 421900 | 8/5/2025 | (Garding of roof at rain basera busstand at ward no. 40) | 1 Month | 161,670 | 1,000 | 3,233 | 22-05-2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संसोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

Executive Engineer
Muncipal Corporation Singrauli

### कार्यालय नगर पालिका परिषद् धनपुरी जिला- शहडोल (म.प्र.)

क्रमांक/न.पा. /भण्डार/2025-26/287 धनपुरी दिनांक - 07.05.2025

ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक एवं टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 261-DATE-05-05-2025 2025_UAD_421455_1 | Construction of CC Road at ward no 01 adarsh colony rohinl pandey house to sahu house. | 45 दिवस 12.90 लाख | 2000/- एवं 9700/- | 06.06.2025 05:30 PM |
| 2 | 260-DATE-05-05-2025 2025_UAD_421454_1 | Construction of RCC Covered Drain at ward no 01 tahseel colony ricky dua house to shiv mandir. | 45 दिवस 06.77 लाख | 2000/- एवं 6770/- | 20.05.2025 05:30 PM |
| 3 | 259-DATE-05-05-2025 2025_UAD_421453_1 | Construction of CC Road at ward no 01 father vargis house to Gopalpur road. | 45 दिवस 4.13 लाख | 2000/- एवं 4130/- | 20.05.2025 05:30 PM |
| 4 | 258-DATE-05-05-2025 2025_UAD_421452_1 | Construction of CC Road and RCC Drain at ward no 01 near Suneel singh house. | 45 दिवस 4.18 लाख | 2000/- एवं 4810/- | 20.05.2025 05:30 PM |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद धनपुरी, जिला- शहडोल म.प्र.

### कार्यालय कृषि यंत्री अभियांत्रिकी संभाग जबलपुर

निविदा विज्ञप्ति (द्वितीय निविदा आमंत्रण)

हाउसकीपिंग एवं केन्द्र प्रबंधन कार्य हेतु पंजीकृत संस्थाओं से निविदा आमंत्रित करने बावत

क्रमांक/ई-5/स्था./2025-26/684 जबलपुर दिनांक-09 मई 2025

संभागीय कार्यालय कृषि यंत्री कृषि अभियांत्रिकी संभाग जबलपुर (म.प्र.) के केंद्र का नाम- कौषल विकास प्रशिक्षण अंतर्गत हाउसकीपिंग एवं केन्द्र प्रबंधन कार्य हेतु एक वर्ष की अवधि के लिये मेस संचालन हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य तथा संस्थाओं की पात्रता का पूर्ण विवरण ई.ओ.आई. प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

| निविदा क्रमांक | विवरण | निविदा प्रपत्र जारी/क्रय करने की प्रारंभ तिथि | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये | धरोहर राशि रूपये | निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 687 | संभागीय कार्यालय कृषि यंत्री कृषि अभियांत्रिकी संभाग जबलपुर के अधीन स्थित कौषल विकास प्रशिक्षण अंतर्गत हाउसकीपिंग एवं केन्द्र प्रबंधन कार्य हेतु निविदा आमंत्रण | 14 मई 2025 | 2000/- | 100000/- | 04 जून 2025 |

1. इच्छुक व्यक्ति निविदा प्रपत्र तथा निविदा की शर्तों की प्रति संभागीय कृषि यंत्री कृषि अभियांत्रिकी संभाग व्हीकल फेक्ट्री रोड अधारताल जबलपुर (म.प्र.) 482004 कार्यालय से दिनांक 14.5. 2025 से निर्धारित मूल्य रू. 2000 का नगद भुगतान प्राप्त कर सकते हैं। 2. निविदा का अनुमानित मूल्य राशि रूपये 25 लाख (राशि रूपये पच्चीस लाख) वार्षिक है।

कृषि यंत्री,
कृषि अभियांत्रिकी संभाग जबलपुर

G-12821/25 स्वच्छता ही सेवा

# देश-प्रदेश

उवाच

## ट्रंप के दबाव में युद्ध विराम किया : संजय सिंह

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप)के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव में आकर युद्धविराम करने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मंगलवार को कई सवाल किए। श्री सिंह ने आज कहा, एक सौ 40 करोड़ हिन्दुस्तानियों के मन में सवाल है कि क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति के व्यापार बंद करने की धमकी के नाम भारत की संप्रभुता, स्वाभिमान और सम्मान के साथ समझौता कर लिया? पहलगाम में हमारी बहनों के सिंदूर उजाड़े गए, उसमें पाकिस्तान के चार आतंकवादियों का नाम आया।



# मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर दिया विवादित बयान

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित बयान दिया है। मंत्री शाह के बयान को लेकर राजनीति गर्मा गई है। उनके इस बयान को लेकर जहां कांग्रेस ने जहां आपत्ति जताई है, वहीं भाजपा द्वारा भी इस मामले में उन्हें फटकार लगाने की बात सामने आई है।

दरअसल प्रदेश की भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह ने मानपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित बयान दे डाला। मंत्री शाह ने पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए कहा, जिन आंतकियों ने पहलगाम में लोगों को मारा, उनके कपड़े उतरवाए, उन आंतकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा। मंत्री शाह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हीं की बहन को भेजकर उनकी ऐसी-तैसी करवाई।

आपको बता दें कि भारत द्वारा पाकिस्तान के आंतकी ठिकानों को तबाह करने के बाद हुए पत्रकार वार्ता में ऑपरेशन सिंदूर की ब्रीफिंग कर्नल सोफिया कुरैशी के साथ विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने की थी। उनकी इस बयान को लेकर मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। मंत्री विजय शाह के बयान पर विपक्ष ने भाजपा के साथ ही आरएसएस को भी घेर लिया है।



## कांग्रेस ने मंत्री पद से हटाने की मांग की

मंत्री शाह के बयान को लेकर कांग्रेस ने तीखा हमला बोला है, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस मामले में प्रतिक्रिया देते हुए, प्रधानमंत्री मोदी से मंत्री शाह को बर्खास्त करने की मांग की है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट किया कि भाजपा की मध्यप्रदेश सरकार के एक मंत्री ने हमारी वीर बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में बेहद अपमानजनक, शर्मनाक और ओछी टिप्पणी की है। पहलगाम के आतंकी देश को बांटना चाहते थे, पर आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने में पूरे 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान देश एकजुट था। खड़गे ने आगे लिखा कि भाजपा-आरएसएस की मानसिकता महिला विरोधी रही है। पहले पहलगाम में शहीद नौसेना अधिकारी की पत्नी को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया। फिर विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री की बेटी को तंग किया और अब भाजपा के मंत्री हमारी वीरांगना सोफिया कुरैशी के लिए ऐसी अभद्र टिप्पणी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तुरंत ऐसे मंत्री को बर्खास्त कर देना चाहिए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी शाह के बयान की कड़ी निंदा की है, उन्होंने कहा कि- जब पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है, तब भाजपा का एक वरिष्ठ मंत्री इस तरह की घृणित टिप्पणी कर रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि प्रधानमंत्री जहां सेना को सम्मान दे रहे हैं, वहीं उनकी पार्टी का मंत्री किसकी 'बहन' भेजने की बात कर रहा है-क्या यह टिप्पणी आतंकवादियों को लेकर थी? पटवारी ने मांग की कि विजय शाह को तत्काल मंत्री पद से हटाया जाए और भाजपा यह स्पष्ट करे कि यह विचार व्यक्तिगत हैं या पार्टी की सोच को दर्शाते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव से भी इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।

भाजपा ने शाह को किया तलब, बोले-

## 10 बार माफी मांगने के लिए तैयार

मंत्री शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर दिए गए बयान पर भाजपा संगठन ने नाराजगी जाहिर करते हुए तत्काल प्रदेश मुख्यालय तलब किया और उन्हें जमकर फटकार लगाई। श्री शाह पहले प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा मिले बाद में उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा से मुलाकात कर अपनी सफाई पेश की और खेद जताया। सूत्रों का कहना है कि पार्टी इस मामले को गंभीरता से ले रही है, क्योंकि यह सेना और महिला सम्मान से जुड़ा मुद्दा है। पार्टी नेतृत्व नहीं चाहता कि यह विवाद 2023 की तरह बढ़े, जब शाह को एक अन्य विवादित बयान के बाद इस्तीफा देना पड़ा था। वहीं मीडिया से चर्चा में मंत्री शाह ने कहा कि उनका इरादा किसी का अपमान करने का नहीं था और यदि उनके बयान से किसी को ठेस लगी हो तो वे 10 बार माफी मांगने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि वे सेना और कर्नल सोफिया का सम्मान करते हैं। मंच से दिए गए अपने बयान को उन्होंने भावनात्मक प्रतिक्रिया बताते हुए कहा कि यदि उनके शब्दों से किसी धर्म या व्यक्ति को ठेस पहुंची हो तो वह इसके लिए क्षमाप्रार्थी हैं।

# पतंजलि संस्थान ने केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान को भेंट की मृदा परीक्षण की ऑटोमेटेड मशीन 'धरती का डॉक्टर'

**राष्ट्रीय/ हरिद्वार,।** पतंजलि संस्थान द्वारा आचार्य बालकृष्ण जी के मार्गदर्शन में केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान को मृदा परीक्षण की ऑटोमेटेड मशीन 'धरती का डॉक्टर' उपहार स्वरूप भेंट की गई। इस मशीन के प्रयोग से न केवल किसानों को अपनी कृषि भूमि की मिट्टी की जांच करने में सहायता मिलेगी, अपितु साथ ही जैविक एवं रासायनिक खेती हेतु आवश्यक उर्वरक प्रयोग के लिए सुझाव भी प्राप्त किए जा सकेंगे।

इस अवसर पर भरूआ एग्री साइंस के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण ने बताया कि मृदा परीक्षण मशीन 'धरती का डॉक्टर' को पहले ही भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान द्वारा प्रमाणन-पत्र प्रदान किया जा चुका है। इस मशीन के माध्यम से मृदा स्वास्थ्य के 12 आवश्यक मानकों का परीक्षण किया जाता है जिसमें मुख्य पोषक तत्व उपलब्ध नाइट्रोजन, फास्फोरस व पोटाश एवं गौण पोषक तत्व बोरॉन, आयरन, जिंक, कॉपर एवं मैंगनीज सम्मिलित हैं। इस मशीन को भारत सरकार द्वारा पेटेंट तथा सीई-सर्टिफिकेट प्राप्त है। उन्होंने बताया कि इस मशीन को पतंजलि के वैज्ञानिकों द्वारा वर्षों के व्यापक शोध के बाद विकसित किया गया है जो किसानों के लिए वरदान है। आचार्य ने बताया कि इस मशीन के द्वारा सरल विधियों से फसलानुसार उर्वक संस्तुतियाँ रासायनिक, जैविक एवं मिश्रित तीनों प्रकार से प्राप्त की जा सकती हैं।



कार्यक्रम में केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. राजेंद्र कुमार यादव ने कहा कि- धरती का डॉक्टर देश के किसानों तथा भारत सरकार की मृदा स्वास्थ्य योजना के लिए बड़ी उपयोगी मशीन साबित होगी। उन्होंने कहा कि हमारा स्वास्थ्य धरती के स्वास्थ्य के साथ जुड़ा है। मृदा स्वास्थ्य के लिए 12 पैरामीटर्स हैं जिनके आधार पर मिट्टी की गुणवत्ता निर्धारित की जाती है। हमारी टीम ने इस मशीन पर गहन परीक्षण किया जिसमें पाया गया कि यह देश की ऐसी पहली मशीन है जिसके द्वारा सभी 12 पैरामीटर्स की सटीक जाँच की जा सकती है।

इस अवसर पर पतंजलि संस्थान के डॉ. अशोक मेहता ने उपस्थित सभी वैज्ञानिकों का ध्यान पतंजलि संस्थान के द्वारा किसानों के लिए किये जाने वाले निरन्तर प्रयासों की तरफ आकर्षित किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान की ओर से डॉ. अरविंद कुमार राय, डॉ. एस.के. सनवाल, डॉ. सतेंद्र कुमार, डॉ. पारुल सुंधा, डॉ. प्रियंका चन्द्रा, विभिन्न विभागों विभागाध्यक्ष एवं पतंजलि संस्थान की ओर से डॉ. अशोक मेहता, विक्रांत वर्मा, डॉ. अशुतोष गुप्ता, अशोक कुमार, शिवम कुमार उपस्थित थे।

## त्रिपुरा में बारिश, तूफान से हजारों लोग बेघर

**अगरतला, एजेंसी।** त्रिपुरा में मानसून से पहले की बारिश, तूफान और तेज हवाओं ने पिछले दो दिनों में राज्य में कहर बरपाने से 1,000 से अधिक लोग बेघर हो गए और 1,835 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। राज्य आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार राज्य के आठ जिलों में से पश्चिमी त्रिपुरा जिला सबसे बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। भारी बारिश और आंधी-तूफान के कारण पश्चिम जिले के मोहनपुर में 51 घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए, 614 घरों का भारी नुकसान पहुंचा और 1145 घरों को आंशिक रूप से क्षति पहुंची है। इस बीच जिला प्रशासन ने चार राहत शिविर भी खोले हैं तथा अखिलचेर्रा इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल में 153 परिवारों के 455 लोगों को, सांखला एसबी स्कूल में 68 परिवारों के 175 लोगों को, चंडीचेर्रा एसबी स्कूल में 49 परिवारों के 150 लोगों को तथा गायमनी इंग्लिश मीडियम जेबी स्कूल में 65 परिवारों के 211 लोगों को आश्रय दिया है।



## पचमढ़ीवासियों ने मुख्यमंत्री का आभार माना

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से विधायक पिपरिया ठाकुरदास नागवंशी के नेतृत्व में पचमढ़ीवासियों ने मंत्रालय में भेंट की।

उन्होंने पचमढ़ी नगर की नजूल भूमि को अभयारण्य की सीमा से पृथक करने के निर्णय के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार माना। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव पुष्प-गुच्छ और पुष्पहार से अभिवादन किया। इस अवसर पर पूर्व साडा अध्यक्ष श्री कमल धूत और श्री नवनीत नागपाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि साथ थे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में 6 मई को हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में इस आशय का निर्णय लिया गया था।

मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# विमुक्त और घुमन्तु समुदाय की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करें

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्ध घुमन्तु समुदायों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करें। समुदाय के अनेक विद्यार्थियों ने लोक सेवा आयोग जैसी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में इनका निवास है। इनकी पुरानी पृष्ठभूमि अथवा पूर्व धारणा के आधार पर इन जातियों के सभी लोगों को अपराधी ना माना जाए। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में भी जातिगत संबोधन से संबोधित ना किया जाए। अपराधियों की जानकारी में जातियों का उल्लेख नहीं किया जाए। इस तरह की असम्मानजनक शब्दावली से बचा जाना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समत्व भवन में विभाग की बैठक में इस संबंध में निर्देश दिए।

बैठक में अन्य पिछड़ा वर्ग के संचालित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं और सामुदायिक विकास कार्यक्रमों पर भी चर्चा की गई। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) डॉ. राजेश राजौरा, आयुक्त अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण सौरभ सुमन तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिला स्तर पर पुलिस प्रशासन द्वारा इन जातियों के ऐसे लोगों को अपराधों से विमुख करने के लिए प्रयास किया जाए जो विभिन्न कारणों से अपराधों से जुड़ जाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजगढ़ जिले में पुलिस प्रशासन द्वारा सांसी जाति के कल्याण के लिए किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने विभिन्न छात्रवृतियों की राशि शैक्षणिक सत्र के दौरान ही वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



- पुनर्वास कार्यों को दें प्राथमिकता
- वक्फ सम्पत्तियों के डिजिटलाइजेशन में मध्यप्रदेश बन रहा है मॉडल

विभागीय मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि प्रदेश में पहली बार अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रावासों में मेस संचालन शुरू होगा। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि दिल्ली छात्र गृह योजना में वर्तमान में स्वीकृत 50 सीट की वृद्धि कर 150 सीट किया जाना प्रस्तावित किया गया है।

राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने बताया कि प्रदेश की वक्फ समितियों का डिजिटलाइजेशन राजस्व विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश वक्फ समितियों के डिजिटलाइजेशन सहित अन्य कार्यों में मध्यप्रदेश मॉडल के रूप में कार्य कर रहा है। बैठक में प्रमुख सचिव ई. रमेश कुमार और संचालक नीरज वरिष्ठ ने अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण के विद्यार्थियों के लिए छात्रावासों के निर्माण, छात्रवृत्ति राशि के वितरण और अन्य योजनाओं की जानकारी दी।

आपदाओं के कारण लोगों को झेलनी पड़ी परेशानी

# भारत में 54 लाख लोगों का हुआ विस्थापन

- पिछले 12 वर्षों में है सबसे बड़ा आंकड़ा
- बाढ़ की वजह से सबसे अधिक विस्थापन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में साल 2024 में बाढ़, तूफान और अन्य आपदाओं के कारण 54 लाख लोगों को अपने घरों से विस्थापित होना पड़ा, जो 12 वर्षों में सबसे बड़ा आंकड़ा है। जिनेवा स्थित आंतरिक विस्थापन निगरानी केंद्र (आईडीएमसी) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में बताया गया है कि देश में हिंसा के कारण केवल 1,700 लोग विस्थापित हुए, जो 2023 की तुलन में कम हैं, जब मणिपुर में जातीय हिंसा शुरू हुई थी। मणिपुर में घरों को जलाने सहित अन्य हिंसक घटनाओं के कारण 2024 में 1,000 लोगों को विस्थापित होने के लिए मजबूर होना पड़ा। इसमें बताया गया है कि भारत में दो-तिहाई विस्थापन बाढ़ की वजह से हुए। जलवायु परिवर्तन, जंगलों की कटाई, मिट्टी का कटाव और बांध व तटबंधों की देखभाल की कमी को विस्थापन के बड़े कारण बताया गया है। असम में साल 2024 में 25 लाख लोगों का आंतरिक विस्थापन हुआ, जो कि पिछले एक दशक की सबसे खौफनाक बाढ़ का नतीजा था। तूफानों के कारण 16 लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा। इसमें बड़े चक्रवात भी शामिल हैं। पश्चिम बंगाल में चक्रवात 'रेमल' से 2.08 लाख लोग विस्थापित हुए। यह चक्रवात 24 मई 2024 को बंगाल की खाड़ी में बना था। जैसे ही रेमल उत्तर की ओर बढ़ा, इसने ब्रह्मपुत्र और उसकी सहायक नदियों को उफान पर ला दिया, जिससे असम में करीब 3.38 लाख लोग विस्थापित हुए। त्रिपुरा ने 2024 में पिछले 40 वर्षों की सबसे खराब मानसून बारिश झेली। भारी बारिश के कारण अगस्त के मध्य में 2,000 से ज्यादा जगहों पर भूस्खलन हुए, जिससे 3.15 लाख लोगों को अपनी जगह छोड़नी पड़ी।


**नाम सुधार सूचना**

पेश करने वास्ते- भारतीय जीवन बीमा निगम, शाखा शा.क्र. 1 जिला जबलपुर

मैं संजय पटेल पिता श्री आनंदी पटेल, निवासी- ग्राम जमुनिया, पोस्ट गदर, पिपरिया, शहपुरा, जिला जबलपुर म.प्र. का शपथपूर्वक नि.लि. कथन करता हूँ किः- 1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ। 2. यह कि मैं एल.आई.सी. पॉलिसी 372974942 का धारक हूँ। यह कि उपरोक्त पॉलिसी में मेरा नाम संदीप कुमार पटेल (SANDEEP KUMAR PATEL) दर्ज है जो कि मेरा घरेलू नाम है। 4. यह कि मेरे आधार कार्ड, मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम संजय पटेल (SANJAY PATEL) दर्ज है जो कि सही है। 5. यह कि कर्नाटका बैंक लिमिटेड, शाखा जबलपुर म.प्र. खाता क्रमांक 3692500100063501 में मेरा नाम संजय पटेल (SANJAY PATEL) दर्ज है। 6. यह कि संजय पटेल (SANJAY PATEL) व संदीप कुमार पटेल (SANDEEP KUMAR PATEL) दोनों नाम मेरे अर्थात एक ही व्यक्ति के नाम हैं। जिस वास्ते यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**नाम सुधार सूचना**

मैं, सुब्रत कुमार कार पिता स्व. श्री सुनील कुमार कार निवासी बी-415, कटारिया थीम पार्क, तिलहरी, बिलहरी, जबलपुर म.प्र. का स्थाई निवासी हूं, मेरे पासपोर्ट क्रमांक एम 8711170 में मेरा नाम त्रुटिवश SUBRAT KAR दर्ज हो गया है जो की गलत व असत्य नाम है जबकि मेरा सही व सत्य नाम SUBRAT KUMAR KAR है जो की मेरे आधार कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस एवं पेनकार्ड में दर्ज है। मेरा सही व सत्य नाम SUBRAT KUMAR KAR को मेरे पासपोर्ट क्रमांक एम 8711170 में दर्ज करने बावत् शपथ पत्र प्रस्तुत है। शपथ पत्र दिनांक 09/05/2025 समक्ष पब्लिक नोटरी रामदास शर्मा मप्र उच्च न्यायालय जबलपुर

सत्य नाम
SUBRAT KUMAR KAR
असत्य नाम
कृति SUBRAT KAR

**In The Court Of VIII Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur**

Presiding Officer: अंकिता शाही
आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/0000040/2025)
कांतिदेवी पांडे......................आवेदक
Vs
आम जनता..............अनावेदक
Process Id-/2025
पेशी दिनांक - 23/06/2025

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता- जबलपुर म.प्र.
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कांतिदेवी पांडे पता ने मृतक 1. त्रियुगीनाथ पांडे, 2. भास्करनाथ पांडे निवासी देवीगढ़ बेनती, कुंडा प्रतापगढ़ उत्तरप्रदेश की श्रीमान शाखा प्रबंधक महोदय, पंजाब नेशनल बैंक, शाखा सदर बाजार जबलपुर में जमा राशि प्राप्ति राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इसे न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 23 जून 2025 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 23 जून 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 09 मई 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा-
टिप्पणीः-प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 हिन्दु उत्तराधिकार नियम 1956 वास्ते उत्तराधिकारी की घोषणा बावत की छायाप्रति संलग्न
कृपया ध्यान दें:
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(श्रीमती अंकिता शाही)
अष्टम सिविल न्यायाधीश (वरिष्ठ खण्ड)
र.नं. 403 जबलपुर (म.प्र.)

**आम जनता**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार विमल रजक पिता श्री राजू रजक निवासी- म.नं. 1036 सीता राम बिल्डिंग के पीछे, आई.टी.आई. माढ़ोताल, जबलपुर (म.प्र.) के द्वारा श्रीमति जान्हवी शुक्ला पति श्री के.के. शुक्ला निवासी- 24/3, प्रभात कॉलोनी विवेकानंद वार्ड, जबलपुर (म.प्र.) वालों से उनकी स्वअर्जित भूमि (प्लॉट) मौजा रिमझा, प.ह.नं. 26, नं.बं. 397 तह. आधारताल जिला जबलपुर में स्थित भूमि ख.नं. 121/2 का रकवा 20 फुट वाई 65 फुट कुल 1300 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का अनुबंध कर लिया गया है। जिसकी रजिस्ट्री निकट भविष्य में होना संभावित है। उक्त भूमि/प्लॉट के संबंध में यदि किसी भी शासकीय, अशासकीय संस्था, बैंक व्यक्ति को कोई भी आपत्ति भी आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन से एक सप्ताह के अन्दर अनुबंधित भूमि के हक संबंधी दस्तावेज लेकर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करवाये। उसके पश्चात कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी।

स्थान- जबलपुर
दिनांक- 13.05.2025
नीरज कुमार जैन
अधिवक्ता
निवास- 983 शक्तिनगर गुप्तेश्वर रोड जबलपुर, म.प्र.
र.नं. 400 मो.नं. 7489133397

**न्यायालय नायब तहसीलदार पनागर वृत्त पनागर जबलपुर**
रा.प्र.क्रं. 2823/अ-6/2025 -26
**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक विकास कुर्मी पिता श्रीचमनलाल कुर्मी निवासी ग्राम इमलई तहसील पनागर जबलपुर के द्वारा ग्राम इमलई प.ह.नं. 30 रा.नि.मं. बरौदा स्थित भूमि खसरा नं. 274, 363 रकवा 0.220 एवं 0.100 हे. वसीयत/बटवारा के आधार पर नामांतरण बंटवारा/ अभिलेख दुरुस्ती/रकवा सुधार/ नक्शा बटांक हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है। अतः उक्त भूमि के नामांतरण बंटवारा/ अभिलेख दुरुस्ती/ रकवा सुधार/ नक्शा बटांक जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति दैनिक समाचार में इश्तहार प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अंदर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में पेश कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

नायब तहसीलदार
र.नं. 408 पनागर

**नाम परिवर्तन**

मैं, प्रदीप चौहान आत्मज पवन कुमार (Pardeep Chauhan S/o Pawan Kumar) निवासी क्वार्टर नं. 22/8, टाईप-।। ईस्टलैंड खमरिया, जबलपुर (म.प्र.) 482005 सर्व साधारण को सूचित कर रहा हूं कि मैंने अपने नाबालिग पुत्र भानुप्राण सिंह चौहान एवं भानुप्रकाश Bhanupran Singh Chauhan & Bhanuprakash) का नाम परिवर्तन कर नया नाम भानु चौहान (Bhanu Chauhan) रखा हूं तथा अब मेरे नबालिग पुत्र को नये नाम भानु चौहान (Bhanu Chauhan) के नाम से जाना पहचाना जावे एवं समस्त दस्तावेजों में दर्ज किया जावे।

भानुप्राण सिंह चौहान एवं भानुप्रकाश
पुराना नाम
Bhanupran Singh Chauhan & Bhanuprakash)
Old Name
भानु चौहान
नया नाम
Bhanu Chauhan
New Name
R.No. 410

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**
**// चतुर्थ निविदा सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक/ जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO-120 Date 13/05/2025<br>2025_UAD_422911_1 | संभाग क्रमांक-06 अंतर्गत पण्डित गोविंद वल्लभ पंत वार्ड में नाला निर्माण कार्य मालपानी स्कूल के पीछे आर.सी.सी. स्लेब के साथ नाला निर्माण कार्य। (मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्रीय अधोसंरचना मद) | तीन माह<br>16.15 लाख | 2,000/-<br>12119/- | 28/05/2025 |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम जबलपुर**

**न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल जबलपुर**
**आम इश्तहार**
रा.प्र.क्र. 0207/अ-6/2025-26

आवेदक श्रीमती रामरानी रैकवार पिता स्व. श्री रज्जन रैकवार निवासी 13/2 खिम्मा बाई का बाड़ा हनुमानताल जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र क्र./वसीयत क्र./ दानपत्र क्रं. ... दिनांक.... के माध्यम से मौजा 33 नं.बं. ... प.ह.नं.... स्थित भूमि खसरा नं. ... रकवा 520.85 व.फु. पर विक्रेता फौत म.प्र. शासन से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र एवं फार्म पी-।। खसरा की छाया प्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक..... तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 28/5/25 इश्तहार किया गया।

जारी दिनांक : 8/05/25
पेशी दिनांक : 24/05/25
नायब तहसीलदार
र.नं.- 399 तह. अधारताल, जबलपुर

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर**
**आम इश्तहार**
रा.प्र.क्र. 69/अ-6/2025-26
जबलपुर, दिनांक - 09/05/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमल नारायण बाजपेई पिता किशोरी लाल बाजपेयी निवासी अशोका हाल तुलसी नगर जबलपुर के द्वारा मौजा लक्ष्मीपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 2108/210/812 में से रकवा 0.0230 वर्गफुट भूमि पर किशोरी लाल बाजपेयी की क्रय दिनांक 9/7/1993 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र/ वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 9/5/25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक : 9/05/25
पेशी दिनांक : 26/05/25
तहसीलदार, अधारताल जबलपुर
र.नं. 407

फौती
**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/1969/अ-6/2024-2025
**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक निर्भय सिंह अन्य/ स्व. रामशंकर शर्मा निवासी 06 सिविल एरिया तह. पिपरिया जिला होशंगाबाद ने नजूल ब्लाक नं. 93 प्लाट नं. 71/6, 74, 75, 78/4 रकवा 1731 व.फु. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक दिनांक.... मृत्यु दिनांक 2/01/2023, 12/04/2018 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र.... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/ पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 93 प्लाट नं. 71/6, 74, 75, 78/4 रकवा 1731 व.फु./अवि. हिस्सा... ग्राम भरतीपुर रकवा 1731 व.फु. रविशंकर शर्मा, रामशंकर शर्मा पिता स्व. रामेश्वर प्रसाद शर्मा बगैरह के नाम दर्ज हैं। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 19/05/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 28/4/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक : 28.04.2025
पेशी दिनांक : 19.05.2025
तहसीलदार, रांझी, जबलपुर
र.नं.- 405

जबलपुर, बुधवार 14 मई 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## दो दिन में दो भाषण, फिर भी कुछ साफ नहीं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को रात आठ बजे राष्ट्र को संबोधित किया। वीर रस से सराबोर इस संबोधन में कई ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर नए सवाल खड़े हो गए। इन सवालों को विपक्ष ने पूछना शुरु किया ही था कि मंगलवार को सुबह पहले नरेन्द्र मोदी अचानक पंजाब के आदमपुर एयरबेस पहुंच गए और फिर दोपहर तक उनका एक और वीर रस में पगा हुआ भाषण सामने आ गया। शनिवार रात शाहबाज शरीफ ने भी इसी तरह का भाषण पाकिस्तान के लोगों को सुनाया था। इन भाषणों को सुनकर न जाने क्यों चाबी वाले खिलौनों का ख्याल आता है, जिसमें चाबी भर दो तो वह तब तक चलता रहता है, जब तक चाबी पूरी तरह से उल्टी न घूम जाए। चाबी भरने वाले हाथ दिखाई नहीं देते, केवल खिलौने चलते दिखते हैं।

खैर..मंगलवार सैनिकों के बीच पहुंचकर श्री मोदी ने अच्छा ही किया। जो लोग जान हथेली पर लेकर देश की रक्षा करते हैं, उनका हौसला बढ़ाने के लिए जो किया जाए, सो कम है। आदमपुर एयरबेस से जो तस्वीरें सामने आईं, उनमें अनकहा संदेश भी पाकिस्तान के लिए था। इनमें मोदी के साथ पार्श्व में मिग-29 और एस-400 भी दिखाई दिए। जबकि पाकिस्तान का दावा था कि उसने आदमपुर में एस-400 वायुरक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया है। यहां सैनिकों को संबोधित करते हुए भी श्री मोदी ने पाकिस्तान को कहा कि निर्दोषों का खून बहाने का एक ही अंजाम है, महाविनाश। अभी सैन्य कार्रवाई सिर्फ स्थगित की है, फिर से दुस्साहस किया तो मुंहतोड़ जवाब देंगे। कुछ ऐसी ही बात सोमवार के संबोधन में भी थी।

तब श्री मोदी ने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत का सैन्य ऑपरेशन अभी सिर्फ़ स्थगित हुआ है. आने वाले दिनों में पाकिस्तान के हर कदम को इस कसौटी पर मापा जाएगा कि वो क्या रवैया अपनाता है। अब सवाल उठता है कि अगर अब भी वार-प्रतिवार की आशंका है, तो फिर युद्धविराम की बात कहां से आई, क्यों श्री मोदी इसका खुलकर खंडन नहीं कर रहे। क्या ये समय शाब्दिक जाल फैलाने का है कि सैन्य आपरेशन अभी स्थगित हुआ है। इसका क्या मतलब है, प्रधानमंत्री साफ-साफ बतलाएं कि अभी हम युद्ध में हैं या नहीं हैं। हम पाकिस्तान के अगले कदम या उसके दुस्साहस का इंतजार क्यों कर रहे हैं। क्या पहलगाम के बाद भी हमारे जो जवान शहीद हुए, बेकसूर नागरिक मारे गए, उनकी जान की कोई कीमत नहीं है। अगर पाकिस्तान की तरफ से भी युद्धविराम की घोषणा के बाद हमारे सीमांत इलाकों में ड्रोन मंडराते हुए देखे गए हैं, तो क्या इसे पाकिस्तान का दुस्साहस ही नहीं समझा जाना चाहिए। इस संकट की घड़ी में भी अगर प्रधानमंत्री साफगोई से सारी बातें नहीं करेंगे, तो फिर कब करेंगे।

जब नोटबंदी या लॉकडाउन का ऐलान किया गया था, तब भी कई गोल-मोल बातें और दावे सरकार ने किए थे। उन पर भी विपक्ष ने सवाल उठाए लेकिन किसी का जवाब देना जरूरी नहीं समझा गया। चलिए वो देश के आंतरिक मामले थे और जनता ने कुछ अच्छा होने की उम्मीद में तब के कष्टों को सहन कर लिया। लेकिन इस बार तो आम जनता की सुरक्षा और देश की प्रतिष्ठा दोनों दांव पर लगी है।

अमेरिका के राष्ट्रपति भारत के संदर्भ में मनमाने बयान दे रहे हैं। युद्ध विराम के ऐलान के बाद नए बयान में डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि दोनों देशों ने अमेरिका के साथ व्यापार की वजह से ये संघर्ष विराम किया है। पाकिस्तान अपनी जाने कि उसने किस दबाव में संघर्ष विराम मंजूर किया, लेकिन भारत इसके लिए राजी क्यों हुआ, ये बात नरेन्द्र मोदी को अपने संबोधन में बतानी चाहिए थी। क्या ट्रंप अब भारत के आधिकारिक प्रवक्ता हो गए हैं कि वो जो बयान देंगे, दुनिया उसे भारत का बयान मानेगी, क्योंकि ट्रंप की किसी बात को अब तक श्री मोदी ने या उनकी सरकार ने खारिज नहीं किया है।

सोमवार के अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने एक गंभीर बात कही कि 'भारत किसी भी परमाणु ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करेगा। परमाणु ब्लैकमेल के तहत चलने वाले आतंकी ढांचे भारत के निशाने पर होंगे।' ध्यान रहे कि ब्लैकमेल एक गंभीर शब्द और बड़ा आरोप है, खासकर अंतरराष्ट्रीय संबंधों में। श्री मोदी क्या यह कहने की कोशिश कर रहे हैं कि भारत को आणविक युद्ध की धमकी देकर ब्लैकमेल करने की कोशिश की गई, ये कोशिश पाकिस्तान की तरफ से हुई या चीन या अमेरिका की तरफ से, देश को यह बताना चाहिए।

क्या एकदम से युद्धविराम के लिए सहमत होने के पीछे ब्लैकमेल जैसी कोई बात थी। अगर ऐसा है तो कम से कम विपक्ष को इस बारे में सूचित किया जाना था। जब ऑपरेशन सिंदूर के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाई जा सकती थी तो शनिवार से लेकर अब तक सर्वदलीय बैठक क्यों नहीं बुलाई गई। सभी दलों को नहीं बुलाना तो कम से कम दोनों सदनों के नेता प्रतिपक्षों के साथ प्रधानमंत्री को बैठक करनी चाहिए थी ताकि इस तथाकथित ब्लैकमेलिंग का जवाब दिया जाए।

पहलगाम हमले से लेकर ऑपरेशन सिंदूर, युद्धविराम और राष्ट्र के नाम संबोधन तक के पूरे घटनाक्रम में कई सारे सवाल हैं जिन पर प्रधानमंत्री को जवाब देना चाहिए। सोमवार को प्रधानमंत्री ने कहा कि पहलगाम हमला मेरे लिए व्यक्तिगत दर्द था। देश का मुखिया होने के नाते वे ऐसा कह सकते हैं लेकिन याद रखें कि पहलगाम के 26 पीड़ितों से लेकर उसके बाद पाकिस्तान की तरफ से किए गए हमलों में मारे गए लोगों के परिवार असल में व्यक्तिगत दुख झेल रहे हैं। यह वक्त उनके दुखों को कम करने का है, राजनीति में अपने अंक बढ़ाने का नहीं।

# मोदी का 'मध्यावधि स्वप्न' भंग हो गया!



अनिल जैन

> आतंकवादियों के ठिकानों पर सैन्य कार्रवाई करने का फैसला करने के बाद भी इस बारे में उन्होंने विपक्ष को विश्वास में नहीं लिया। सैन्य कार्रवाई शुरू होने के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाई गई, लेकिन प्रधानमंत्री उसमें भी शामिल नहीं हुए, जबकि वे राजधानी में ही मौजूद थे जिस समय सर्वदलीय बैठक चल रही थी।

प्रधानमंत्री बनने से पहले नरेन्द्र मोदी ने कहा था, 'मैं गुजराती हूं, व्यापार मेरे खून में है।' फिर प्रधानमंत्री बनने के बाद कोरोना महामारी के दौरान उन्होंने एक और मुहावरा उछाला- 'आपदा में अवसर!' मोदीजी द्वारा उछाले गए ये दो मुहावरे उनके द्वारा अब तक उछाले गए तमाम मुहावरों में सर्वाधिक अश्लील मुहावरे साबित हुए हैं। फिर भी नरेन्द्र मोदी के लिए तो मानो ये दोनों मुहावरे उनकी राजनीतिक सफलता के मूल मंत्र बन गए हैं। देश के समक्ष पैदा हुए हर अप्रिय से अप्रिय प्रसंग को उन्होंने अपने राजनीतिक फायदे के लिए इस्तेमाल करने में और अपने कारोबारी मित्रों को उसका फायदा दिलाने में कतई संकोच नहीं किया। चाहे वह पुलवामा में हुआ भीषण आतंकवादी हमला हो या लाखों लोगों को मौत की नींद सुला देने वाली कोरोना महामारी हो, या फिर उनके खुद की आहूत की गई नोटबंदी जैसी त्रासदी हो।

अभी जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर भी मोदी यही करते दिखे हैं और कोई वजह नहीं कि वे आगे भी ऐसा नहीं करेंगे। उन्होंने हमले में हुई 26 पर्यटकों की निर्मम हत्या को आपदा में अवसर की तरह ही देखा। हमले के बाद शुरू दिन से लेकर आतंकवादियों के खिलाफ सैन्य कार्रवाई तक और फिर अमेरिकी दबाव में अचानक युद्धविराम पर राजी होने और फिर राष्ट्र को संबोधित करने तक मोदी प्रधानमंत्री की तरह नहीं बल्कि एक पार्टी के नेता के तौर पर ही देश के समक्ष पेश आए।

पहलगाम हमले के बाद से लेकर पाकिस्तान के साथ हुए सैन्य टकराव तक कांग्रेस समेत समूचा विपक्ष सरकार के हर फैसले मे उसके साथ खड़ा था। ऐसा लंबे समय बाद हो रहा था जब सरकार की किसी भी कार्रवाई पर, यहां तक कि सरकार की चूक पर भी किसी विपक्षी पार्टी ने कोई सवाल नहीं किया। सरकार के साथ विपक्ष की ऐसी एकजुटता उस समय भी कभी नहीं देखी गई जब भाजपा विपक्ष में थी। इसके बावजूद सरकार और सत्तारूढ़ भाजपा का रवैया विपक्ष को लेकर जरा भी सद्भाव वाला नहीं रहा। खुद मोदी विपक्ष के सहयोगात्मक रवैये के प्रति गंभीरता और सकारात्मकता न दिखाते हुए उसके प्रति हिकारत और अहंकार भरा व्यवहार करते रहे।

पहलगाम हमले के बाद सरकार की ओर से दो बार सर्वदलीय बैठक बुलाई गई लेकिन प्रधानमंत्री मोदी दोनों बैठकों में शामिल नहीं हुए। पहली बैठक हमले के बाद बुलाई गई थी लेकिन मोदी उस बैठक में शामिल न होते हुए बिहार में अपनी पार्टी की रैली को संबोधित करने चले गए। कहा गया कि वे बिहार की धरती से पाकिस्तान और आतंकवादियों को चेतावनी देंगे। सवाल है कि हमला कश्मीर में हुआ तो बिहार जाकर पाकिस्तान को चेतावनी देने का क्या मतलब था? बेहतर तो यह होता कि प्रधानमंत्री श्रीनगर जाते वहां से पाकिस्तान को चेतावनी देते। चूंकि बिहार में पांच महीने बाद विधानसभा के चुनाव होने हैं, इसलिए मोदी ने आपदा को अवसर बनाते हुए बिहार जाना उचित समझा। बिहार में रैली करने के बाद भी प्रधानमंत्री ने सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के अध्यक्ष या लोकसभा में नेता विपक्ष से मिलना और बात करना उचित नहीं समझा, जबकि इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सुप्रीमो मोहन भागवत से जरूर मुलाकात की और अपनी पार्टी के नेताओं से भी लगातार मिलते रहे।

आतंकवादियों के ठिकानों पर सैन्य कार्रवाई करने का फैसला करने के बाद भी इस बारे में उन्होंने विपक्ष को विश्वास में नहीं लिया। सैन्य कार्रवाई शुरू होने के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाई गई, लेकिन प्रधानमंत्री उसमें भी शामिल नहीं हुए, जबकि वे राजधानी में ही मौजूद थे। जिस समय सर्वदलीय बैठक चल रही थी, ठीक उसी समय प्रधानमंत्री एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में शिरकत करते हुए उस चैनल की महिला एंकरों के साथ फोटो सेशन करने में व्यस्त थे। इतना सब होने के बावजूद विपक्ष की ओर से प्रधानमंत्री या सरकार से कोई सवाल नहीं किया जा रहा था। इस नाजुक मौके पर भी विपक्ष से संवाद करना मोदी अपनी शान के खिलाफ समझ रहे थे। प्रधानमंत्री का यह रवैया उनकी पार्टी के प्रवक्ताओं को एक तरह का इशारा था, जिसके मुताबिक टीवी चैनलों की बहस में भाजपा के प्रवक्ता रोजाना विपक्षी नेताओं को गद्दार, देशद्रोही और पाकिस्तान व आतंकवादियों का हमदर्द बता रहे थे। यही काम सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर भाजपा का ईको सिस्टम कर रहा था। यह ईको सिस्टम सिर्फ विपक्षी नेताओं को ही नहीं, बल्कि देश भर के मुसलमानों को भी गद्दार बताते हुए उनके आर्थिक बहिष्कार की अपील कर रहा था। इस सबके बावजूद किसी को कोई संशय या संदेह नहीं रहे, इसके लिए टीवी के सरकारी चैनल डीडी न्यूज पर तो बाकायदा विपक्षी नेताओं के फोटो के साथ लिखा जा रहा था, 'भारत है तैयार लेकिन घर में कितने गद्दार'। इतना सब होने के बाद कहीं से भी संदेह की गुंजाइश नहीं रह जाती कि प्रधानमंत्री इस आपदा को अपनी पार्टी के लिए एक बड़े राजनीतिक अवसर के तौर पर देख रहे थे। उनके सामने पांच महीने बाद बिहार और नौ महीने बाद पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव हैं। प्रधानमंत्री का इरादा संभवतः पाकिस्तान के खिलाफ़ सैन्य कार्रवाई के जरिये देश में उन्मादी और राष्ट्रवादी माहौल तैयार कर लोकसभा के मध्यावधि चुनाव कराने का था, ताकि पिछले चुनाव में 400 सीटें पाने की अधूरी रह गई हसरत को पूरा किया जा सके। यह दांव मोदी 2019 के चुनाव में आजमा चुके थे और कामयाब भी रहे थे।

पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई का असल मकसद यही था, लेकिन पाकिस्तान को चीन की मदद ने इस भारत की सैन्य कार्रवाई को ज्यादा देर तक जारी नहीं रहने दिया। इसमें कोई शक नहीं कि भारतीय सेना ने अपना काम बखूबी अंजाम देते हुए पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादियों के कई ठिकानों को नष्ट कर दिया। पाकिस्तानी सेना की ओर से उकसावे की कार्रवाई के जवाब में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों को भी भारी क्षति पहुंचाई। भारतीय सैन्य नेतृत्व ने पहलगाम हमले के पीछे पाकिस्तान के मकसद को भांपने में भी कोई गलती नहीं की और अपनी कार्रवाई शुरू करने के साथ ही उसके प्रवश्वा ने आधिकारिक तौर पर कहा कि, 'पहलगाम हमले का मकसद देश में सांप्रदायिक दंगे भड़काना था लेकिन देश के नागरिकों ने ऐसा नहीं होने दिया।'

बहरहाल. पाकिस्तान और आतंकवादियों के खिलाफ भारतीय सेना की कार्रवाई के दौरान चीन ने साइलेंट किलर की भूमिका निभाते हुए भारत के भी दो लड़ाकू विमान नष्ट कर दिए। हालांकि भारत सरकार ने इस बात की पुष्टि नहीं की है, लेकिन उसने अमेरिका और ब्रिटेन के अखबारों ने इस बारे में विस्तार से छपी खबरों का खंडन भी नहीं किया है। संभवतः इसी घटना ने भारत को अपने कदम आगे बढ़ाने से रोकने पर मजबूर किया। हालांकि मोदी ने राष्ट्र के नाम संदेश में दावा किया है कि युद्धविराम पाकिस्तान की पहल पर हुआ है, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक नहीं, दो बार टीवी पर आकर यह दावा किया है कि युद्धविराम उनके कहने पर हुआ है। भारत सरकार ने ट्रम्प के इन दावों का किसी भी स्तर पर खंडन नहीं किया है।

जो भी हो, यह तो साफ हो गया है कि भारतीय सेना की जिस संयमित और सटीक कार्रवाई पर पूरा देश गर्व कर रहा था, उसे भारत सरकार ने अज्ञात शर्तों पर अचानक रोककर एक राष्ट्रीय गर्व के विषय को राष्ट्रीय शर्म में तब्दील कर दिया। प्रधानमंत्री का राष्ट्र के नाम संदेश में खुद की पीठ थपथपाने के अलावा कुछ भी नहीं था, जैसा कि वे अक्सर ही करते हैं। पहलगाम में हुई 26 लोगों की मौत का बदला लेने के लिए की गई कार्रवाई में भारत को 21 लोगों की और बलि देना पड़ी है। प्रधानमंत्री का मध्यावधि चुनाव कराने का स्वप्न भले ही भंग हो गया हो, लेकिन कोई आश्चर्य नहीं कि मोदी बंगाल और बिहार के चुनाव में 'फर्स्ट टाइम वोटर' से इन मारे गए 47 (26+21) लोगों के नाम पर वोट मांगें। आखिर पुलवामा में मारे गए 42 जवानों की शहादत पर भी तो उन्होंने ऐसे ही वोट मांगे थे।

**( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं )**

# क्रिकेट, कोहली और बाजार



अरविन्द मोहन

> आईपीएल का लोभ ऐसे महान खिलाड़ियों को क्यों है यह सब जानते हैं-अभी तो महेंद्र सिंह धोनी भी यहां जमे हैं और खराब प्रदर्शन के बावजूद मैदान छोड़ने को तैयार नहीं हैं। अपने ही क्यों कई विदेशी खिलाड़ी भी अपने यहां के क्रिकेट से सन्यास लेकर यहां जमे हुए हैं। उनकी तुलना में माही, कोहली, रोहित और अश्विन के जमने का एक और मतलब है-इनको वैसे भी कुछ ज्यादा रकम का कान्ट्रैक्ट।

बीच आईपीएल में संन्यास की घोषणा की उम्मीद तो रोहित शर्मा से भी नहीं थी, लेकिन विराट कोहली के टेस्ट से सन्यास की घोषणा ने क्रिकेट जगत और उनके करोड़ों प्रशंसकों को चौंकाया। जल्दी ही इंगलैंड दौरे के लिए टीम का चुनाव होना है। विराट बहुत बड़े खिलाड़ी और महान टेस्ट कप्तान रहे हैं और बीच में फार्म की हल्की गिरावट (और कोरोना की भी मार) के बाद से फिर खेलने लगे हैं और आईपीएल में भी सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बनने की रेस में नए-नए सितारों को चुनौती दे रहे हैं। उनका फिटनेस और मैदान में अपने कम उम्र और एकदम नए कप्तान समेत सबके साथ व्यवहार बहुत अच्छा है, उनका सेलेबरेशन का तरीका अभी भी प्रतिद्वन्द्वियों को चुभता है तो उनकी बल्लेबाजी का खौफ बना हुआ है। रोहित पर ये बातें लागू नहीं होती। अब उनका क्रिकेट साफ ढलान पर है- सिर्फ टेस्ट में ही नहीं, सभी फार्मेट में। और बेचारे रविचंद्रन अश्विन तो सेलेक्शन के तौर तरीकों से ऊबकर सारे फार्मेट से सन्यास घोषित कर चुके हैं। उन्होंने भी आईपीएल खेलते रहने का फैसला किया था-ये दोनों तो खेल ही रहे हैं और अश्विन टेस्ट के स्पेशलिस्ट होकर बीस ओवर वाले क्रिकेट में धुना रहे हैं।

आईपीएल का लोभ ऐसे महान खिलाड़ियों को क्यों है यह सब जानते हैं-अभी तो महेंद्र सिंह धोनी भी यहां जमे हैं और खराब प्रदर्शन के बावजूद मैदान छोड़ने को तैयार नहीं हैं। अपने ही क्यों कई विदेशी खिलाड़ी भी अपने यहां के क्रिकेट से सन्यास लेकर यहां जमे हुए हैं। उनकी तुलना में माही, कोहली, रोहित और अश्विन के जमने का एक और मतलब है-इनको वैसे भी कुछ ज्यादा रकम का कान्ट्रैक्ट है लेकिन इन सबको विज्ञापनों की भारी कमाई भी हो रही है। एक-एक विज्ञापन करने का रेट भी अच्छा है-अभी धोनी भी अच्छे अच्छों को टक्कर दे रहे हैं। सिर्फ क्रिकेटरों को ही नहीं, दूसरे स्टार खिलाड़ियों और फिल्मी सितारों को भी। ऐसे में इंस्टाग्राम पर 27 करोड़ से ज्यादा और सोशल मीडिया पर लगभग सात करोड़ फालोअर रखने वाले कोहली अगर हर विज्ञापन करने का प्रति वर्ष दस करोड़ रुपए तक लेते हैं तो वह किसी को नहीं अखरता। उनके पास करीब चालीस ब्रांड हैं। माही भी जमाने तक सबसे बड़ा ब्रांड से और उनका रेट सबसे ऊपर था-संभवतः बाद के दिनों वाले सचिन तेंडुलकर से भी ज्यादा।

अब इन खिलाड़ियों को ही नहीं रणजी तक खेलने वाले हर क्रिकेटर को आजकल ठीक ठाक पैसे मिलने लगे हैं- सेंट्रल कान्ट्रैक्ट मिल जाए या आईपीएल की बोली में लाटरी लग जाए तो बल्ले-बल्ले। टेस्ट और वन डे का रेट भी काफी है। दो-चार बार भी 'देश की सेवा' अर्थात देश की टीम में शामिल होने का अवसर मिल जाए तो रिंकू सिंह का ही नहीं किसी भी कमजोर पृष्ठभूमि वाले लड़के का नसीब ही बदल जाता है। माही और बुमराह जैसा लंबा चल गए तो क्या पूछना। सबसे बड़ी बात यह है कि आज साल में जितना क्रिकेट होने लगा है उसमें खिलाड़ी जान की अर्थात शरीर और थकान की परवाह नहीं करके खेलते ही जाते हैं। इंजरी छुपाते हैं और क्रिकेट प्रशासकों पर ऐसे खिलाड़ियों के पूरा फिट होने का इंतजार करने का दबाव रहता है। टीम में चुने जाने की मारामारी जरूर बढ़ी है लेकिन कमाई के आगे किसी को भी खिलाड़ी के थकान और स्वास्थ्य की परवाह नहीं है। खुद खिलाड़ियों को भी नहीं है तो बाजार और दर्शक को क्यों होगी। जब साल की कमाई सौ से लेकर दो हजार करोड़ रुपए की होने लगे तो कौन अपना कैरियर लंबा नहीं खींचना चाहेगा। धोनी, कोहली, रोहित और अश्विन ही नहीं काफी सारे विदेशी खिलाड़ी भी अपनी पसंद के अनुसार का फार्मेट छोड़कर दूसरे फार्मेट से सन्यास ले रहे हैं। कहना न होगा कि इसमें सर्वाधिक नुकसान उसे टेस्ट फार्मेट का हो रहा। यही जिसे सभी फार्मेट में श्रेष्ठ और खिलाड़ी की असली प्रतिभा सामने लाना वाला माना जाता है।

विराट कोहली जैसे क्रिकेटरों को इस बात का श्रेय दिया जाता है कि उन्होंने वन डे क्रिकेट, जिसे कभी पाजामा क्रिकेट भी कहा जाता था, से पिट रहे टेस्ट मैचों में जान लौटाई है। सचिन, धोनी, सौरव, कोहली और पुजारा हमारे ऐसे खिलाड़ी रहे हैं। आज ट्वेंटी ट्वेंटी से वन डे क्रिकेट को ही खतरा है और ट्रेंड देखेंगे तो पाएंगे कि हर फार्मेट छोड़कर खिलाड़ी इसी की तरफ भाग रहे हैं जबकि इस क्रिकेट को घटिया और बॉलिंग का दुश्मन बताया जा रहा है। इसमें भी आईपीएल दुनिया भर के क्रिकेटरों में लोकप्रिय हुआ है क्योंकि उसमें सबसे अधिक दाम मिलता है। दु-प्लेसी, ब्रावो, रसेल, सुनील नारायण समेत दर्जनों ऐसे विदेशी खिलाड़ी हैं जिन्होंने अपने देश की टीम को छोड़ दिया है लेकिन आईपीएल को नहीं। और पाकिस्तान के क्रिकेटर यहां मौका न मिलने से सबसे ज्यादा कुढ़ते है। इतना ही नहीं यहां विज्ञापन में भी अनेक विदेशी खिलाड़ी आते हैं और उसी तरह उनका ब्रांड मूल्य भी है जैसा कि देशी खिलाड़ियों का- हालांकि कुल कमाई के मामले में देशी स्टार कहीं आगे हैं।

कोहली के साथ सिर्फ कैरियर लंबा खींचने और फिटनेस जैसा सवाल नहीं है। वे सबसे फिट खिलाड़ियों में रहे हैं और यो-यो टेस्ट की अनिवार्यता उनके कप्तान रहते ही बनी। कोहली बाजार का काम करने के साथ अपना बाजार भी बनाने के चक्कर में हैं और उनके मैनेजरों को लगता है कि अगर वे कुछेक साल और चले तथा धूम-धड़ाका करते रहे तो उनके अपने ब्रांड भी जम जाएंगे। फिर वह कमाई टिकाऊ और जीवन भर के लिए हो जाएगी। ऐसा प्रयास सचिन, माही और सौरव गांगुली समेत कई खिलाड़ियों ने किया था लेकिन बहुत छोटे पैमाने पर। किंग कोहली यह काम भी किंग साइज ही चलाते हैं। उन्होंने स्पोर्टसवियर, रेस्तरां, प्लांट आधारित मांसाहार/फूड, काफी ब्रांड, स्वास्थ्य और फिटनेस कंपनी, जिम की शृंखला और फैशन का मंच तैयार किया है। पत्नी अनुष्का शर्मा का जुड़ाव तो इनसे है ही, यह भी माना जा रहा है कि उन्होंने आगे इन पर ध्यान केंद्रित करने का मन बनाया है। वे बहुत विज्ञापन की जगह महंगे और कम विज्ञापन करना चाहते हैं। पुमा कंपनी से करार उन्होंने अपने ब्रांड स्थापित करने के लिए किए हैं। माना जाता है कि उनका ब्रांड मूल्य 1900 करोड़ रुपए का है। वे इसे घटाने देना नहीं चाहते। संन्यास का फैसला भी इस ब्रांड मूल्य को बचाने का ही है क्योंकि इधर वे टेस्ट में धूम धड़ाका नहीं कर पा रहे थे।

## ललित सुरजन की कलम से



### एकालाप बनाम संवाद

*'मेरा मानना है कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को जनता के साथ द्विपक्षीय संवाद तो निश्चित रूप से करना ही चाहिए। इसके आगे उन्हें यह देखने की आवश्यकता है कि प्रशासनतंत्र अपनी भूमिका का निर्वाह भलीभांति करता है या नहीं। हमारे देश में त्रिस्तरीय शासन व्यवस्था है। इसमें पंचायती राज संस्थाओं को भी अधिकार-सम्पन्न बनाने की बात कही गई है। इस पृष्ठभूमि में यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि बड़े नेता यदि कोई घोषणा करते हैं या आश्वासन देते हैं तो उससे पंचायती राज संस्थाओं के अधिकारों का हनन न हो। इसी तरह सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोगों को व्यापक नीतिगत निर्णय तो लेना चाहिए, लेकिन जहां तक संभव हो व्यक्तिगत समस्याओं में उलझने से बचना चाहिए। मैं एक उदाहरण से बात साफ करना चाहूंगा। जब कभी कोई दुर्घटना होती है सरकार हताहतों के लिए मुआवजा घोषित करती है, लेकिन दुर्घटना के पीछे कारण क्या थे इस ओर से आंखें मूंद लेती है। यह इसलिए होता है क्योंकि नौकरशाही की दिलचस्पी मुख्यमंत्री को खुश करने में होती है न कि अपनी सामान्य जिम्मेदारी निर्वहन करने में। मैं समझता हूं कि इस पर आगे और बहस की आवश्यकता है।'*

**( देशबन्धु में 17 सितम्बर 2015 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/09/blog-post_16.html

## आपके पत्र

### भारतीय समाज की विविधिता भी देश की ताकत

आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए है। देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं, जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते हैं बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाति ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू-मुस्लिम जाति संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमां चुका है। वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है।और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है। क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं। जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है जिससे लगभग एक शताब्दि तक भारत आक्रांत रहा है।

संविधान में सदैव सकारात्मक वर्ग विभेद एवं विकास की अवधारणा को प्रमुखता से शामिल किया गया था और पंचवर्षीय योजनाओं में भी विकास को वर्ग विभेद से अलग रखकर विकास की अवधारणा को बलवती बनाया गया है। सामाजिक आर्थिक तथा धार्मिक विविधता वाले समाज को विवादों से परे रख आर्थिक विकास की परिकल्पना एक कठिन और दुष्कर अभियान जरूर है पर असंभव नहीं है। और इसी की परिकल्पना को लेकर आजादी के पश्चात से पंचवर्षीय योजनाओं का प्रादुर्भाव सरकार ने समय-समय पर लागू किया है। विकास की अवधारणा में राष्ट्र की मुख्य धारा में समाज के पिछड़े वर्ग को शामिल कर उन्हें सम्मुख लाना होगा। यदि देश के पिछड़ा वर्ग और गरीब तबका विकास की मुख्यधारा से जुड़ता है तो गरीबी, भुखमरी, नक्सलवाद जैसे संकट अस्तित्व हीन हो जाएंगे और ऐसी समस्या धीरे धीरे खत्म होती जाएगी।

आवश्यकता यह है कि हमें राष्ट्रवाद को सर्वोपरि मानकर इस पर अमल करना होगा।

**-संजीव ठाकुर**

## पावन प्रसंग

### अंतर्मन में चलता देवासुर संग्राम

जीवन में अध्यात्मिक उत्कर्ष का अभीप्सु साधक किसी-न-किसी साधना पद्धति या धार्मिक कर्मकांड का सहारा लेकर अपनी यात्रा प्रारंभ करता है और जीवन में स्थायी सुख-शांति के साथ कुछ विशेष चमत्कारभरी उपलब्धि की आश लगाए होता है।

लेकिन साधना के बढ़ते चरणों के साथ जब आंतरिक परिष्कार की प्रक्रिया गति पकड़ती है तो अंतर में जड़ जमाए, विकार असामान्य ढंग से उभरते थे, जिनके तुफानी उफान के बीच साधक विचलित हो उठता है और साथ ही बाह्य परिस्थितियाँ भी बद से बदतर होती प्रतीत होती हैं। ऐसे में आध्यात्मिक जीवन से जुड़े भाव कहीं हवा में तिरोहित होते दिखते हैं।

बाहर की परिस्थितियां तो किसी प्रकार सँभल भी जाएँ, लेकिन आंतरिक मन:स्थिति की विस्फोटक अवस्था को संभालना स्वयं में एक बड़ा कार्य बन जाता है। इस तरह एक साधक के जीवन में वास्तविक संघर्ष चित्त की गहराइयों में, अंत:करण के केंद्र में घटित हो रहा होता है।

बाहर से हम कितना ही सफल होने का दंभभर सकते हैं, बड़ी सफलता का अभिनय कर दुनिया की आँखों को चौंधिया सकते हैं, लेकिन अपने अंत:करण के निकटतम सत्य, प्रत्यक्ष दुर्दशा से नहीं बच सकते। अंतरात्मा हर दिन, प्रतिपल जीवन में चल रहे आंतरिक संघर्ष, युद्ध को साक्षीभाव से देख रही होती है। आखिर जन्म जन्मांतर के कर्मों का हिसाब-किताब, इसके जखीरे का परिशोधन साधक के अंतर्मन की गहराइयों में चल रहा होता है।

इन्हीं कारणों से व्यक्ति में देवत्व ईश्वरत्व को संभावनाओं के बावजूद पाशविक एवं आसूरी संभावनाएं भी विद्यमान रहती हैं। जब स्वार्थ अहं स्वयं या परिवार तक सीमित हो जाए तो पशुवत आचरण में जीवन का दायरा सिमटा रहता है। जब मन:स्थिति और गिर जाती है, विवेक बुद्धि विपर्यय दोष से ग्रस्त हो जाते हैं तो अवांछनीय कर्म बनते हैं तथा व्यक्ति को आसुर एवं पैशाचिक कृत्यों में संलिप्त देखा जा सकता है। नर पशु, नर पिशाथ जैसे संबोधन इन्हीं भाव दशाओं में इनसान के साथ जोड़े जाते हैं, जिनमें वह अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार रहा होता है और परिवेश को भी दुषित एवं आतंकित कर रहा होता है।

ऐसे में व्यक्ति मानव जीवन के महान उद्देश्य से भटक जाता है और दुर्गति को प्राप्त होता है। श्रीमदभगवद् गीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि ऐसे आसुरी संपदा वालों को मैं बार-बार असुर योनि में डालता हूँ। दु:ख, अशांति, क्लेश कलह ही उनकी नियति होती है और वे नारकीय जीवन के लिए विवश होते हैं, लेकिन यदि जीवात्मा चेते, तो यही गीता पापी से भी पापी जीवात्मा के लिए भी उद्धार की बात करती है, उसके कल्याण का आश्वासन देती है।

प्रश्न एक ही है कि हम किसके पक्ष में खड़े हैं। अंदर चल रहे देवासुर संग्राम में पशुता असुरता के पक्षधर समर्थक हैं या देवत्व के। आंतरिक महाभारत में हम पांडवों के पक्ष में है या कौरवों के। यदि देवत्व के पक्ष में है, तो फिर एक ही मार्ग शेष बचता है कि साहस के साथ जीवन का सामना करें।

**-अखंड ज्योति**

# सरकारी स्कूल निजी से बेहतर हैं: मुख्यमंत्री

## जबलपुर में सांदीपनि स्कूल का किया भूमि पूजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का दावा है कि प्रदेश के सरकारी स्कूल प्राइवेट से बेहतर हो गए हैं। ये बात उन्होंने अपने जबलपुर दौरे के दौरान कही। मंगलवार को सीएम मोहन यादव ने जबलपुर में सांदीपनि विद्यालय का भूमि पूजन किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश में सरकारी शिक्षा की स्थिति लगातार सुधरता जा रही है, इस बार के बोर्ड के रिजल्ट में 70 प्रतिशत बच्चे सरकारी स्कूलों के थे।

गौरतलब है कि जबलपुर के बरगी हिल्स में 27.84 करोड़ की लागत से एक सांदीपनि स्कूल बनाया जा रहा है। यहां सीएम राईज स्कूल को ऋषि सांदीपनि का नाम दिया गया है।

### हरियाली और शांत वातावरण के बीच सांदीपनि स्कूल

बरगी हिल्स में बनने वाले इस स्कूल का वातावरण बहुत सुंदर होगा क्योंकि बरगी हिल्स जबलपुर की शहर के बीच में एक खूबसूरत पहाड़ी है, जिसके पास लगभग 2000 एकड़ में हरियाली और जंगल है। मंगलवार को सांदीपनि विद्यालय के भूमि पूजन के दौरान सीएम मोहन यादव के साथ जबलपुर के विधायक और लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, जबलपुर महापौर जगत बहादुर सिंह, जबलपुर सांसद आशीष दुबे, विधायक अशोक रोहाणी, नीरज लोधी, सुशील तिवारी इंदू एवं बड़ी तादाद में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

### स्थानीय लोगों को होगा फायदा

जबलपुर के जिस इलाके में यह स्कूल खोला जा रहा है वहां बड़ी तादाद में गरीब तबका भी रहता है. ऐसे में कई लोग अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं दे पाते, लेकिन सांदीपनि स्कूल खुलने से इस क्षेत्र के बच्चों को भी अच्छी शिक्षा मिलने लगेगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस मौके पर बताया कि ज्योतिर्लिंगों को जोड़कर एक सर्किट भी बनाया जा रहा है जिसमें मध्य प्रदेश के ओंकारेश्वर और उज्जैन को जोड़ा जा रहा है। इसके साथ ही ताप्ती नदी के पानी को लेकर भी महाराष्ट्र के साथ समझौता हुआ है।

### एक साथ पढ़ सकेंगे लगभग 2 हजार छात्र

जबलपुर के बरगी हिल्स में बनने वाले इस स्कूल में 57 कमरे होंगे. इस स्कूल में कुल मिलाकर 1976 बच्चों को पढ़ने की व्यवस्था की गई है, इस सरकारी स्कूल में वे सारी सुविधाएं होंगी जो निजी स्कूलों में होती हैं।

यहां साइंस के छात्रों के लिए बायोलॉजिकल लैब, केमिस्ट्री लैब और फिजिक्स की लैब अलग-अलग बनाई जा रही हैं, इसके साथ ही आर्ट्स की शिक्षा पाने वाले बच्चों के लिए डांस, सिंगिंग आदि के लिए अलग से हॉल बनाए जा रहे हैं, स्पोर्ट्स के लिए भी यहां विशेष प्रावधान किए जा रहे हैं।

# उप मुख्यमंत्री देवड़ा आज आयेंगे

**जबलपुर, देशबन्धु।** उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री जगदीश देवडा का तीन दिवसीय प्रवास पर बुधवार 14 मई की शाम 4 बजे भोपाल से कार द्वारा जबलपुर आगमन होगा।

श्री देवडा यहाँ गुरुवार 15 मई की सुबह 11 बजे कलेक्टर कार्यालय में राजस्व अभिलेखागार का निरीक्षण करेंगे तथा सुबह 11.30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला योजना समिति की बैठक लेंगे। उप मुख्यमन्त्री गुरुवार को दोपहर 3 बजे जल संवर्धन कार्यों का निरीक्षण करेंगे तथा जबलपुर प्रवास के तीसरे दिन शुक्रवार 16 मई को सुबह 9 बजे सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स के प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ करने के बाद दोपहर 12.30 बजे वायुयान द्वारा इंदौर प्रस्थान करेंगे।

# रेल्वे स्टेशन, साइकिल स्टैंड वाले कर रहे खुलेआम गुंडा गर्दी

**जबलपुर,देशबन्धु।** रेल्वे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 में एम सी ओ और पोस्ट ऑफिस आने वाले लोगों से सायकिल स्टैंड वाले ना सिर्फ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, बल्कि जबरन पैसे भी वसूलते हैं। कोई व्यक्ति जब आर एम एस से स्पीड पोस्ट और रजिस्ट्री करने आता है तो यदि उसने पोस्ट ऑफिस के सामने गाड़ी की तो उससे स्टैंड नही लेते, और यदि पोस्ट ऑफिस के सामने रोड के दूसरी ओर गाड़ी करते हैं तो स्टैंड के नाम पर वसूली करते हैं, जबकि रेल्वे ने सड़क पर बैरिकेट्स लगाए हैं। इससे साफ़ है कि स्टेशन क्षेत्र के बाहर साइकिल स्टैंड के नाम पर वसूली की जा रही है। जो कि अवैध है, और जो ये अवैध वसूली कर रहे हैं, रेल्वे को उन पर शीघ्र कार्यवाही करना चाहिए। यहां हैरानी की बात ये है कि ये सब वहां हो रहा है, जिसके चंद कदमों की दूरी पर जी आर पी का थाना भी है। बता दें जब सायकिल स्टैंड का टेंडर जब दिया जाता है, वो स्टेशन क्षेत्र के लिए दिया जाता है, ऐसे में आप रेल्वे के किसी भी स्थान पर स्टैंड के नाम पर वसूली नहीं कर सकते। रेल्वे को शीघ्र कार्यवाही करते हुए अवैध वसूली करने वालों के प्रति दंडात्मक करते हुए। ऐसी अवैध वसूली को रोकना चाहिए। ऐसी अवैध वसूली से ना सिर्फ रेल्वे की छवि धूमिल होती है, बल्कि नागरिक अधिकार और सम्मान का हनन भी होता है।



# कनक सुरजन, शाश्वत श्रीवास्तव और ध्रुव शुक्ला का सीबीएसई की दसवी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जबलपुर, देशबन्धु।** सीबीएसई के दसवी और बारहवी बोर्ड की परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिये गये हैं। इसमें देशबन्धु परिवार से आने वाले तीन विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिसमें कनक सुरजन पिता क्षितिज सुरजन, माता श्रीमती प्रियम सुरजन सेंट जोसफ ने 83 प्रतिशत, शाश्वत श्रीवास्तव पिता दिनेश कुमार श्रीवास्तव, माता श्रीमती सीमा श्रीवास्तव क्राईस्टचर्च बॉयज हायर सेकेंडरी स्कूल ने 93 प्रतिशत और ध्रुव शुक्ला पिता प्रदीप शुक्ला, माता श्रीमती प्रियंका शुक्ला स्कूल जॉय सीनियर सेंकेंडरी स्कूल विजय नगर ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीनों मेधावी विद्यार्थियों ने अपनी सफलता के लिये माता-पिता एवं गुरूजनों सहयोग एवं स्नेह और ईश्वर का आशीर्वाद माना है।

# आचार्य किसलय सशक्त साहित्य सेवा सम्मान एवं हिन्दी रत्न सम्मान से अलंकृत




**जबलपुर, देशबन्धु।** कला वीथिका रानी दुर्गावती संग्रहालय जबलपुर में सशक्त हस्ताक्षर संस्था का तृतीय वार्षिकोत्सव भव्यता एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगत बहादुर सिंह अन्नू महापौर, अध्यक्ष रिकुंज विज अध्यक्ष नगर निगम जबलपुर, संस्थाध्यक्ष गणेश प्यासा, संयोजक कवि संगम त्रिपाठी, महामहोपाध्याय डॉ. हरिशंकर दुबे, राजेश पाठक प्रवीण, अरुण शुक्ल, रत्ना श्रीवास्तव, आनंद ज्योति पाठक, प्रदीप जानी, उमेश साहू ओज सहित सभी मंचासीन अतिथियों द्वारा संस्कारधानी के वरिष्ठ साहित्यकार आचार्य विजय तिवारी किसलय को उनकी दीर्घकालीन समाज सेवा एवं साहित्य सेवा के परिप्रेक्ष्य में पुष्पहार,शाल, कलमश्री भेंट कर सशक्त साहित्य सेवा सम्मान एवं हिन्दी रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया।

मदन श्रीवास्तव, सुशील श्रीवास्तव, विजय नेमा अनुज, अरुण यादव, मनोज शुक्ला मनोज, अशोक झारिया शफ़क़, यशोवर्धन पाठक, संतोष नेमा संतोष, आशुतोष तिवारी, रंजना गौतम, देव दर्शन आदि ने बधाई देकर हर्ष व्यक्त किया।

# बिल्डर ने बेची नाली और सड़क, बारिश में घरों में घुसेगा पानी

**जबलपुर,देशबन्धु।** आदर्श नगर रामपुर की प्रीत विहार कालोनी जिसका खसरा नंबर 51 एवं 52 के पटवारी हल्का नंबर 28/32 ग्राम रामपुर में जिसे बिल्डर रविंदर सिंह सेठी द्वारा नक्शा पास कराकर प्लाट और मकान सड़क, नाली की सुविधा के साथ बेचे गए, इसमें निगम द्वारा स्वीकृत नक्शे में 30 फुट की सड़क तथा भवनों के पीछे पांच, पांच फुट की कांजरवेंसी एवं सीवर लाइन छोड़ी गई थी। जिसे बिल्डर द्वारा इलेक्ट्रिक पोल लगाकर 30 फुट की सड़क को 20 फुट किया जा रहा है साथ ही नाली का पानी निकास बंद होने से बारिश का पानी घरों में भरेगा ही। साथ ही बिल्डर ने पॉवर अटॉर्नी के माध्यम से ली थी, उससे ज़्यादा जमीन बेची जा चुकी है। जिसकी शिकायत तत्कालीन कलेक्टर आर के स्वाई एवं निगमायुक विश्वकर्मा से की गई थी तथा जांच उपरांत बिल्डर के 8 डुप्लेक्स तोड़े भी गए थे। लेकिन समय के साथ धीरे-धीरे निगम के अधिकारियों की मिलीभगत से वो फिर बन गए। निगम को स्वीकृति नक्शे से ज्यादा बने भवनों के प्रति नियमानुसार कार्यवाही की जाए एवं आवेदक के जल निकास के अधिकार को सुनिश्चित किया जाए।

### कलेक्टर की जनसुनवाई में आया मामला

# चिकित्सा जगत में अपोलो बड़ी उपलब्धि:मोहन यादव

## कैंसर यूनिट, लिनेक मशीन व महाकौशल की प्रथम पेट स्कैन का किया उद्घाटन



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी ने मंगलवार शाम 5 बजे नया आरटीओ भवन के पास नवनिर्मित अपोलो हॉस्पिटल की कैंसर यूनिट और महाकौशल की प्रथम अति आधुनिक लिनेक व पेट स्कैन मशीन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हॉस्पिटल परिसर में श्री राधाकृष्ण जी की मूर्ति के प्रतिस्थापना कार्यक्रम में शामिल हुए और हॉस्पिटल का भ्रमण किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि जबलपुर के चिकित्सा क्षेत्र में अपोलो हॉस्पिटल का खुलना एक बड़ी उपलब्धि है। चिकित्सा से जुड़ी हर अति आधुनिक मशीन और सुविधाएं यहां पर उपलब्ध हैं। जिसका लाभ सभी को मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कष्ट के समय हॉस्पिटल भगवान के मंदिर के समान लगता है, बडेरिया परिवार ने संस्कारधानी को चिकित्सा क्षेत्र में कई सौगाते दी हैं। इसलिये कहा जा सकता है क आपको भगवान धनवंतरी का आशीष प्राप्त है।

अपोलो को लेकर आना मुझे प्रसन्नता है, इसके लिए सौरभ बड़ेरिया, राजीव बड़ेरिया, शोभित बड़ेरिया, और उनके पूरे परिवार को व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद देता हूं। इसके बाद मुख्यमंत्री बड़ेरिया हाउस पहुंचे और बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र शास्त्री जी से सौजन्य भेंट की। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह, पनागर विधायक सुशील तिवारी इंदू, और पूरा बड़ेरिया परिवार शामिल रहा। उद्घाटन समारोह के अवसर पर लोकसभा सांसद आशीष दुबे, राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मिकि, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, इंदु, अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, नीरज सिंह, डा. जितेंद्र जामदार, भाजपा महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, भाजपा ग्रामीण भाजपा अध्यक्ष राजकुमार पटेल विशिष्ट अतिथि के साथ ही हर्ष तिवारी, अमन तिवारी आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# मुख्यमंत्री ने बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से भेंट

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज मंगलवार को जबलपुर प्रवास के दौरान बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से भेंट की। इस अवसर पर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू , विधायक अशोक रोहाणी, सुशील कुमार तिवारी इंदु, डॉ अभिलाष पांडे , भाजपा के नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर एवं ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमारपटेल, डॉ. जितेन्द्र जामदार एवं पूर्व विधायक नीलेश अवस्थी भी मौजूद थे।



# दुकान निविदा प्रक्रिया गोपनीयता की भंग होने की गूंज संस्कारधानी से राजधानी तक पहुंची

## व्यापारियों की शिकायत के बाद कृषि उपज मंडी के स्थानीय अधिकारियों कर्मियों की मुसीबत बढ़ने के आसार

**जबलपुर, देशबन्धु।** नई कृषि उपज मंडी अभी शिफ्ट नही हुई है और इसके पहले दुकान आवंटन निविदा को लेकर विवाद शुरू हो गया है। अब निविदा प्रक्रिया के टेंडर की गोपनीयता भंग को लेकर मामला गर्मा गया है। व्यापारियों की शिकायत पर अब मंडी प्रशासन के जवाबदार अधिकारियों और कर्मियों पर कार्रवाई के आसार बढ़ गये हैं। संस्कारधानी से भोपाल की राजधानी तक यह मामला गर्मा गया है।

देशबन्धु पड़ताल




उल्लेखनीय है कि बीते दिवस औरिया बाये पास के बन रही मटर मंडी के लिये दुकानों का आवंटन करने के लिये निविदा प्रक्रिया जारी की गई थी। इसके चलते दुकान की इच्छा रखने वाले व्यापारियों ने टेंडर फार्म जमा किये थे। इन्हें नियमानुसार तय समय तिथि में टेंडर ओपन करने थे।

लेकिन टेंडर फार्म जमा करने वालो की आंखे फटी की फटी रह गई जब टेंडर खोलते ही उनके लिफाफे पहले से खुले थे। इसका व्यापारियों ने जमकर विरोध किया, शिकायत के बाद अब मंडी बोर्ड के आला अधिकारियों ने मामले की जांच की तैयारी कर ली है। जिसकी खबर लगते ही स्थानीय मंडी प्रशासनिक अमले में हडकंप की स्थिति व्याप्त है।

### मामला ईओडब्लू तक पहुंचा

सूत्रों के अनुसार इस तरह की अव्यवस्थाओं से नाराज व्यापारियों ने मंडी बोर्ड के स्थानीय अधिकारियों के साथ ही ईओडब्लू को भी शिकायत पत्र सौंपा है। इसके बाद मामले में नये तरह के खुलासे की संभावना भी देखी जा रही है। पहले ही मंडी सचिव की विभागीय जांच की बात सामने है, इसके बाद नये मामले में उनकी मुश्किले और बढ़ा दी हैं, इससे इंकार नहीं किया जा सकता है। इससे कृषि उपज मंडी में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं। सूत्रों के अनुसार कतिपय पार्टी नेताओं के दवाब के चलते भी निविदा प्रक्रिया की गोपनीयता प्रभावित करने की बात सुनी जा रही है। हालांकि इस के आरोप को लेकर अभी पुख्ते तौर पर जानकारी सामने नहीं आई है। उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच के बाद उक्त आरोप की परते खुल सकती हैं जिसकी संभावना बहुत कम हैं।

# सेम सीनियर सिटीजन क्लब में मैंगो क्वीन प्रतियोगिता



**जबलपुर, देशबन्धु।** सेम सीनियर सिटीजन क्लब ने प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी 15 वी. मैंगो क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन साउथ एवेन्यू मॉल में किया। जिसमें लगभग 22 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। संयोजक जादूगर एस. के. निगम के मार्गदर्शन में इस प्रतियोगिता में किसी ने बनाई आम की बर्फी, किसी ने आम के केक तो किसी ने आम के कटलेट, मैंगो पास्ता, आम का पना, आम के नूडल्स आदि 30 से अधिक व्यंजन जसवीर चौपड़ा, प्रभा बच्चन श्रीवास्तव, रश्मि श्रीवास्तव, मेंहदी दत्ता, प्रीति सतीश पटेल, लक्ष्मी राजपूत, ममता वासवानी, राजकुमारी रैकवार, आशा मालवीय ने बनाए। कार्यक्रम मेंकार्यक्रममें निर्णायक की भूमिका अनुभा शर्मा और जिला कायस्थ महासभा के अध्यक्ष के. के. श्रीवास्तव, पार्षद अयोध्या तिवारी ने निभाई। आम में जिस उत्साह से हिस्सा लिया, उससे निर्णायक समिति ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देने की अनुशंसा की। अतिथियों द्वारा सभी प्रतिभागियों को आकर्षक पुरूस्कार से पुरुस्कृत किया गया गया। कार्यक्रम का संचालन विंग कमाण्डर चंदन शर्मा और आभार प्रदर्शन बच्चन श्रीवास्तव ने किया।

# विस की प्राक्कलन समितिः संभाग में चल रहे विकास कार्यों पर की चर्चा

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश विधानसभा की प्राक्कलन समिति ने होटल कल्चुरी में आयोजित बैठक में जबलपुर संभाग में चल रहे विकास एवं निर्माण के कार्यों तथा विभिन्न परियोजनाओं पर चर्चा की। समिति के सभापति अजय विश्नोई की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में मौजूद विभिन्न विभागों के संभागीय अधिकारियों ने जबलपुर में बन रही रिंग रोड, फ्लाईओवर, स?क परियोजनाओं, जल जीवन मिशन के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जल निगम द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी दी। बैठक में नगर निगम जबलपुर, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, तथा जबलपुर स्मार्ट सिटी के कार्यों एवं विभिन्न परियोजनाओं की मौजूदा स्थिति तथा जानकारी भी विधानसभा की प्राक्कलन समिति के सदस्यों को दी गई। बैठक में समिति के सदस्य ओमप्रकाश धुर्वे, सोहनलाल बाल्मीक, दिनेश जैन बोस एवं देवेंद्र रामनारायण सखबार उपस्थित थे। सांसद आशीष दुबे, विधायक अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, डॉ अभिलाष पांडे भी बैठक में मौजूद थे।


NH नेशनल हॉस्पिटल
स्थान- 703, गोलबाजार, जबलपुर
फोन नं.: 0761- 2412612, 2414612
C.G.H.S., C.S.M.A., E.S.I.C. एवं आयुष्मान द्वारा मान्यता प्राप्त
सुपर स्पेशिलिटी विभाग
● हृदय रोग (एंजियोग्रॉफी, एंजियोप्लॉस्टी, पेसमेकर) ● न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी (लकवा, मिर्गी, मूवमेन्ट डिसआर्डर, स्पाईन सर्जरी, हेड इन्जरी, ब्रेन ट्यूमर) ● यूरोलॉजी (मूत्र के सभी रोगों का इलाज एवं ऑपरेशन, प्रोस्टेड के ऑपरेशन लेजर द्वारा किडनी की पथरी के ऑपरेशन) ● शल्य चिकित्सा (हर्निया, अपेन्डिक्स, पाईल्स, फिस्टुला व आंतों में छेद एवं पेट के सभी ऑपरेशन) ● हड्डी रोग (हिप एवं नी रिप्लेशमेन्ट) ● छाती रोग ● नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस) ● स्त्री रोग (हाई रिस्क प्रेगनेन्सी) ● नेत्र रोग ● शिशु रोग
28 वर्षो से जहर, सर्पदंश, डेंगू, एक्सीडेंट, ट्रामा एवं अन्य एम.एल.सी. के मरीजों में सर्वाधिक जीवन रक्षा का कीर्तिमान




J.B.F.A.
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 132
मुर्गा मीडियम - रु. 126
मुर्गा बड़ा - रु. 118
मुर्गा जम्बो - रु. 118
मो.-9039925000, 9425800409



सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 114
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 122
छोटा ब्रॉयलर - रु. 128
मोबाइल नं. 9300692405



FOR PRIVATE SCREENING CALL +918435552143
FOR ONLINE BOOKING & OFFER BOOK FROM BOOKMYSHOW
CALL BOOKING 0761-4069888, 4069889
Wednesday Offer Flat ₹90/- for valid for purchase with food coupon
समदड़िया सिनेमा


RAID-2
11:00AM 12:30PM
02:00PM 03:30PM
05:00PM 06:30PM
07:30PM 09:00PM
10:15PM
THUNDERBOLTS 3D(hindi)
01:30PM
06:15PM
THE BHOOTNI
11:00AM
04:00PM
08:30PM
KESARI-2
01:00PM
09:00PM
HIT The third Case (hindi)
03:30PM
PHULE (hindi)
06:30PM

# रिजल्ट टाइम सीबीएसई 10वीं और 12वीं के रिजल्ट हुए जारी, छात्रों ने लहराया योग्यता का परचम

## लक्ष्य बनाकर तय होगा सफर

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर रिजल्ट की खुशियों ने आंखों की चमक बढ़ाई। सफलता की मुस्कान बिखेरकर छात्रों ने सुनहरे भविष्य के सपने बुनें। किसी ने सफलता का श्रेय पैरेंट्स को दिया, तो किसी ने उनके भाई-बहन मोटिवेशन रहें। किसी स्टूडेंट्स ने सेल्फ नोट्स से मुकाम पाया, वहीं कुछ ने टीचर्स और मेंटर्स को धन्यवाद दिया। सीबीएसई बोर्ड के रिजल्ट जारी होने का इंतजार मंगलवार को खत्म हुआ। एमपी बोर्ड के रिजल्ट के बाद स्टूडेंट्स सीबीएसई के जारी होने वाले रिजल्ट के लिए टकटकी लगाए थे। रिजल्ट जारी होने के बाद खुशी और उमंग का उत्साह चारों ओर नजर आया।

### 10वीं कॉमर्स व मैथ्स साइंस स्ट्रीम सिलेक्शन का दिखा क्रेज

मैथ्स-साइंस लेकर करेंगी पढ़ाई

**अंशिका बचानी-परसेंट- 97.2**

स्टडी के लिए हर सब्जेक्ट को बराबर भागों में बांटा और फिर कंटेंट वाइज स्टडी की। सेम्पल पेपर्स सॉल्व करके तैयारी करने का अधिक फायदा मिला, क्योंकि इससे सेल्फ वैल्यूएशन हो जाता था। अब मैथ्स-साइंस लेकर पढ़ाई करना है। जेईई की तैयारी भी चल रही है। वे जान्हवी-प्रदीप कुमार बचानी की बेटी हैं।

**मेडिकल लाइन से जुड़ना है**

**स्नेहा उपाध्याय - परसेंट- 95.4**

एग्जाम के दौरान एकाग्रता बनाए रखी। टीचर्स ने जिन बातों पर ध्यान देने के लिए कहा सिर्फ उन्हीं पॉइंट पर फोकस किया। अब बायो लेकर पढ़ाई करना है। मेडिकल लाइन में जाना लाइफ ड्रीम है, इसलिए पूरी मेहनत से पढ़ाई करेंगी। वे सफलता का श्रेय सुधा- एडवोकेट दिनेश उपाध्याय को देती हैं।

**टीचर्स ट्रिक्स ने किया गाइड-**

**श्रेयांश वाजपेयी - परसेंट- 91**

पढ़ाई के लिए टाइम टू टाइम स्टडी पर फोकस किया। टीचर्स के ट्रिक्स और सेल्फ स्टडी से परसेंट हासिल करने में मदद मिली। सोशल मीडिया से दूरी ही रही, क्योंकि एग्जाम और सब्जेक्ट को लेकर काफी चीजें सर्कुलेट होती हैं। वे सीमा-नीरज वाजपेयी के बेटे हैं।

### 12वीं इंजीनियर, डॉक्टर बनने का सपना लिए करेंगे पढ़ाई

**विनायक श्री दुबे-परसेंट- 96.6**

विनायक ने बताया कि उन्होंने पढ़ाई के लिए कोई खास शेड्यूल नहीं बनाया, लेकिन रूटीन से एक बड़ा समय पढ़ाई के लिए निकालते थे। आगे बीकॉम और सीए की तैयारी करेंगे। उन्होंने बताया कि स्कूल टीचर्स के टिप्स के साथ उन्होंने खुद से नोट्स तैयार किए। सफलता का श्रेय माँ दीपिका दुबे को देते हैं।

**इंजीनियर बनना लाइफ ड्रीम है**

**अक्षत जैन-97.6 प्रतिशत**

अक्षत जैन ने मैथ्स साइंस स्ट्रीम में एनसीईआरटी की किताबों से पढ़ाई की। पढ़ने के लिए कोई समय तो निश्चित नहीं था, जब लगता तब पढ़ाई करते थे। जेईई एडवांस की परीक्षा के लिए जुटे हैं। इंजीनियर बनना ड्रीम है, जिसे पूरा करना है। आत्मविश्वास से सफलता जरूर मिलती है। वे सोनाली-प्रवीण के बेटे हैं।

**पैरेंट्स की तरह डॉक्टर बनना है**

**पुष्टि शर्मा- परसेंट- 94.4**

पुष्टि शर्मा ने बायो से पढ़ाई की। उन्होंने कहा कि वे पैरेंट्स की तरह डॉक्टर बनना चाहती हैं। इसके लिए नीट की तैयारी कर रहीं हैं। मां डॉ. रिचा शर्मा मेडिकल कॉलेज में उपअधीक्षिका व पिता डॉ. अरविंद शर्मा मेडिकल कालेज में अधीक्षक के पद पर हैं। फैमिली में सभी मेडिकल लाइन में इसलिए यह परम्परा बढ़ाएंगी।

**मुस्कान आहूजा-परसेंट- 96.6**

मुस्कान ने बताया कि पढ़ाई में बड़े भाई प्रखर का सहयोग रहा। भाई ने हमेशा स्कोरिंग करने के टिप्स दिए।

सफलता का श्रेय भाई को जाता है। अब सीए की तैयारी पर पूरा फोकस है, क्योंकि बचपन से ही सीए बनने का सपना था। वे भावना-मुकेश आहूजा की बेटी हैं। परीक्षा के समय छह से सात घंटे पढ़ाई की।

**वैष्णवी सोनकर-परसेंट- 90**

**पैरेंट्स- साहिबा-संदीप सोनकर**

# ग्रीन एनर्जी पर आधारित तैयार किए बैग



**जबलपुर, देशबन्धु।** शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज महाविद्यालय जबलपुर के फैशन टेक्नोलॉजी विभाग छात्राओं ने आरजीपीवी भोपाल में आयोजित प्रदेश स्तरीय सृजन प्रदर्शनी में चार प्रोजेक्ट तैयार किए। छात्राओं ने प्रोजेक्ट क्लीन एंड ग्रीन एनर्जी के अंतर्गत टोटे बैग तैयार किए। इन बैगों को मधुबनी पेंटिंग से सजाया। प्रतियोगिता में प्रदेश के इंजीनियरिंग पॉलिटेक्निक और उच्च शिक्षा संस्थानों के छात्रों ने नवाचार आधारित प्रोजेक्ट तैयार किए थे। प्रतियोगिता में पॉलिटेक्निक की छात्राओं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं को 10 हजार की पुरस्कार राशि दी गई। मैंटर फैशन टेक्नोलॉजी विभाग की मीना गुप्ता रहीं। समूह में छात्राएं अफसाना बेगम, उषा यादव, जोया मंसूरी, प्राची विश्वकर्मा ने भाग लिया। प्रोजेक्ट की उपलिब्ध के लिए छात्राओं के दल को प्राचार्य डॉ. नीलम अग्रवाल ने सम्मानित किया। इस मौके पर व्याख्याता संगीता सोनी, हरवंश त्रिपाठी, शशि विश्वकर्मा, रविकांता जैन, रेशमा साहू, मेघना शर्मा, स्नेह जाट मौजूद रहीं।

# रक्तदाताओं ने दिया 22 यूनिट ब्लड

**जबलपुर, देशबन्धु।** मदन महल में ब्लड डोनेशन कैम्प लगाया गया। इस दौरान 22 यूनिट ब्लड कलेक्ट किया गया। इस मौके पर मनु शरत तिवारी, मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. शिशिर चनपुरिया, डॉ. सौम्या अग्रवाल, अर्चना शुक्ला, श्याम लाल पाण्डे, मुकेश मरावी, रजनी, राजेन्द्र चौबे मौजूद थे।




# ए.पी.एन.सी.बी.एस.ई. सीनियर सेकेण्ड्ररी स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**जबलपुर, देशबन्धु।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी.बी.एस.ई) द्वारा कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम जारी किया गया जिसमें ए.पी.एन, सी.बी.एस.ई. सीनियर सेकेण्ड्ररी स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। जिसमें कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान कुमारी अमृत कोहली (बायो ग्रुप)- 93.4 प्रतिशत द्वितीय स्थान शिवा दुबे (मैथ्स ग्रुप)-92.8 प्रतिशत तृतीय स्थान सत्या खन्ना (मैथ्स ग्रुप)- 92.6 प्रतिशत एवं कक्षा 10वीं में प्रथम स्थान कुमारी आर्या सिंग - 88.2 प्रतिशत द्वितीय स्थान दिव्यांश जैन - 87.4 प्रतिशत, तृतीय स्थान जीत ज्योतिरादित्य सिंग ने 85.6 प्रतिशत प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया। कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 83 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 82 प्रतिशत रहा। संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि हमारी शाला के शिक्षक शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को लगन एवं जिम्मेदारी से अध्यापन करवाते हुए शाला के परीक्षा परिणाम में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शाला गौरव बढ़ाया है। शाला के प्राचार्य मुकेश चौरसिया सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### 12वीं का परिणाम

अमृत कोहली - पीसीबी 93.4 प्रतिशत, शिवा दुबे - पीसीएम 92.8 प्रतिशत , सव्या खन्ना - पीसीएम 92.6 प्रतिशत, अरनव तिवारी - पीसीएम 90.6 प्रतिशत , तनिशा पाण्डेय - पीसीएम 90.6 प्रतिशत, गरिमानन्द - हयूमिनिटीस 90.2 प्रतिशत, शीबा खान - पीसीबी 89.6 प्रतिशत, श्रेया मिश्रा - पीसीएम 88.4 प्रतिशत, प्राची गुप्ता - पीसीएम 88.0 प्रतिशत, सार्थक चौहान - पीसीएम 87.8 प्रतिशत, परम भटनागर - पीसीबी 87.8 प्रतिशत, अभिषेक यादव - पीसीबी 86.8 प्रतिशत, अशविका राय - पीसीएम 86.2 प्रतिशत, अदिति पाटेकर - पीसीबी 85.4 प्रतिशत, यथार्थ प्रकुल श्रोत्रिय - 85.2 प्रतिशत, अदित्य सिंघ लोधी - पीसीएम 85 प्रतिशत, न्यासा चौहान - पीसीबी 85 प्रतिशत, पूर्वी अग्रवाल - पीसीएम 84.6 प्रतिशत, योगिता सिंह - पीसीएम 84 प्रतिशत, गगनदीप उईके - पीसीबी 84 प्रतिशत, अंश सिकदकर - पीसीएम 83.8 प्रतिशत, अंजुली सिंह - पीसीबी 83.8 प्रतिशत, सानिध्य उपाध्याय - पीसीएम 83.4 प्रतिशत, एस रोहित राज- पीसीबी 83.2 प्रतिशत, सार्थक करण - पीसीएम 82.8 प्रतिशत, आनवी भारद्वाज - पीसीबी 82 प्रतिशत, आरव पटले- पीसीबी 81.6 प्रतिशत

### 10वीं का परिणाम

आर्या सिंह - 88.2 प्रतिशत, दिव्यांश जैन - 87.4 प्रतिशत, जीत ज्योतरादित्य सिंह- 85.6 प्रतिशत







## दैनिक राशिफल

**बुधवार 14 मई 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। जेष्ठ कृष्ण पक्ष की द्वितीया, नक्षत्र-अनुराधा।**

**मेष**
आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से आज का दिन लाभदायक रहेगा। लंबे समय का आर्थिक आयोजन पूरा कर सकेंगे।

**वृषभ**
परिश्रम की अपेक्षा कम परिणाम मिलने पर भी आप निष्ठापूर्वक काम को आगे बढ़ाएंगे। आपके क्षेत्र की विशालता और वाणी की मधुरता अन्य लोगों को प्रभावित करेगी।

**मिथुन**
महत्वपूर्ण निर्णय लेने में कठिनाई महसूस करेंगे। घर में माता और स्त्री वर्ग के लिए आप अधिक भावनाशील बन जाएंगे। तनाव महसूस कर सकते हैं। `क-

**कर्क**
आज का दिन नए काम की शुरुआत या सफलता के लिए अच्छा रहेगा। मित्रों और स्वजनों से मिलकर आप खुशी अनुभव करेंगे। किसी यात्रा की संभावना है।

**सिंह**
परिवार के सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। महिला मित्रों की विशेष मदद मिलेगी। अपनी प्रभावकारी वाणी से अन्य लोगों का ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

**कन्या**
अपने समृद्ध विचार और बोली से आज आपको लाभ होगा। किसी के साथ नए संबंध में जुड़ सकते हैं। आज का दिन व्यापार की दृष्टि से लाभदायक रहने की संभावना है।

**तुला**
आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें।

**वृश्चिक**
घर परिवार के साथ आपको आनंद और संतोष की अनुभूति होगी। पत्नी और पुत्र की तरफ से अच्छे समाचार मिलेंगे। शुभ कार्य में भाग ले सकेंगे।

**धनु**
काम में सफलता का दिन है। नए काम की शुरुआत कर सकेंगे। व्यापारी अपने बिजनेस का आयोजन और विस्तार अच्छी तरह कर सकेंगे। नौकरी में उच्च पदाधिकारी आपकी पदोन्नति के लिए विचार करेंगे।

**मकर**
आप अपने व्यापार के लिए नई शैली से काम करेंगे। लेखन और साहित्य संबंधी काम को आगे बढ़ा सकते हैं। शारीरिक थकावट और भय की अनुभूति होगी।

**कुंभ**
आपके मन में नकारात्मक विचार उत्पन्न हो सकते हैं। आपके मन में क्रोध और दु:ख की भावना हो सकती है।

**मीन**
भाग्य का साथ होने के आज का दिन अच्छी तरह व्यतीत होगा। बिजनेस में भागीदारी करनी हो तो समय अनुकूल है। जीवनसाथी के साथ निकटता का अनभव होगा।

म.

# दिल में किसी का प्यार जलता हुआ दीया...



**जबलपुर, देशबन्धु।** स्वर मंजरी कराओके ग्रुप के तत्वावधान में अनुसुइया हॉल दत्त मंदिर में सदाबहार गीतों की कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में गायक कलाकारों ने लता, देवकी पंडित, आशा, सुमन कल्याणपुरकर, श्रेया घोषाल, जगजीत चित्रा सिंह के एक से बढ़कर एक सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के लिए पिस्ता कलर ड्रेसकोड तय किया गया। विशिष्ट अतिथि संगीत संकल्प संस्था अध्यक्ष डॉ. सुमनलता श्रीवास्तव, म.प्र.वि. मंडल पावर मैनेजमेंट कम्पनी विमन क्लब की अध्यक्ष अंजना तिवारी, संगीत शिक्षका मीता भट्टाचार्य, एवं सनाढ्य संगम ब्राह्मण परिषद् से रश्मि पाठक, संयोजक शिल्पा ताम्हणे रहीं। इस मौके पर सहसंयोजक किशोर ताम्हणे, विवेक गौतम, विमल श्रीवास्तव, राजेश पाठक प्रवीण, अजय फाटक, पीयूष माणिक मौजूद थे।

# रिसर्च करना है तो फोर्थ ईयर में ऑनर्स लेकर पढ़ें



**जबलपुर, देशबन्धु।** रांझी गर्ल्स कॉलेज में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत स्नातक के बाद कॅरियर चुनाव विषय पर व्याख्यान आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के संभागीय समन्वयक प्रो. अरुण शुक्ल ने कहा कि सफलता के लिए छात्र जीवन में लक्ष्य निर्धारण आवश्यक है। वहीं पढ़ाई के दौरान सही अध्ययन सामग्री का चयन भी किया जाना चाहिए।

अन्य वक्ताओं ने कहा कि छात्राएं रिसर्च फील्ड में जाना चाहती हैं तो ऑनर्स चतुर्थ वर्ष में एडमिशन ले सकती हैं। जो छात्राएं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करना चाहती है, वह एसएससी, बैंकिग, रेलवे की तैयारी कर सकती हैं। इसके साथ ही उद्यमिता के विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी स्वरोजगार के संदर्भ में प्रदान की गई। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. वीणा वाजपेई, टीपीओ डॉ. बिंदू शर्मा, डॉ. वीणा श्रीवास्तव, डॉ. जरीना जान, डॉ. रेणु घई, डॉ. वंदना गुप्ता मौजूद रहीं।

# राकेश श्रीवास बने सेवानिवृत्त प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांताध्यक्ष रॉबर्ट मॉर्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि संगठन के प्रांतीय सचिव राजेश सहारिया की अनुशंसा पर राकेश श्रीवास को जागरूक अधिकारी कर्मचारी सेवानिवृत्त प्रकोष्ठ का सभी पदाधिकारियों की सहमति से संभागीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राकेश श्रीवास के सेवानिवृत प्रकोष्ठ का संभागीय अध्यक्ष बनने से संगठन को मजबूती मिलेगी सेवानिवृत कर्मचारियों की आवाज को समस्याओं के निराकरण हेतु उठाता रहेगा, संगठन के प्रदेष अध्यक्ष-रॉबर्ट मार्टिन, राजेश सहारिया, गुडविन चार्ल्स, एनोस विक्टर, मनमोहन चौधरी, विनोद सिंह, उमेष सिंह ठाकुर, धनराज पिल्ले, शशिरमन स्वामी, मक़सूद कादरी, वीरेन्द्र श्रीवास, विनय रामजे, आषीष कोरी, एस.बी.रजक, सुखराम विष्वकर्मा आदि ने बधाई दी है।

# निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री गोपाल सिंह राजपूत-** ईसाई मोहल्ला प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री गोपाल सिंह राजपूत (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती तुलसी देवी केसवानी-** अनंततारा बंगला नं. 5, फेस 2 तिलहरी निवासी श्री टेकचंद केसवानी की धर्मपत्नी श्रीमती तुलसी देवी केसवानी (100) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भगवानदीन रैदास-** रामहरख का बगीचा पूर्वी घमापुर निवासी श्री भगवानदीन रैदास (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अखिल वामनराव मुले-** टेलीग्राफ गेट नं. 4 साईं नारायण दरबार के पास राइट टाउन निवासी श्री अखिल वामनराव मुले (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चंदन सोनकर-** ललित कॉलोनी नेहरू वार्ड निवासी श्री चंदन सोनकर (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कृष्णा देवी शर्मा-** फूटाताल लाल स्कूल के पास निवासी श्री शिव कैलाश शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा देवी शर्मा (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुशीला बाई सोंधिया-** फूटाताल दुर्गा चौक निवासी श्री बहादुर प्रसाद सोंधिया की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला बाई सोंधिया (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शोभा चौबे-** कमानिया बड़ा फुहारा निवासी श्री कृपा शंकर चौबे की धर्मपत्नी श्रीमती शोभा चौबे (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री शानू राजपूत-** फूटाताल नटराज कला मंदिर के पास निवासी श्री नरेंद्र कुमार राजपूत के पुत्र श्री शानू राजपूत (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई चौधरी-** कांचघर झंडा चौक निवासी श्री मेवा लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई चौधरी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राकेश केवट-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री राकेश केवट (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रामरति गुप्ता-** नंदन विहार त्रिमूर्ति नगर निवासी श्री गनेश प्रसाद गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती रामरति गुप्ता (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

## बोरे में मिली युवक की सिर कटी लाश

### हाथ-पैर भी मिले कटे हुए

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोहलपुर थाना अंतर्गत कृष्णा कालोनी के नंदन विहार के समीप नाले में पड़ी बंद बोरी के अंदर युवक की टुकड़ों में लाश मिली। युवक की लाश के हाथ–पैर कटे हुए थे और सिर गायब था। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा कर हत्या कर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मृतक युवक की शिनाख्त के प्रयास प्रारंभ कर दिये है। इसके अलावा आरोपियों के संबंध में भी पतासाजी प्रारंभ कर दी है।

प्रभारी सीएसपी गोहलपुर बी एस गठोरिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम को कृष्णा नगर नंदन हिवार के समीप निवासी स्थानीय लोगों को नाले से दुर्गंध आ रही थी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस टीम ने स्थल में जाकर जायजा लेने पहुँची। पुलिस टीम ने पाया कि दुर्गंध नाले के किनारे पड़े हुए बोरे से आ रही थी। बोरे को खोलकर देखा तो उसमें लाश थी। लाश को बाहर निकाला गया तो उसका सिर गायब था और हाथ पैर अलग–अलग हिस्सों में कटे हुए थे।मृतक के एक हाथ में मंजू लिखा हुआ था।

मृत व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो पाई है। सिर नहीं होने के कारण उसके हाथ में गुदे मंजू शब्द के आधार पर उसकी शिनाख्त के प्रयास



जारी है। युवक की किसी और स्थान पर हत्या कर शव को बोरे में बंद कर नाले में फेंका गया है। युवक की शिनाख्त नहीं हो सकते इसलिए सिर को धड़ से अलग कर कही और फेंका गया है। पुलिस ने लाश को पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिवाज दिया है। पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों के संबंध में पतासाजी प्रारंभ कर दी है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच जारी है।

## गाड़ी न देने की बात पर दो पक्ष भिड़े

### मदनमहल गंगा सागर रोड पर वारदात

**जबलपुर, देशबन्धु।** मदनमहल थाना क्षेत्रातंर्गत गंगासागर रोड पर गाड़ी न देने की बात पर दो पक्ष आपस में भिड़ गये। जिसमें दोनों पक्षों ने एक दूसरे के साथ जमकर मारपीट कर दी। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के युवक पर चीप के टुकड़े से हमला कर दिया। जिससे युवक को गंभीर चोट आई है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल रेफर किया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

पुलिस ने बताया कि गंगासागर निवासी 21 वर्षीय अभिषेक चौधरी ई–रिक्शा चलाता है। बीती रात करीब नौ बजे वह गंगासागर रोड पर किसी काम से शर्मा किराना दुकान गया था। जहां पर उसके पड़ोसी नंदू ने पहुंचकर उससे गाड़ी मांगी। जिसे अभिषेक ने मना कर दिया। इसी बात को लेकर नंदू व उसके भाई राजकुमार ने अभिषेक के साथ जमकर मारपीट कर दी। वहीं राजकुमार ने शिकायत दर्ज करायी कि गाड़ी की बात लेकर अभिषेक व उसके भाई दिनेश एवं अशोक ने गालीगलौज करते हुए उसके व उसके भाई नंदू के साथ मारपीट करते हुए चीप के टुकड़े से हमला कर दिया। जिसके बाद उसने अपना उपचार विक्टोरिया अस्पताल में कराया, जहां से राजकुमार को मेडिकल रेफर किया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।



## किन्नरों गुटों में विवाद, चले चाकू

**जबलपुर, देशबन्धु।** रांझी थानान्तर्गत किन्नरों गुटों में विवाद के दौरान चाकूबाजी की घटना घटित हुई। चाकूबाजी की घटना में एक किन्नर को चोट आई है। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस के अनुसार घायल के अभी तक वयान दर्ज नहीं हो पाया है। घायल का उपचार जारी है और उसके बयानों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। किन्नर गुटों में झगड़े के दौरान क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया था।

## दहेज में जमीन की मांग कर ससुराल वालों ने जेवर छीनकर भगाया

**जबलपुर, देशबन्धु।** गढ़ा थाने में एक 25 वर्षीय महिला ने शिकायत दर्ज करायी कि उसके ससुराल वाले दहेज में जमीन की मांग कर उसे प्रताड़ति कर मारपीट करते है। दिसंबर माह में जब उसके मायके वाले उसे लेने आये तो ससुराल वालों ने उसके जेवर छीन लिये और कहा कि जमीन लेकर ही वापस आना, तब से वह अपने मायके में रह रहीं है। पीड़िता पूजा लोधी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति, सास–ससुर व देवर, ननद और नंदोई के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

पुलिस ने बताया कि पूजा लोधी ठाकुर उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम कुडई थाना पटेरा जिला दमोह की शादी सामाजिक रीति रिवाज से 22 अप्रैल 24 को कशिश लोधी निवासी शाहीनाका गढ़ा से हुई थी। शादी में उसके परिवार वालों ने अपनी सामर्थता अनुसार ससुराल वालों को घर गृहस्थी का सामान एवं 7 लाख रूपये, पति को सोने की चैन अंगूठी दी थी। शादी के बाद से ही पति कशिश लोधी, सास फूलबाई लोधी, ससुर बलराम लोधी, देवर हरित लोधी उसे दहेज के लिये प्रताड़ित करने लगे तथा दहेज में जमीन लेने के लिये बोलने लगे। उसने मना किया तो आये दिन प्रताड़ति करने लगे। पति ससुराल में मारपीट करते थे। रात में उसे डराकर उसका वीडियो बनाते थे, उसे पागल सिद्ध करना चाहते थे। इतना ही नहीं ननद संगीता और नंदोई विनोद जो ससुराल में रहते थे दहेज के लिये प्रताडित करते थे, ननद मारपीट करती थी। सुसराल वालों ने कहा कि मायके से दहेज में जमीन के लिये बोलो, उसने मना किया तो ससुराल वाले उसे घर से निकालने लगे। इसके बाद 16 दिसंबर 2024 जब उसके मायके से उसे लेने आये तो पति तथा ससुराल वालों ने उसका स्त्रीधन जेवर तथा मोबाइल ले लिया तथा उसे मायके भेज दिया। सास ससुर बोले कि जब तक जमीन नहीं दोगे ससुराल नही आना तभी से मायके मे रह रही है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## वर्दी का रौब दिखाने वाला मझगवां टीआई लाइन अटैच

### दंपत्ति के साथ अभद्रता कर थाने ले जाने का मामला, एसडीओपी करेंगी जांच

**जबलपुर, देशबन्धु।** मझगवां बाजार में विगत दिवस सड़क किनारे खड़ी बाइक को लेकर युवक के साथ अभद्रता कर उसे घसीट कर पत्नी के सामने थाने ले जाने के मामले ने पुलिस का बर्बर चेहरा उजागर कर दिया है। उक्त मामले का वीडियो वायरल होने व सोशल मीडिया पर पुलिस छिछा–लेदर होते देख वरिष्ठ अधिकारियों ने मझगवां टीआई धन्नू सिंह को लाइन अटैच कर दिया है, वहीं मामले की जांच सिहोरा एसडीओपी को सौंपी गई है।

उल्लेखनीय है कि विगत मझगवां टीआई टीआई धन्नू सिंह अपने स्टाफ के साथ बाजार भ्रमण पर निकले थे। इस दौरान सड़क पर बाइक खड़ी देखकर उन्होंने चालानी कार्यवाही शुरु कर दी। इसमें एक बाइक प्रतापपुर गांव के भोलू अनंत राम की भी थी। वे अपनी पत्नी व दो साल के बेटे के साथ बाजार में खरीददारी करने आए थे। कार्यवाही होते देख भोलू दौड़कर थाना प्रभारी के पास आए और कहा कि साहब गाड़ी तो सड़क किनारे खड़ी है। इस पर टीआई आक्रोशित हो गए और स्वयं ही बाइक को थाने ले जाने लगे। भोलू ने विरोध किया तो टीआई ने उसे ही खींचकर ले जाने लगे, पत्नी ने देखा तो चीखी चिल्लाई लेकिन टीआई धन्नू सिंह ने उनकी एक न सुनी और भोलू को घसीटते रहे, इस दौरान मझगवां थाने के पुलिसकर्मी वीडियो बना रहे थे। वहीं कुछ लोगों ने भी वीडियो बनाया। जिसमें भोलू की पत्नी कह रही है कि मेरे पति को क्यों मार रहे है। मौके पर उपस्थित लोगों ने भी यही कहा कि साहब गाड़ी का चालान कर दें, इस तरह से कार्यवाही न करें। करीब आधा घंटा तक यह घटनाक्रम चला। लेकिन आक्रोशित टीआई धन्नू सिंह ने किसी भी नहीं सुनी और प्रतापपुर निवासी भोलू अनंतराम की कॉलर पकड़कर खींचते हुए थाने ले गए। थाना प्रभारी के इस तरह के व्यवहार का ग्रामीणों ने विरोध किया और थाना के समक्ष धरना देकर प्रदर्शन शुरु कर दिया। मामला वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचा तो समझाइश देकर शांत करा दिया गया।

#### इनका कहना है–

गाड़ी सड़क से हटाने को लेकर वायरल हुए विडियो व लोगों के विरोध पर टीआई को लाइन अटैच किया गया है। मामले की जांच सिहोरा एसडीओपी को सौंपी गई है। जिसके बाद आगे की वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

– **सूर्यकांत शर्मा,** एएसपी ग्रामीण

## दो सड़क हादसों में आधा दर्जन घायल

**जबलपुर, देशबन्धु।** बरेला थाना क्षेत्र में जहां एक बेलगाम कार चालक ने दो मोटरसाइकिलों को टक्कर मार दी, जिससे चार लोग घायल हो गये। वहीं कटंगी क्षेत्र में एक बाईक चालक ने नौ वर्षीय बालक को टक्कर दी और खुद भी बाईक सहित गिर गया। दोनों मामलों की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर उन्हें विवेचना में लिया है। बरेला पुलिस ने बताया कि रांझी मानेगांव आजाद नगर निवासी 19 वर्षीय राजकुमार जैन अपने पिता विकास कुमार जैन व परिचित के रोहित जायसवाल और रहीस कुबेर उइके साथ बरेला शारदा मंदिर दर्शन करने गये थे। जहां से मोटर साइकिलों में चारों लौट रहे थे। जैसे ही वे सनराईस ढाबा के आगे पहुंचे, उसी समय पीछे से आ रही कार क्रमांक एमपी 17–सीए 8661 के चालक ने तेज गति व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दोनों मोटर साइकिलों में टक्कर मार दी। लापरवाही से चलाते हुये हम दोनों की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया। जिससे हम चारों मोटर सायकल सहित गिर गये।

## ट्रायल कोर्ट ने किया अपीलकर्ता के साथ घोर अन्याय




### हाईकोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए पास्को मामले में किया दोषमुक्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** पास्को सहित अन्य धाराओं में सजा से दंडित व्यक्ति ने हाईकोर्ट की शरण ली थी। हाईकोर्ट ने क्रिमनल रिवीजन अपील की सुनवाई करते हुए अपीलकर्ता को दोषमुक्त कर दिया। हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल तथा जस्टिस देव नारायण मिश्रा की युगलपीठ ने अपने आदेष में कहा है कि ट्रायल कोर्ट ने अपीलकर्ता के साथ घोर अन्याय किया है। अभियोजन पक्ष अपीलकर्ता को झूठा फंसाने तथा वास्तविक अपराधी को बचाने की कोशिश कर था,जो पीडित का करीबी पारिवारिक रिश्तेदार हो सकता है। अपीलकर्ता दुर्भावनापूर्ण अभियोजन का मामला दर्ज करने और उचित फोरम के समक्ष क्षतिपूर्ति मांगने के लिए स्वतंत्र है।

युगलपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि सजा के खिलाफ दायर पहली अपील को इस आधार पर निरस्त कर दिया गया था कि सरकारी अधिवक्ता द्वारा बताया गया था कि डीएनए रिपोर्ट साकारात्कम है। अपीलकर्ता की तरफ से आवेदन पेश करते हुए बताया गया कि डीएनए रिपोर्ट के संबंध में गलत जानकारी दी गयी है। रिपोर्ट के अनुसार पीडित बहुत कम पुरुष डीएनए पाया गया है। युगलपीठ ने नये तथ्य के प्रकाश में आने के बाद अपील पर अंतिम सुनवाई के निर्देश दिये थे।

अपीलकर्ता की तरफ से युगलपीठ को बताया गया कि जबलपुर के लार्डगंज पुलिस में 6 वर्षीय बच्ची के साथ दुराचार किए जाने की शिकायत उसकी मॉ ने दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया था कि पीडित बच्ची के साथ 22 जून 2020 की रात को आरोपी बिट्टू उर्फ नीलेश रैकवार उम्र 20 साल ने मौखिक सैक्स किया और इसके बाद बच्ची के साथ बलात्कार किया।

युगलपीठ ने रिकॉर्ड का अवलोकन करने के बाद पाया कि महिला डॉक्टर के द्वारा घटना के दूसरे दिन 23 जून की दोपहर साढ़े तीन बजे मेडिकल जांच की थी। मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार हाइमन ताजा फटी हुई थी और उसमें से खून बह रहा था। डॉक्टर ने ट्रायल कोर्ट में स्वीकार किया था कि चोट दो–तीन घंटे से अधिक की नहीं है।

पीडित की मॉ ने ट्रायल कोर्ट में स्वीकार किया था कि उसका देवर छोटू पंडा उर्फ गोपाल रैकवार तथा उसकी सास नीलेष को जेल भेजना चाहते थे। देवर ने ही बच्ची के गुप्तांग में उंगली डाली थी,जिसके कारण खून निकला था। अभियोजन के अनुसार पीड़िता मकान के निचले तल में परिवार के साथ रहती थी। मकान के दूसरी मंजिल में उसका चाचा गोपाल रैकवार रहता था। गोपाल रैकवार ने अपने वयान में स्वीकार किया है कि उसके घर के अंदर से छत में जाना संभव है। इसके अलावा उसने वयान में कहा था कि घटना के संबंध में उसने अपने भाई को सूचित किया था। एफआईआर में बताया गया कि उसने अपनी पीडिता के मॉ को सूचित किया था। इसके अलावा उसने अपने वयान में मौखिक सैक्स देखने की बात से इंकार कर दिया था।

पीड़िता से पूछे गये प्रश्न में उसने स्वीकार किया था कि घटना के समय आरोपी फुलकी का ठेला लेकर गया हुआ था। उसके साथ चाचा की छत को उसके साथ कोई घटना घटित नहीं हुई। उसने स्वीकार किया कि सोते समय चाचा ने उसके गुप्तांक के कुछ किया था। युगलपीठ ने अपने आदेष में कहा है कि अभियोजन के गवाह पीडित की मॉ व पीडित के द्वारा साक्ष्य के दौरान ट्रायल में दिये गये वयान को पढने से अभियोजन साक्षी गोपाल रैकवार पीडित को चोट पहुंचाने का जिम्मेदार है। युगलपीठ ने अपने आदेष में उक्त तल्ख टिप्पणी करते हुए अपीलकर्ता को दुर्भावनापूर्ण अभियोजन का मामला दर्ज करने और उचित फोरम के समक्ष क्षतिपूर्ति मांगने के लिए स्वतंत्र है। युगलपीइ ने ट्रायल कोर्ट द्वारा पोक्सो अधिनियम की धारा 6 के तहत आजीवन कारावास सहित अन्य धाराओं के तहत दंडित किये जाने के आदेष को निरस्त कर दिया है।

## सभी वर्ग के लोगों को पुजारी के पद पर दी जाये नियुक्ति

### याचिका में मांग, हाईकोर्ट ने अनावेदकों से मांगा जवाब

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर राज्य शासित धार्मिक स्थलों में सभी वर्ग के लोगों को पुजारी के पद पर नियुक्ति में अवसर प्रदान करने की मांग की गई है। याचिका में मध्यप्रदेश विनिर्दिष्ट मंदिर विधेयक 2019 की संवैधानिकता को चुनौती दी गई है। मामले पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव जीएडी, सामाजिक न्याय मंत्रालय धार्मिक एवं धर्मस्व मंत्रालय एवं लोक निर्माण विभाग को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ (अजाक्स) के सचिव एमसी अहिरवार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर एवं पुष्पेंद्र शाह ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि उक्त विधेयक की धारा 46 के तहत अनुसूची–एक में मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध मंदिरों तथा अधीनस्थ मंदिरों, भवन तथा अन्य संरचनाओं सहित लगभग 350 से अधिक मंदिरों को अधिसूचित किया गया है। अधिसूचित मंदिरों को मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य शासन के अधीन रखा गया है। इसके तहत अध्यात्म विभाग ने पुजारियों की नियुक्तियों के लिए पॉलिसी बनाई है। इस पॉलिसी में केवल एक विशेष जाति (ब्राह्मण) को ही पुजारी के पद पर नियुक्ति दिए जाने की व्यवस्था की गई है। नियुक्त पुजारी को राजकोष से निर्धारित वेतन का भुगतान किए जाने का प्रावधान किया गया है। दलील दी गई कि हिन्दू समुदाय में ओबीसी, एससी,एसटी वर्ग भी शामिल हैं तो फिर केवल एक जाति को ही पुजारी नियुक्त किया जाना भारतीय संविधान से असंगत है। तर्क दिया गया कि अन्य नियुक्तियों की तरह पुजारी की नियुक्ति भी जाति के आधार पर नहीं, वरन योग्यता के आधार पर होनी चाहिए। राज्य शासन की ओर से उप महाधिवक्ता डिप्टी एडवोकेट जनरल अभिजीत अवस्थी ने याचिका की प्रचलनशीलता पर प्रश्न उठाया। उन्होंने कहा कि अजाक्स एक कर्मचारियों का संगठन है जिसे उक्त याचिका दाखिल करने का कानूनी अधिकार नहीं है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

## जारी किये थे टेंडर, नहीं आये आवेदन

### नौ साल पहले कैंसर इंस्टीट्यूट के लिए जारी हुए थी 84 करोड़ रुपये की राशि

**जबलपुर, देशबन्धु।** नेता जी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के कैंसर इंस्टीट्यूट में राशि आवंटित होने के बावजूद भी उपकरण नहीं खरीदे जाने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका पर मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत तथा जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ को बताया गया कि टेंडर जारी किये जाने के बावजूद भी किसी कंपनी के द्वारा आवेदन नहीं किया गया। इसके अलावा पूर्व में टेंडर निरस्त किये जाने के चुनौती देते हुए भी हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। युगलपीठ ने दोनों याचिका पर 15 मई को संयुक्त रूप से सुनवाई के आदेष जारी किये है।

जबलपुर निवासी अधिवक्ता विकास महावर की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि जबलपुर मेडिकल कॉलेज के कैंसर इंस्टीट्यूट में अनियमितता तथा संसाधन के आभाव कैंसर पी?तों को पर्याप्त इलाज नहीं मिल पा रहा, जो उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। कैंसर इंस्टीट्यूट के लिये उपकरण खरीदने के लिए साल 2016 में 84 करो? रुपये सरकार की तरफ स आवंटित किये गये थे। राषि आवंटित होने के बावजूद भी अब तक उपकरणों की खरीदी नहीं हुई है।

याचिका की सुनवाई के दौरान शासन की तरफ से बताया गया कि दो से तीन मर्तबा निविदा आमंत्रित की गई, लेकिन तकनीकी कारणों से उन्हें निरस्त कर दिया गया है। उपकरण खरीदी मप्र लोक सेवा स्वास्थ्य निगम के द्वारा की जानी है। युगलपीठ ने मप्र लोक सेवा स्वास्थ्य निगम के एमडी को अनावेदक बनाने के निर्देश दिये थे। युगलपीठ ने टेंडर निरस्त करने के संबंध में जवाब प्रस्तुत करने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव मप्र लोक सेवा स्वास्थ्य निगम के एमडी को तलब किया था।

पिछली सुनवाई के दौरान स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव संदीप यादव उपस्थित होकर बताया था कि एक–दो प्रतिभागी टेंडर में उपस्थित हुए थे। जिसके कारण उन्हें निरस्त किया गया है। तकनीकी बोली 29 अप्रैल को खोली जानी है जिसमें जबलपुर केन्द्र के लिए उपकरण एवं मशीन भी जो? दी गई है। लोक स्वास्थ्य सेवा निगम के प्रबंध निदेशक की तरफ से बताया गया कि टेंडर 6 मई को खोलना संभव होगा। युगलपीठ ने उक्त बोली में अंतिम निर्णय लेने के आदेष जारी करते हुए दोनों अधिकारियों की व्यक्तिगत उपस्थिति को माफ करते हुए की थी।

याचिका पर मंगलवार को हुई सुनवाई के सरकार की तरफ से उक्त याचिका दायर की गयी। इसके अलावा सीमेंस हेल्थकेयर कंपनी के तरफ से पूर्व में टेंडर निरस्त किये जाने को चुनौती दी गयी थी। जिसमें कहा गया था अधिकतम बोली के बावजूद भी उन्हें टेंडर प्रदान करने की बजाय निरस्त कर दिया। युगलपीठ ने सुनवाई के बाद उक्त आदेष जारी किये।

## यदि समय पर दुकान खाली नहीं की तो रोजाना 500 का जुर्माना लगेगा

### हाईकोर्ट ने अवमानना कार्रवाई की भी दी चेतावनी

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति द्वारिकाधीश बंसल की एकलपीठ ने अपने एक आदेश में साफ किया है कि यदि नियत समय पर दुकान खाली नहीं की गई तो रोजाना 500 रुपये के हिसाब से जुर्माना लगेगा। यही नहीं अवमानना कार्रवाई से भी इनकार नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने अनावेदक किरायेदार को 30 अप्रैलए 2026 तक हर हाल में दुकान खाली करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही बकाया व नियमित किराया अदा करने भी कहा है।

अपीलकर्ता भोपाल निवासी स्वण् अब्दुल सत्तार के वारिसों विल्किस जहान व रियाज मोहम्मद की ओर से अधिवक्ता प्रमेंद्र सेन ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि मोहम्मद अशरफ सहित अन्य को दुकान किराये से दी गई थी। किंतु अब स्वयं के व्यवसाय के लिए दुकान अपेक्षित है। लेकिन किरायेदार खाली नहीं कर रहा। जिसे लेकर सिविल कोर्ट में मामला दायर किया गया था। जिस पर सुनवाई के बाद दुकान मालिक के हक में आदेश पारित हो गया। लेकिन करायेदार ने पालन न करते हुए अतिरिक्त न्यायालय में मामला दायर कर दिया। जहां से किरायेदार के हक में आदेश पारित हो गया। जिससे व्यथित होकर दुकान मालिक हाई कोर्ट चला आया है। हाई कोर्ट ने सिविल कोर्ट के पूर्व आदेश को उचित पाते हुए अतिरिक्त कोर्ट का आदेश निरस्त कर दिया। साथ ही आदेश दिया कि 30 अप्रैल तक किरायेदार दुकान खाली कर दे।

## मेनका गांधी के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग

### हाईकोर्ट में झूठा शपथ पत्र प्रस्तुत कर अपील दायर करने का आरोप

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट में पूर्व से विचाराधीन जमीन विवाद संबंधी प्रकरण में दूसरे पक्ष ने एक आवेदन प्रस्तुत कर वरिष्ठ भाजपा नेत्री मेनका गांधी के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ के समक्ष यह मामला बुधवार को सुनवाई के लिए नियत है। मामला मेनका गांधी और उनके ममेरे भाई वीएम सिंह के बीच कानूनी लड़ाई से संबंधित है। विगत सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने मेनका और उनकी बहन अंबिका शुक्ला की अपील पर अनावेदक भोपाल निवासी वीएम सिंह, कलेक्टर भोपाल व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिए थे। कोर्ट ने सभी पक्षों को अपनी.अपनी लिखित दलीलें पेश करने कहा था।

वीएम सिंह की ओर से पक्ष रख रहे अधिवक्ता उमेश त्रिपाठी ने अवगत कराया कि मेनका गांधी ने हाईकोर्ट में झूठा शपथ पत्र प्रस्तुत कर अपील दायर की है। मेनका पर आरोप हैं कि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के 2005 के अंतिम फैसले की प्रति संलग्न करने की बजाए केवल एक आवेदन का आदेश पेश किया है। मेनका ने तथ्य छिपाकर हाईकोर्ट को गुमराह करने की कोशिश की है। मांग की गई है कि मेनका के विरुद्ध दंड प्रक्रिया संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज कर पुलिस जांच कराई जाये, मेनका गांधी व उनकी बहन अंबिका की ओर से पक्ष रख रहे अधिवक्ता आदिल उस्मानी ने बताया कि भोपाल की हुजूर तहसील के अंतर्गत लाउखेड़ी की जमीन पर मेनका के ममेरे चचेरे भाई ने पूर्व में हाईकोर्ट से नामांतरण करवाने का एक आदेश करवाया। इस मामले में उन्होंने मेनका व उनकी बहन को पक्षकार नहीं बनाया। उनकी जानकारी में लाये बिना ही जमीन का नामांतरण अपने नाम करा लिया। जिस पर यह अपील दायर की गई है। जबकि दूसरी ओर वीएम सिंह की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा मेनन व उमेश त्रिपाठी ने घोर आपत्ति जताई। उन्होंने दलील दी कि मेनका अनावश्यक आपत्ति पेश कर रही हैं। मेनका की मां अमतेश्वर की जिन आपत्तियों को सुप्रीम कोर्ट निरस्त कर चुकी हैं, पुन्ः वही आपत्ति लगाई जा रही है। दलील दी गई कि अपील 1691 दिन के विलंब से की गई, इसलिए उसे निरस्त किया जाए। उन्होंने बताया कि मेनका की मां ने मध्य प्रदेश की सभी संपत्तियों से स्वयं और वारिसानों का हक त्याग कर दिया था और ये जमीनें वीएम सिंह के नाम कर दी गई थीं। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

## पुलिस आपराधिक प्रकरणों की जानकारी देने में आनाकानी न करे

### जिला बार ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर रखी मांग

**जबलपुर, देशबन्धु।** सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट ने 21 अप्रैलए 2025 को एक पत्र जारी कर दिशा–निर्देश दिया है कि किसी भी आपराधिक प्रकरण में आवेदन के साथ पक्षकार के सभी पूर्व आपराधिक प्रकरणों की जानकारी सूची सहित प्रस्तुत करनी होगी। इसीलिए अधिवक्ता पक्षकारों के पूर्व आपराधिक प्रकरणों की जानकारी प्राप्त करने थाने जाते हैं। लेकिन वहां समुचित सहयोग नहीं किया जाता। इस शिकायत को लेकर मंगलवार को जिला बार एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया कि एक मई से सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट का नियम अस्तित्व में आने के बावजूद पुलिस का रवैया पूर्ववत है। इससे वकील हलकान हो रहे हैं। पक्षकारों को समय पर जमानत नहीं मिल पा रही है। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला बार के सचिव ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, अधिवक्ता तरुण कुमार रोहितास, उपाध्यक्ष मनोज तिवारी, सह सचिव मनोज शिवहरे, कार्यकारिणी सदस्य शैलेंद्र यादव, दुर्गेश मनाना, मनोज तिवारी, रविंद्र दत्त, अनुभव शर्मा सीपू, प्रतीक रघुवंशी, अरविंद यादव, विवेक पटेरियाए यश दुबे व अंकुश चौधरी सहित अन्य उपस्थित थे।

# महर्षि भृगु सृष्टि के महान परीक्षक : आचार्य हरिशंकर

**कुण्डम, देशबन्धु।** अखिल भारतीय महर्षि भृगु कुल सर्व ब्राह्मण महासंघ एवं मध्यप्रदेश भृगु भार्गव ब्राह्मण महासंघ जबलपुर के तत्वावधान में महर्षि भृगु प्रक्टोत्सव बड़े हर्षोल्लास के नेमा भवन कचनार सिटी में मनाया गया, आचार्य डॉ हरिशंकर दुबे राष्टीय प्रधान संरक्षक विश्वात्मा ब्राह्मण महासंघ ने अपने उद्बोधन में कहा कि महर्षि भृगु सृष्टि के प्रमुख परीक्षक थे जिन्हें त्रिदेवों की परीक्षा लेने के लिए नियुक्त किया गया, कार्यक्रम में संस्था द्वारा प्रकाशित समाजिक एवं धार्मिक पत्रिका का विमोचन किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पं.संतोष कुमार मिश्रा अध्यक्ष कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा, विशिष्ट अतिथि के रुप में भागवताचार्य ब्यास हरिकांत जी महाराज, आचार्य भृगु दत्त शास्त्री जी महाराज, आचार्य अशोक पाण्डेय,पं.आशीष त्रिवेदी संयोजक प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा,पं.महेश स्थापक सनाढ्य ब्राह्मण सभा, डॉ आशा पाण्डेय, कथाकार रामबिहारी शुक्ला,पं.ब्रजेश दुबे पं.जितेन्द्र शर्मा,डॉ कमलेश ब्यास कार्यक्रम की अध्यक्षता पं.ए पी शर्मा प्रधान संपादक भृगु सरिता संचालन महासंघ के राष्टीय अध्यक्ष एड देवेन्द्र कुमार शर्मा, आभार वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया। राजेन्द्र कुमार पाण्डेय एवं करुणा पाण्डेय द्वारा स्वरचित भजन प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम में मधु असाटी, उमेश उपाध्याय, मुकेश शर्मा, हुन्नी लाल पाण्डेय, अनिल शर्मा, राजेन्द्र दुबे, शशि नेमीचंद दुबे, एमएल शर्मा, सतीष अवस्थी, सत्यप्रकाश शर्मा, गिरीश अवस्थी, रामकुमार शर्मा, तेजस्वी कुमार पाण्डेय ओमकार प्रसाद ज्योतिषी, भोलाशंकर पाराशर, मनीषा शर्मा, देवेंद्र रिंकू पाण्डे, अजय मिश्रा,पं.अजय शुक्ला, दीपक अवस्थी, सुषमा त्रिपाठी, रेखा मिश्रा, सीमा चौबे, सुधा शर्मा, सर्वेश तिवारी, विभा शर्मा, पूनम पांडे, संजय शर्मा, चंदन पांडेय, अभिषेक तिवारी, अलका मिश्रा, शुभम मिश्रा, नम्रता शर्मा, मनीष तिवारी, मधुमणि दुबे, रामजी पाण्डे नीरज शर्मा, ऐश्वर्या तिवारी ,लकी दुबे, किरण शर्मा इत्यादि का विशेष सहयोग रहा।

## राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर भाजपा निकालेगी तिरंगा यात्रा

**पाटन देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक कार्यक्रम के अंतर्गत पूरे देश के जिला मुख्यालयों में तिरंगा यात्रा आयोजित होगी। इसी तारतम्य में भाजपा जबलपुर महानगर द्वारा कल बुधवार 14 मई को शाम 4 बजे जबलपुर शहर के मुख्य मार्ग में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी।


भाजपा जिला अध्यक्ष ने बताया कि तिरंगा यात्रा कल शाम 4 बजे वंदे मातरम चौक सिविक सेंटर से प्रारंभ होगी और तहसील चौक स्थित बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा के समक्ष समापन होगा। तिरंगा यात्रा में सभी जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहभागिता करेंगे।

## ज्योति श्रीवास बिना किसी सुविधा के लाई 88 प्रतिशत अंक



**सिहोरा, देशबन्धु।** पिता की छोटी सी दुकान पर ही परिवार चलता जिनके पास कोई विशेष सुविधाएं तो नही है लेकिन ज्योति पिता भैयालाल श्रीवास ग्राम बरगवां जुनवानी निवासी हैं जो बिना सुविधाओ के भी यशोदा बाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खितौला में कक्षा दसवीं में पांच सौ में कुल 439 अंक हासिल किए हैं और 87.8 प्रतिशत लाकर साबित किया कि बिना सुविधाओं और दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र से भी आकर शिक्षा हासिल कर अच्छे अंक ला सकते हैं। जबकि छात्रा प्रतिदिन साइकिल से ही विद्यालय जाती थी जबकि गांव से खितौला सिहोरा पहुंचने को अन्य यात्री साधन नही होते हैं। ज्योति श्रीवास की इस उपलब्धि पर उनके माता पिता सहित शाला के शिक्षकों ने भी हर्ष व्यक्त किया।

## ओम साहू व आभा साहू का सुयश



**बरेला, देशबन्धु।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित परिणाम में कक्षा दसवीं की छात्रा आभा साहू ने 78त्न अंक एवं ओम साहू ने कक्षा 12वीं में 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है आप दोनों आईटीआई निवासी लखन साहू एवं साधना साहू के पुत्र पुत्री हैं।

### सार-समाचार

## सांदीपनि विद्यालय सिहोरा में समर कैम्प का उत्साहपूर्ण संचालन



**सिहोरा, देशबन्धु।** सांदीपनि विद्यालय, सिहोरा में ग्रीष्मकालीन शिविर (समर कैम्प) बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ संचालित हो रहा है। इस शिविर में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को नए कौशल सीखने और आनंदमय वातावरण प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है। खेल शिक्षक अशोक राय बच्चों को विभिन्न खेल गतिविधियों के नियमों से अवगत करा रहे हैं और उन्हें खेल भावना के महत्व को समझाकर प्रेरित कर रहे हैं। योगा शिक्षिका सुधा उपाध्याय बच्चों को योगाभ्यास और आत्मरक्षा के गुर सिखा रही हैं, जिससे वे विपरीत परिस्थितियों का सामना करने में सक्षम बन सकें। वहीं, वर्षा साहू आर्ट एंड क्राफ्ट की विभिन्न पेंटिंग तकनीकों से बच्चों को परिचित करा रही हैं, जिससे उनकी रचनात्मकता को बढ़ावा मिल रहा है। शिविर में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा है।

विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार उपाध्याय प्रतिदिन बच्चों के बीच पहुंचकर उनकी गतिविधियों में सहभागिता करते हैं। वे बच्चों से संवाद कर उनसे प्रतिक्रिया प्राप्त करते हैं और उन्हें प्रोत्साहित करते हैं। आज, शिक्षिका अपूर्वा कुटार ने भी शिविर में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और बच्चों को संगीत की विभिन्न विधाओं से परिचित कराया। यह समर कैम्प बच्चों के लिए न केवल पढ़ाई के बोझ से मुक्ति दिलाने वाला एक खुशनुमा अनुभव है, बल्कि उन्हें विभिन्न कौशलों को सीखने और अपने व्यक्तित्व का विकास करने का भी एक बेहतरीन मंच प्रदान कर रहा है।

## जाको राखे साइयां मार सके ना कोई



**शहपुरा भिटोनी, देशबन्धु।** सुना आप ने युवक तड़प रहा है और बोल रहा है अरे मर नहीं पाए। पूरी घटना थाना शहपुरा अंतर्गत भिटोनी रेलवे स्टेशन के पास की है शनिवार करीब शाम 5 बजे एक युवक अपनी जीवन लीला समाप्त करने ट्रेन के सामने आ गया पर कहते है न जाको राखे साइयां मार सके ना कोई

जब तक भगवान ने मौत लिखी नहीं है तो इंसान का कुछ नहीं हो सकता जैसे ही ट्रेन आई युवक का पैर कट गया और जान बच गई युवक ट्रेन की पटरियों के पास करीबन एक घंटे चीखता रहा तड़फता रहा लोग पुलिस और एंबुलेंस को लगातार फोन लगा रहे थे पर करीबन एक घंटाबीच जाने सिर्फ घटनास्थल पर बड़ी मुश्किल से एंबुलेंस पाटन जननी पहुंची स्थानी पत्रकार पंडित धनंजय एम्बुलेंस चालक। प्रशांत बढ़गईया कांता महराज समीर सिंह ने घायल को एम्बुलेंस तक पहुंचा और परिजनों को सूचना दी तत्काल घायल युवक को मेडिकल कॉलेज जबलपुर रिफर किया गया जानकारी के मुताबिक युवक नारायण दुबे उम्र 52 साल निवासी गाड़ाघाट के रहने वाले बताए गए फिलहाल युवक में आत्महत्या करने का कदम क्यों उठाया यह पुलिस की जांच में ही स्पष्ट हो पाएगा

## सोशल ग्रुप मैंन ने बड़े मंदिर में किया पूजन

**पनागर, देशबन्धु।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप जबलपुर मेन के तत्वावधान में अभिषेक-पूजन अतिशय क्षेत्र, बड़ा जैन मंदिर, में आयोजित किया गया, जिसमें पचास से अधिक ग्रुप दंपति सदस्यों एवं बच्चों ने धर्मलाभ लिया। इसके पूर्व ग्रुप अध्यक्ष सिंघई मुल्कराज अंजली बादशा, सचिव सचिन कीर्ति जैन के साथ अन्य पदाधिकारियों ने क्षेत्र में उपस्थित आचार्य श्री समयसागर जी महाराज ससंघ को श्रीफल भेंट कर उन्हें सोशल ग्रुप जबलपुर मेन द्वारा किए जा रहे नियमित मासिक धार्मिक पूजन-अभिषेक, भक्तामर पाठ, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी दी एवं उनका मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री जी के अभिषेक पूजन के पश्चात बड़ा जैन मंदिर पनागर मंदिर समिति को ग्रुप की ओर से 80 लीटर का एक वाटर कूलर भेंट किया गया।

## मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जबलपुर जिला के चुनाव संपन्न



**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में कार्यरत कर्मचारी लम्बे समय से मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जबलपुर जिला के चुनाव की राह देख रहें थे, रजनीश विश्वकर्मा प्रदेश मंत्री, म.प्र. राज्य कर्मचारी संघ को जबलपुर जिले का चुनाव प्रभारी बनाया गया। आज सायं 04 बजे सर्किट हाउस क्रमांक 2 जबलपुर में मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के चुनाव प्रभारी द्वारा चुनाव संपन्न कराये गए। चुनाव के पूर्व भारतीय मजदूर संघ जबलपुर के बी. एम. एस. के प्रदेश मंत्री अजय विश्वकर्मा ,रजनीश विश्वकर्मा प्रदेश मंत्री/ निर्वाचन अधिकारी ,राजकुमार नायक, राहुल सिंह, अमर ग्रावकर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ करवाया। जबलपुर जिले के तहसील अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष,एवं समस्त ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा अटल उपाध्याय को जिला अध्यक्ष, देवेन्द्र पचौरी को जिला सचिव एवं आलोक अग्निहोत्री को जिला कोषाध्यक्ष चुना गया। चुनाव में नरेश शुक्ला , अर्जुन सोमवंशी, बृजेश मिश्रा, शैलेश गौतम, के जी पाठक, नेतराम झारिया, श्याम सुंदर तिवारी, योगेंद्र मिश्रा,रोहित डोंगरे, रामदयाल बरकड़े , मुकेश सिंह, बलराम नामदेव, विनय नामदेव, विवेक शुक्ला , नरेंद्र उपाध्याय , अभय उपाध्याय ,सीता राम लोधी, राकेश वर्मा उपस्थित थे।

## मोक्ष की यात्रा होती है सबसे बड़ी : समय सागर



**पनागर, देशबन्धु।** सब यात्राओं से सबसे बड़ी यात्रा मोक्ष की यात्रा होती है। संसार सागर में व्यक्ति आने के बाद सुख सुविधा में इतना लिप्त हो जाता है कि उसे आभास ही नहीं होता कि उसे जाना कहां है उसका अंत क्या है वह क्यों आया है किस उद्देश्य को लेकर आया है ऐसी अनेक विषय जो प्रत्येक संसारी प्राणी के इर्द-गिर्द घूमते हैं लेकिन वह मोह माया के चक्कर में पड़कर सभी बातें भूल जाता है उसे आना तो याद रहता है लेकिन वह जाने की बात भूल जाता है जबकि जन्म होगा तो मृत्यु अवश्य होगी ।

उपरोक्त उद्गार श्री शांतिनाथ जैन मंदिर प्रांगण मैं पूज्य 108 आचार्य श्री समय सागर महाराज जी ने विशाल धर्म सभा में व्यक्त किया आपने आगे यह भी कहा कि व्यक्ति का अगर आना निश्चित है तो उसका जाना भी निश्चित है उसे आने के बाद अपने कार्यों में इतना लिप्त ना हो जाए कि वह जाना भी भूल जाए उसे अपने कर्मों की निर्जरा करते हुए मोक्ष जाने के लिए भाव बनाना चाहिए पनागर के गौरव एवं प्रथम मुनि निर्यापक मुनि 108 संभव सागर महाराज जी ने भी अपने प्रवचन में कहा कि कर्मों का छय किए बिना संसारी प्राणी मुक्ति को प्राप्त नहीं हो सकता वह जन्मो जन्मो तक परिभ्रमण करता रहेगा कार्यक्रम का संचालन श्री जैन प्रबंध करनी सभा एवं गजरथ कमेटी के अध्यक्ष श्री राजेश कटंगा पंपी ने किया

**आज घट यात्रा एवं धर्म ध्वजारोहण...**श्री 1008 मज्जिनेन्द्र जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा एवं सप्त गजरथ महोत्सव 14 से 21 मई तक संपन्न होने जा रहा है संत शिरोमणि आचार्य भगवन विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद एवं आचार्य भगवन समय सागर जी महाराज जी ससंघ के आशीर्वाद से कल से प्रारंभ होगा आयोजन के प्रतिष्ठाचार्य - वाणी भूषण बा. ब्र. विनय भैया जी बांदा बडा सहप्रतिष्ठाचार्य ब्रा नरेश भैया मड़िया जबलपुर होंगे आज 14 को प्रथम दिवस घटयात्रा एवं धर्म - ध्वजारोहण के साथ गुरुआज्ञा, आचार्य निमंत्रण, नित्यमह अभिषेक, शान्तिधारा, पूजन जाप स्थापना (महोत्सवस्थल / मुख्यमंदिर जी में प्रातः 6 बजे से आचार्यश्री जी की पूजन प्रातः 7 बजे से घटयात्रा एवं श्रीजी की शोभायात्रा जुलूस मण्डप प्रवेश, मण्डप उद्घाटन, मण्डप-शुद्धि, वेदी संस्कार-शुद्धि, अभिषेक, शान्तिधारा, श्रीजी स्थापना, पूजन प्रातः 9:00 बजे से ध्वजारोहण, आचार्य श्री जी के प्रवचन गजरथ स्थल रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने, मैन रोड पर संपन्न होंगे सकल जैन समाज पनागर ने उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है

## सच्चे मन से की गई भक्ति ही बनाती है पूज्यनीय : स्वामी अशोकानंद

**पाटन देशबन्धु।** मानव शरीर अति दुर्लभ है, 84 योनियों से भटकने के बाद मानव जीवन मिलता है। संतों का दर्शन, श्रीमद् भागवत कथा श्रवण सबसे दुर्लभ है। इसलिए कथा पुराण श्रवण कर दान पुण्य नाम स्मरण करना चाहिए।सांसारिक जीवन में धन वैभव ऐश्वर्य के साथ ही भगवान नाम जप का धन भी होना चाहिये। श्रीकृष्ण सुदामा संदीपनी आश्रम में एक साथ शिक्षा ग्रहण की। भगवान, संत, राजा, ब्राह्मण के यहां खाली हाथ नहीं जाना चाहिए। इसलिए नाम जपना चाहिए जिससे सांसारिक धन के साथ अपने पास भगवान नाम धन होना चाहिए।



भगवान का भजन अकेले में, यात्रा में दो सहयात्री होना चाहिए,संगीत तीन मे होता है लेकिन उत्सव में सभी को सहभागिता करना चाहिए।सुदामा जैसे बनकर भगवत भक्ति करने से श्रीहरि नारायण स्वयं पाद प्रक्षालन करते हैं। भगवान की भक्ति में सौदेबाजी नहीं सच्चे मन से भक्ति करना चाहिए,उक्त उद्गार श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में श्री चंद्र नगर बस्ती मदर टेरेसा नगर में व्यास पीठ से स्वामी अशोकानंद जी महाराज ने विश्राम दिवस पर कहे। जनकल्याण यथार्थ आयोजित कथा में नवग्रह षोडशोपचार पूजन सबसे बुजुर्ग लखनलाल यादव बेटी बाई,व्यास पीठ पूजन पुष्पेन्द्र सिंह,विध्येश भापकर,ने की।

श्री राधा रानी सरकार संकीर्तन युवा मंडल मदर टेरेसा के मुकेश यादव ,बालकृष्ण यादव,सागर रजक, नीलेश डेहरिया, सुमित नगोत्रा, ,राजेश यादव ,राजाराम यादव ,रामाधार यादव ,कुलदीप यादव ,संजय ठाकुर ,नितिन मिश्रा, गुड्डू यादव ,संजय यादव ,सत्यम ठाकुर, हर्षु रजक आदि उपस्थित रहे।

## ट्रक ड्राइवर के साथ लूट

**अनूपपुर, देशबन्धु।** रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत 10 मई की रात लगभग 1 बजे डोला तिराहे के पास खड़ी ट्रक में बाइक में पहुंचे दो लोगो द्वारा तोड़फोड़ करने के साथ चालक विजय मंगल साहू पिता लालदेव प्रसाद निवासी पौराधार से मारपीट करते हुए चालक के जेब में 19 हजार 500 रूपयें नगद, आधार कार्ड एवं पेन कार्ड लूटकर फरार हुए आरोपी प्रियांश सिंह उर्फ बाबू को पुलिस ने 13 मई को अनन्या वाटिका डोला के पास से गिरफ्तार कर उनके कब्जेक 2 हजार रूपये नगद एवं घटना के समय प्रयुक्तर बाइक को जब्त् करते हुए आरोपी को न्यागयालय में पेश किया गया, जहां से उन्हेज जेल भेज दिया गया है। वहीं पुलिस दूसरा फरार आरोपी अंकित चौहान की पतासाजी में जुटी हुई है।

## नगर से सिलगौर मार्ग पर लगे हैं कचरे के ढेर



**बरेला, देशबन्धु।** नगर परिषद द्वारा जहां नगर में स्वच्छता का डिंडोरा जमकर पीटा जाता है तथा प्रबंधन के लिए डोर-डोर कचरा उठाये जाने का दावा किया जाता है ।उसके बाद भी नगर में अनेको जगह कचरा के ढेर लगे रहते हैं वार्ड नंबर 14 में नगर से सिलगौर मार्ग की ओर जाने पर कचरे का ढेर अनेकों दिनों से लगा हुआ है। स्थानीय मोहल्ला निवासियों का कहना है कि नगर परिषद के सफाई कर्मियों द्वारा यह कचरा नहीं उठाया जा रहा है बल्कि आंधी और तूफान चलने पर यह कचरा लोगों के घरों तक में घुस जाता है इस संबंध में अनेकों बार स्थानीय जन प्रतिनिधि से शिकायत करने के बावजूद भी अभी तक इस कचरे को नहीं उठाया जा रहा है नगर वासियों का कहना है कि नगर में स्वच्छता अभियान के नाम पर जमकर होली खेली जा रही है अपितु वार्डों में जगह-जगह कचरा के ढेर लगे रहते हैं स्थानीय मोहल्ला वासियों ने अभिलंब इस कचरे के ढेर को हटाए जाने की मांग की है।

## सामूहिक विवाह में 57 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

# बेटियों का भाग्य बदल रही कन्या विवाह योजना : संतोष

**सिहोरा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना आज बेटियों का भाग्य बदल रही है जब किसी गरीब के घर में बैटी पैदा होती थी तो उसके पिता को उसके विवाह की चिंता सताने लगती थी लेकिन अब बेटी की चिंता केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एंव प्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव की सरकार कर रही है जिसमें हर शाल लाखों बेटियों का सामूहिक विवाह संपन्न हो रहा है और वे हंसीं खुशी से अपना दाम्पत्य जीवन गुजार रही है उक्ताशय के विचार क्षेत्रीय विधायक संतोष बरकडे ने जनपद पंचायत एंव नगर पालिका सिहोरा के सहयोग से ग्राम पंचायत घाट सिमरिया में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रुप में व्यक्त किए।

**विधायक बरकडे ने की बारात की आगवानी-** मुख्य अतिथि विधायक संतोष बरकडे सहित अन्य अतिथियों ने बेटियों के परिजन बनकर स्वयं बारात की आगवानी की तथा जैसे ही बारात विवाह स्थल पर पहुंची सभी ने पुष्प हार पहनाकर वर एंव उनके परिजनों का भव्य स्वागत किया। सम्मेलन का आयोजन जनपद पंचायत अध्यक्ष रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री की अध्यक्षता एंव संध्या दिलीप दुबे नगर पालिका अध्यक्ष,शारदा तिवारी नपा उपाध्यक्ष,दिलीप पटेल जनपद उपाध्यक्ष,राजा मोर, राजेश दाहिया,पुष्पराज सिंह बघेल,राजमणि सिंह बघेल,अनुपम सराफ,सतीश पटेल,अनंत नौगरहिया,पवन गुप्ता,अंकित तिवारी,रीता शुक्ला, गौरादेवी विश्वकर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशा देवी पटले एंव मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिहोरा शैलेन्द्र कुमार ओझा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

**57 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे-** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में जनपद पंचायत सिहोरा एंव नगर पालिका क्षेत्र के 57 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे जिनका पूरे विधि विधान के साथ पंडितों ने विवाह संपन्न कराया। सभी बेटियों को जहां उपहार स्वरूप विधायक ने साड़ी भेंट की तो



वहीं जिला पंचायत सदस्य मोनू पुष्पराज सिंह बघेल ने सभी जोड़ों को पानी का थर्मस भेंट किया इसी तरह अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी उपहार भेट किए। इस योजना में प्रत्येक जोड़ें के लिए कुल 55 हजार रुपये की राशि रहती है जिसमें 49 हजार रुपये बेटियों के खाते में जाते हैं बाकी राशी आयोजन में खर्च होती है। सभी वर वधू ने एक दुसरे को वरमाला पहनाई एंव सात फेरे लिए।

**इनकी भी रही उपस्थिति-** समारोह में जनपद सदस्य धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर,पूजा बरकडे,दीनानाथ पटेल,मंजू प्रमोद गौतम,सरपंच के के दुबे,घाटसिमरिया सरपंच ज्योति सुनील कुमार,उप सरपंच प्रदीप चौबे सहित अनेक जनपद सदस्य,सरपंच,सचिव एंव गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

आयोजन को सफल बनाने में जनपद पंचायत सिहोरा से सतीश अवस्थी,रामचरण पटेल,अपूर्वा सिंह,दीपक श्रीवास्तव,बिनोद तिवारी,राजकुमार तिवारी,संतोष पठारिया,के के पटेल,सचिव प्रमोद पांडे,सबल सिंह बागरी,प्रदीप यादव,प्रहलाद पांडे,अनिल दत्त तिवारी,नर्मदा दुबे आदि का सराहनीय योगदान रहा। समारोह में जेब कतरे भी सक्रिय रहे जिन्होंने अनेक लोगों के जेब पर हाथ साफ कर दिए।

## अपने नुकसान को छिपाने में जुटा पाकिस्तान, अमेरिका के भरोसे करना चाहता है भरपाई

भारत ने चार दिन में ही पाकिस्तान को छठी का दूध याद दिला दिया। इसके बाद अब पाकिस्तान किसी तरह से अपने नुकसान को छिपाने की कोशिश में लगा हुआ है। दूसरी तरफ वह यह भी कबूल कर रहा है कि उसे जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई अमेरिका के साथ ट्रेड डील से हो जाएगी। पाकिस्तान के वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब ने कहा कि युद्ध में इतना नुकसान नहीं हुआ कि फिर से इकनॉमिक असेसमेंट करना पड़े। बता दें कि पाकिस्तान की हालत पहले से ही इतनी खराब है कि वहां की आवाम को रोटियों के लाले हैं। ऐसे में पाकिस्तान की सरकार का यह बड़बोलापन आसानी से समझा जा सकता है। औरंगजेब ने कहा, अमेरिका के साथ ट्रेड डील नेभी दोनों देशों में सीजफायर करवाने में बड़ी भूमिका निभाई है। जल्द ही यह आगे बढ़ सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि अमेरिका भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ ट्रेड डील को आगे बढ़ाएगा। अब इसको लेकर पाकिस्तान इतराने लगा है। अमेरिका ने पाकिस्तान पर 29 फीसदी टैरिफ लगाया था।

# भारत के हमले में हमारे 11 सैनिक मारे गए, अभी भी सच्चाई छिपा रही पाकिस्तान सेना?

**इस्लामाबाद।** ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकियों के खिलाफ भारत की कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने पहली बार अपने सैनिकों के मारे जाने की बात कबूली है। पाकिस्तानी सेना का कहना है कि भारत के हमले में उसके 11 सैनिक मारे गए। इसके अलावा, पाक सेना ने बताया कि 40 नागरिकों की भी मौत हुई है। हालांकि पाकिस्तान के इतिहास को देखते हुए इन आंकड़ों पर संदेह जताया जा रहा है। दरअसल इससे पहले भारतीय सेना ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में 30 से 40 पाकिस्तान सैनिकों और 100 से ज्यादा आतंकवादियों को मारने की बात कही थी।

पाकिस्तान ने आतंकियों को आम नागरिक के तौर पर पेश किया है और उनके जनाजे में कई आर्मी अफसर भी शामिल हुए थे। पाकिस्तान की सरकारी मीडिया संस्था पीटीवी के अनुसार, भारत के हमले में पाकिस्तान की रक्षा करते हुए कम से कम 11 सैनिक शहीद हो गए और 78 अन्य घायल हुए हैं। इन हमलों में 40 नागरिकों की भी मौत हो गई, जिनमें 7 महिलाएं और 15 बच्चे शामिल हैं, जबकि 121 नागरिक घायल बताए जा रहे हैं। पीटीवी द्वारा जारी बयान में कहा गया कि पाकिस्तान सेना के मारे गए सैनिकों में नायक अब्दुल रहमान, लांस नायक दिलावर खान, लांस नायक इकरामुल्लाह, नायक वकार खालिद, सिपाही मोहम्मद आदिल अकबर और सिपाही निसार शामिल हैं।

वहीं, पाकिस्तान वायुसेना से जो जवान मारे गए, उनमें स्क्वाड्रन लीडर उस्मान यूसुफ, चीफ टेक्नीशियन औरंगजेब, सीनियर टेक्नीशियन नजीब, कॉर्पोरल टेक्नीशियन फारूक और सीनियर टेक्नीशियन मुबाशिर शामिल हैं। बयान में आगे कहा गया, हमारे शहीदों की यह महान कुर्बानी साहस, समर्पण और अटूट देशभक्ति का प्रतीक है, जो हमेशा के लिए राष्ट्र की स्मृति में अंकित रहेगी।

### सटीक हमले, आतंकी ठिकानों पर फोकस

भारत पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य केवल आतंकी ठिकानों को नष्ट करना था, और इस दौरान नागरिकों को नुकसान न हो, इसका पूरा ध्यान रखा गया। भारतीय सेना ने 11 मई को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि ऑपरेशन में पाकिस्तान और क्क्षय में नौ आतंकी कैंप तबाह किए गए, जिसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए, जिनमें कंधार हाईजैक और पुलवामा हमले के मास्टरमाइंड जैसे यूसुफ अजहर, अब्दुल मलिक और मुदस्सिर अहमद शामिल थे। भारतीय सेना ने यह भी स्पष्ट किया कि पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों, जैसे रफीकी, मुरीद, चकलाला, रहिमयार खान और सियालकोट के एयरबेस, पर सटीक हमले किए गए, जिससे उनकी सैन्य क्षमता को गंभीर नुकसान पहुंचा। डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन्स (ष्ठत्रस्न्न) राजीव घई ने कहा कि इन हमलों में 35-40 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए।

### पाकिस्तान की जवाबी कार्रवाई और भारत का जवाब

पाकिस्तान ने 8-9 मई की रात को जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान और गुजरात में 36 स्थानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले की कोशिश की। भारत ने इनमें से अधिकांश हमलों को नाकाम कर दिया, और जवाबी कार्रवाई में लाहौर, कराची, सियालकोट और इस्लामाबाद में पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों पर हमले किए। भारतीय सेना ने बताया कि इन हमलों में पाकिस्तान के रडार सिस्टम, कमांड सेंटर्स और हथियार भंडारण को नष्ट किया गया। पाकिस्तान ने भारत के सिरसा, जम्मू, पठानकोट, भटिंडा, नलिया और भुज के हवाई अड्डों को नुकसान पहुंचाने का दावा किया, जिसे भारत ने खारिज करते हुए सबूत पेश किए कि ये ठिकाने पूरी तरह सुरक्षित हैं।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में विदेशी रक्षा अताशे को जानकारी देगा भारत

**नई दिल्ली, (आईएएनएस)।** भारत मंगलवार दोपहर 3:30 बजे नई दिल्ली में विभिन्न देशों के रक्षा अताशे (डीए) को 'ऑपरेशन सिंदूर' के तकनीकी विवरण से अवगत कराएगा, जो देश का हाल ही में हुआ आतंकवाद विरोधी सैन्य अभियान है। भारतीय सशस्त्र बल महत्वपूर्ण जानकारी और परिचालन डेटा साझा करेंगे, जिसमें स्वदेशी वायु रक्षा प्रणालियों की परफॉर्मेंस और 7 से 10 मई के बीच किए गए स्ट्राइक मिशन के परिणाम शामिल हैं।

सूत्रों ने पुष्टि की है कि इस सत्र में कई घटनाक्रमों पर चर्चा होगी, जिसमें भारत के वायु रक्षा बलों द्वारा चीनी और तुर्किये निर्मित ड्रोनों और पीएल-15 मिसाइलों को नष्ट करना शामिल है, जिससे भारतीय हवाई क्षेत्र में किसी भी तरह की घुसपैठ को रोका जा सका। यह कदम सैन्य संचालन महानिदेशक (डीजीएमओ) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई के मीडिया को संबोधन के एक दिन बाद उठाया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में मिले बजटीय और नीतिगत समर्थन ने एक मजबूत बहु-स्तरीय वायु रक्षा ग्रिड बनाने में मदद की। यह प्रणाली 9 और 10 मई को पाकिस्तान के जवाबी हवाई हमलों के दौरान एक निर्णायक ढाल साबित हुई। लेफ्टिनेंट जनरल घई ने कहा, हमारी युद्ध-परीक्षित प्रणालियों ने शानदार प्रदर्शन किया और स्वदेशी आकाश मिसाइल प्रणाली ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रक्षा अताशे को दी जाने वाली ब्रीफिंग में सोमवार शाम करीब 5 बजे भारतीय और पाकिस्तानी डीजीएमओ के बीच हुई हॉटलाइन बातचीत का विवरण भी शामिल होगा। लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई और उनके पाकिस्तानी समकक्ष मेजर जनरल काशिफ अब्दुल्ला ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर शांति बहाल करने के तरीकों पर चर्चा की और 10 मई को पाकिस्तान के अनुरोध पर भारतीय ऑपरेशन रुकने के बाद बनी युद्धविराम सहमति को बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई।

### आज का इतिहास

1610 –फ्रांस में हेनरी चौथे की हत्या और लुइस तेरहवें फ्रांस की गद्दी पर बैठे।
1702 –इंग्लैंड और नीदरलैंड ने फ्रांस और स्पेन के खिलाफ़ युद्ध की घोषणा की।
1811 –पराग्वे स्पेन से मुक्त हुआ।
1878 –पहली बार वैसलीन ब्रांड नाम का रॉबर्ट ए चेसब्राफ ने पंजीकरण करवाया।
1879 –थॉमस एडिसन यूरोप की एडिसन टेलीफोन कंपनी से जुड़े।
1944 –ब्रिटिश सैनिकों ने कोहिमा पर कब्जा किया।
1948 –इस्राइल ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता की घोषणा की।
1955 –वारसा संधि पर हस्ताक्षर। सोवियत संघ और पूर्वी यूरोप के उसके सहयोगी देशों ने पोलैंड की राजधानी वारसा में इस संधि पर हस्ताक्षर किए। इसके जरिए सदस्य देशों के बीच आर्थिक, सैनिक और सांस्कृतिक संबंधों के विकास पर सहमति बनी।

### सुडोकू 6912

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 9 | | | | | 3 |
| | 2 | | | 6 | 3 | 7 | | |
| | | | | 4 | | | | 5 |
| | | 4 | 1 | | | 6 | | 2 |
| | | | | | | | | |
| 7 | | 9 | | | 6 | 3 | | |
| 4 | | | | 5 | | | | |
| | | 6 | 3 | 9 | | | 2 | |
| 3 | | | | | 7 | 9 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## हमास की कैद से रिहा हुए इजरायली-अमेरिकी बंधक एडन अलेक्जेंडर

**यरूशलम, (आईएएनएस)।** इजरायल के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि इजरायली-अमेरिकी बंधक एडन अलेक्जेंडर गाजा से रिहा होकर इजरायल पहुंचे। वह 19 महीने तक हमास की कैद में रहे थे। अलेक्जेंडर अपने परिवार से मिलने के लिए गाजा पट्टी से सटे दक्षिणी इजरायल के रीम सैन्य अड्डे पर पहुंचे। गाजा में पहले ली गई एक तस्वीर में अलेक्जेंडर एक काली टी-शर्ट और बेसबॉल टोपी पहने हुए दिखाई दिए थे। वाशिंगटन और हमास के बीच सीधी बातचीत के बाद अलेक्जेंडर को रिहा किया गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उनकी रिहाई का स्वागत करते हुए अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर लिखा, एडन अलेक्जेंडर, आखिरी जीवित अमेरिकी बंधक रिहा हो रहे हैं। उनके माता-पिता, परिवार और दोस्तों को बधाई। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि देश एडन को गले लगाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इजरायली सरकार सभी बंधकों और लापता लोगों- जीवित और मृत को वापस लाने के लिए प्रतिबद्ध है और जब तक सभी घर नहीं लौट जाते, तब तक अथक प्रयास करेंगे। इजरायली स्वास्थ्य मंत्रालय की प्रवक्ता शिरा सोलोमन ने बताया कि एडन अलेक्जेंडर का रीम बेस पर प्रारंभिक चिकित्सा जांच की जा रही है और बाद में उन्हें तेल अवीव के इचिलोव अस्पताल में स्थानांतरित किया जाएगा।



सोलोमन ने कहा,अस्पताल की मेडिकल टीम और कर्मचारी एडन को जरूरी इलाज, मनोवैज्ञानिक और पुनर्वास देखभाल प्रदान करने के साथ-साथ उनके परिवार को सपोर्ट करने के लिए भी पूरी तरह तैयार हैं। तेल अवीव म्यूजियम ऑफ आर्ट के सामने स्थित होस्टेजेस स्क्वायर में सैकड़ों लोग इकट्ठा हुए और बड़ी स्क्रीन पर एडन की वापसी देखी। उन्होंने रिहा बंधक की तस्वीरें और तख्तियां दिखाईं, जिन पर लिखा था कि गाजा में युद्ध समाप्त होने से ही बाकी बंधकों की रिहाई संभव होगी।

हमास सूत्रों ने पुष्टि की है कि एडन को दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर में एक निर्धारित स्थान पर अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस समिति की टीम को सौंपा गया। इसके बाद उन्हें इजरायली सेना द्वारा नियंत्रित बफर जोन में ले जाया गया और फिर रीम सैन्य अड्डे पर लाया गया। खान यूनिस में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रिहाई से पहले और उसके दौरान क्षेत्र में इजरायली सैन्य गतिविधियां रोक दी गईं और माहौल शांत रहा। हमास के सशस्त्र विंग अल-कासम ब्रिगेड ने एक बयान में कहा कि एडन की रिहाई मध्यस्थों के प्रयासों का हिस्सा थी, जिनका लक्ष्य युद्धविराम, क्रॉसिंग खोलना और गाजा में सहायता और राहत पहुंचाना है। अलेक्जेंडर इजरायली सेना में सेवारत एक अमेरिकी सैनिक है। उन्हें 7 अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजराइल पर हमास ने अगवा कर लिया गया था, जिसके परिणामस्वरूप 251 लोगों का अपहरण हुआ और लगभग 1,200 अन्य मारे गए।

## भारत के खिलाफ फिर षड़यंत्र रच रहे मोहम्मद यूनुस, पूर्वोत्तर राज्यों पर पका रहे एक नया ख्याली पुलाव

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने एक बार फिर पूर्वोत्तर राज्यों को लेकर अपने जहरीले और खतरनाक मंसूबों को उजागर किया है। उन्होंने इस बार सुझाव दिया है कि भारत के पूर्वोत्तर के सात राज्य स्वतंत्र देश जैसे है, जिनके साथ क्षेत्रीय और एकीकृत आर्थिक विकास की रणनीति बनाई जा सकती है।

सोमवार को यूनुस ने नेपाली संसद के प्रतिनिधि सभा की उपाध्यक्ष इंदिरा राणा के साथ एक बैठक की थी। इस बैठक के बारे में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उनकी तरफ से कहा गया है कि बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और भारत के सात पूर्वोत्तर राज्यों के बीच एक एकीकृत आर्थिक रणनीति बनाई जानी चाहिए। कुछ महीने पहले ही मोहम्मद यूनुस ने पूर्वोत्तर के इस क्षेत्र को भूमि से घिरा हुआ था और बांग्लादेश को इस क्षेत्र का अभिभावक कहा था।

इस बार मोहम्मद यूनुस ने बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और भारत के सात राज्यों के लिए एक एकीकृत आर्थिक योजना का आह्वान किया है और कहा कि इन देशों और भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को अलग रहने की अपेक्षा एक साथ रहने पर अधिक लाभ होगा।




**बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और पूर्वोत्तर के सात राज्य**- एक्स पर किए गए एक पोस्ट में मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार ने नेपाल संसद के प्रतिनिधि सभा की उपाध्यक्ष इंदिरा राणा के साथ यूनुस की बैठक के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा, यूनुस ने बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और भारत के सात पूर्वोत्तर राज्यों के बीच एक एकीकृत आर्थिक रणनीति का आह्वान किया है, जिसमें जलविद्युत, स्वास्थ्य सेवा और सड़क संपर्क में सीमा पार सहयोग की संभावना पर जोर दिया गया है।

### पिछले महीने बीजिंग में उगला था जहर

पिछले महीने ,बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ मीटिंग के दौरान मोहम्मद यूनुस ने पूर्वोत्तर क्षेत्र को भूमि से घिरा हुआ कहकर विवाद खड़ा कर दिया था। तब उन्होंने कहा था कि सात राज्यों के लिए समुद्र तक पहुंचने का कोई रास्ता नहीं है। यूनुस ने कहा था, भारत के सात राज्य, भारत का पूर्वी भाग, जिन्हें सात बहनें कहा जाता है... वे भूमि से घिरे हुए देश हैं, भारत का भूमि से घिरा हुआ क्षेत्र है। उनके पास समुद्र तक पहुँचने का कोई रास्ता नहीं है। बांग्लादेश सरकार के मुखिया ने यह भी कहा था कि हम इस पूरे क्षेत्र के लिए महासागर के एकमात्र संरक्षक हैं। इसलिए यह एक बड़ी संभावना को खोलता है। इसलिए यहां चीनी अर्थव्यवस्था का विस्तार हो सकता है।

### वर्ग पहेली 6912



**बायें से दायें:-**

१. छ: माह में होने वाला छैमाही
४. असंगत, बेमेल, संबंधगीन
६. एक प्रकार का नेत्र रोग जिसमें रोगी को रात में कुछ दिखाई नहीं देता
७. अपराध, दोष, कसूर (उर्दू)
८. श्रेष्ठ नर्तक , शिव
१०. बिचौलिया, बीच में स्थित
११. डरावना
१३. घृणा, उत्न्न करने वाला, घिनौना साहित्य में प्रयुक्त एक रस
१४ साधुओं का भोज
१५. मधुर ध्वनि, पक्षियोंके चहचहाने की आवाज
१७. नवीन, नवल
१९. स्वर्ण, धतूरा
२१. वृद्धि होना
२२. चलते-चलते सहसा रुक जाना
२४. छ: माह का समय जिसमें उर्ध्व रेखा दक्षिण की ओर रहता है

**ऊपर से नीचे:-**

१. दोष. ऐब, बुराई
२. बायें हाथ से काम करने वाला
३. कमल जैसे सुंदर हाथ
४. मातहत
५. बधिर
९. किसी के जन्मदिन पर मनाने वाला समारोह
११. ना काम
१२. कमल
१३. उजाड़, जन शून्य (उर्दू)
१४. भंग करना, तोड़ना नाश, क्षय
१५. हाथ जोड़ कर या हाथ बांधे हुए
१६. युद्ध में होने वाली आवाज
१८. मांगने वाला, प्रार्थी
१९. दया, अनुकंपा
२०. मुश्किल
२३. अनेक, विविध


## अमेरिका ने चौथे दौर की परमाणु वार्ता के बाद ईरान पर नए प्रतिबंधों की घोषणा की

**वाशिंगटन, (आईएएनएस)।** अमेरिका और ईरान के बीच विवाद बढ़ता ही जा रहा है। अमेरिका ने ईरान के तीन नागरिकों और एक इकाई पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह इकाई तेहरान के रक्षात्मक नवाचार और अनुसंधान संगठन से जुड़ी है। फारसी में इसे एसपीएनडी के नाम से जाना जाता है। एसपीएनडी ईरान के 2004 से पहले के परमाणु हथियार कार्यक्रम का प्रत्यक्ष उत्तराधिकारी है। इसे अमाद परियोजना के रूप में भी जाना जाता है।

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोमवार को एक बयान में कहा, जिन व्यक्तियों को प्रतिबंधित किया गया है वे सभी ऐसी गतिविधियों में शामिल हैं जो सामूहिक विनाश के हथियारों के प्रसार में भौतिक रूप से योगदान करते हैं। ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम का पर्याप्त विस्तार करना जारी रखता है और परमाणु हथियारों और परमाणु हथियार वितरण प्रणालियों पर लागू दोहरे उपयोग वाले अनुसंधान और विकास गतिविधियों को अंजाम देता है। ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं है, लेकिन फिर भी वह 60 प्रतिशत तक संवर्धित यूरेनियम का उत्पादन कर रहा है। वह विदेशी कंपनियों से दोहरे इस्तेमाल वाली चीजें खरीदने के लिए नकली कंपनियों और एजेंटों का इस्तेमाल करके अपने प्रयासों को छिपा रहा है। बयान में आगे कहा गया है, संयुक्त राज्य अमेरिका की कार्रवाई का उद्देश्य परमाणु हथियारों के अनुसंधान और विकास के लिए एसपीएनडी की क्षमता कम करना है।

आज की कार्रवाई यह सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार प्राप्त न कर सके। अमेरिकी विदेश मंत्री का यह बयान रविवार को अमेरिका और ईरान द्वारा ओमान की राजधानी मस्कट में अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के चौथे दौर के समापन के बाद आया। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाकेई ने एक्स पर लिखा, ईरान-अमेरिका की अप्रत्यक्ष वार्ता का चौथा दौर संपन्न हुआ, एक-दूसरे की स्थिति को बेहतर ढंग से समझने और मतभेदों को दूर करने के लिए उचित और यथार्थवादी तरीके खोजने के लिए कठिन लेकिन उपयोगी वार्ता।

### वर्ग पहेली-6911



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408


**चुनौती** *कश्मीर में 37 सालों से फैला आतंकवाद बना चुनौती*

# तीन आतंकी कमांडरों को सौंपते से ही टूट जाएगी आतंक की कमर

**जम्मू, (देशबन्धु)। कश्मीर में 37 सालों से फैले आतंक की आग को मात्र तीन लोग बुझा सकते हैं। इस पर विश्वास नहीं होता। लेकिन यह सत्य है कि कश्मीर में फैले आतंक के लिए वर्तमान में जिम्मेदार तीन आतंकी कमांडरों की गिरफ्तारी मात्र कश्मीर में आतंक की ज्वाला को ठंडा कर सकती है।**

और यह तीनों कमांडर आज पाकिस्तान में हैं जिनके नाम उस सूची में सबसे प्रमुख स्थान पर हैं जिसे भारत ने पाकिस्तान को कई बार सौंपा है। यह तीन आतंकी कमांडर हैं जैश-ए-मुहम्मद के सर्वोसर्वा मौलाना मसूद अजहर। लश्करे तौयबा को चलाने वाले हफीज मुहम्मद सईद और हिज्बुल मुजाहिदीन के सुप्रीम कमांडर सईद सलाहुद्दीन।

इन तीनों के प्रति एक चौंकाने वाला तथ्य यह है कि जम्मू कश्मीर पुलिस का यह मानना है कि अगर तीनों को पाकिस्तान भारत सरकार को सौंप देती है तो कश्मीर में आंतकवाद की कमर पूरी तरह से तो नहीं लेकिन 90 प्रतिशत अवश्य टूट जाएगी। हालांकि भारत सरकार ने पाकिस्तान को आतंकियों की जो सूची सौंप रखी है, उसमें कश्मीर में आतंक के लिए यह तीनों ही जिम्मेदार हैं जिनके नाम इस सूची में हैं। फिलहाल कश्मीर पुलिस को भी इंतजार है कि वह दिन अवश्य आएगा जिस दिन पाकिस्तान इन तीनों को भारत के हवाले करेगा जो सीधे और अप्रत्यक्ष रूप से कश्मीर में फैले आतंकवाद के लिए जिम्मेदार हैं। यह बात अलग है कि लश्करे तौयबा के प्रमुख हफीज मुहम्मद सईद कभी कश्मीर में नहीं आए लेकिन वे कश्मीर में फैले आतंकवाद के लिए जिम्मेदार इसलिए माने जाते हैं क्योंकि कश्मीर पुलिस के मुताबिक 'कश्मीर में उनके गुट द्वारा की जाने वाली घटनाओं के लिए हम उसके मुखिया को ही जिम्मेदार मानते हैं।' लेकिन जैश-ए-मुहम्मद के मौलाना मसूद अजहर तथा हिज्बुल मुजाहिदीन के सईद सलाहुद्दीन अवश्य कश्मीर में सीधे आतंकी घटनाओं के लिए जिम्मेदार माने जा सकते हैं।



■ तीनों आतंकी कमांडरों के विरुद्ध कश्मीर घाटी में कई मामले दर्ज

इनमें से सईद सलाहुद्दीन तो कश्मीर का नागरिक भी है जिसने 1987 के विवादास्पद विधानसभा चुनावों में हिस्सा भी लिया था और कथित चुनावी धांधलियों के विरोध में उसने बंदूक उठा ली थी। सईद सलाहुद्दीन आप ही हिज्बुल मुजाहिदीन का सुप्रीम कमांडर बन बैठा था जब मास्टर अहसान डार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। सुप्रीम कमांडर बनने के उपरांत वह पाक कब्जे वाले कश्मीर में चला गया था। इन तीनों आतंकी कमांडरों के विरूद्ध कश्मीर घाटी में कई मामले दर्ज हैं।

कइयों में उनकी संलिप्तता प्रत्यक्ष दर्शाई गई है तो कइयों मे अप्रत्यक्ष। कश्मीर पुलिस के महानिदेशक के बकौल, इन तीनों संगठनों के तीनों कमांडर पूरी तरह से कश्मीर में फैले आतंकवाद के लिए जिम्मेदार हैं और आज यही तीन गुट कश्मीर में सक्रिय हैं।

# खेल जगत

## ड्रेपर ने वापसी करते हुए मौटेट को हराया

**रोम।** विश्व के पांचवें नंबर के खिलाड़ी जैक ड्रेपर ने मंगलवार को इंटरनैजियोनाली बीएनएल डी इटालिया 2025 के प्री-क्वार्टर फाइनल में एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए कोरेंटिन मौटेट को 1-6, 6-4, 6-3 से हराया। उनकी जीत से इस साल का उनका तीसरा मुकाबला स्पेन के कार्लोस अल्काराज से होगा। दोनों ने पिछले दो मुकाबलों में बराबरी का प्रदर्शन किया था। होल्गर रूण के साथ अपने मैराथन मैच के बाद, मौटेट ड्रेपर के खिलाफ कोर्ट में उतरे और शुरू से ही अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेला, शायद उन्हें पता था कि उनकी ऊर्जा तीन सेट तक नहीं टिकेगी। उनके शानदार खेल ने पहले आधे घंटे तक ब्रिटिश खिलाड़ी को पूरी तरह से जवाब देने से रोक दिया, लेकिन ड्रेपर ने धीरे-धीरे वापसी का रास्ता तलाशना शुरू कर दिया।



# आईपीएल के बाकी मैच बेंगलुरु, दिल्ली, जयपुर, लखनऊ, मुंबई व अहमदाबाद में होंगे

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 13 मई (देशबन्धु)। आईपीएल 2025 भारत और पाकिस्तान के बीच सरहद पर तनाव के चलते 9 मई को स्थगित किए जाने के बाद अब संशोधित कार्यक्रम के तहत आगे 17 मई से 3 जून तक होगी। आईपीएल 2025 के नए कार्यक्रम की घोषणा भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार रात को की और इसके बाकी मैच छह स्थानों : बेंगलुरु, जयपुर ,दिल्ली, लखनऊ, मुंबई और अहमदाबाद में खेले जाएंगे।

प्ले ऑफ के स्थानों की घोषणा बाद में की जाएगी और क्वालीफायर 1, 29 मई को एलिमिनेटर 30 मई को, क्वालीफायर 2, 1 जून को तथा फाइनल 3 जून को खेला जाएगा। आईपीएल के संशोधित कार्यक्रम के तहत बाकी 13 लीग मैच और चार प्ले ऑफ सहित कुल 17 मैच खेले जाएंगे और इसमें दो डबल हेडर होंगे और दोनों रविवार को खेले जाएंगे। पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच 8 मई को धर्मशाला में बीच में समाप्त किया गया मैच अब दोबारा 24 मई को जयपुर में खेला जाएगा। आईपीएल 2025 के संशोधित कार्यक्रम के मुताबिक फाइनल और 11 जून को लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले जाने वाले फाइनल में डब्ल्यूटीसी फाइनल में सात दिन का अंतर है। आईपीएल अब दोबारा आगे 17 मई को आरसीबी और केकेआर के बेंगलुरु में मैच से शुरू होगा। दो डबल हेडर में 18 मई को राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स दोपहर बाद साढ़े तीन बजे और गुजरात टाइटंस की टीम दिल्ली कैपिटल्स से शाम साढ़े सात बजे भिड़ेगी अगले रविवार यानी 25 मई को गुजरात टाइटंस की टीम सीएसके से दोपहर बाद अहमदाबाद में भिड़ेगी जबकि इसी दिन रात को एसआरएच रात को केकेआर से दिल्ली में भिड़ेगी। अंतिम लीग मैच लखनऊ सुपर जायंटस और आरसीबी के बीच 27 मई को लखनऊ में होगा।

फिलहाल गुजरात टाइटंस आईपीएल 2025 में अंक तालिका में 16 अंकों के साथ शीर्ष पर है और प्ले ऑफ से मात्र एक कदम दूर है। गुजरात टाइटंस के लिए अच्छी खबर है मौजूदा सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने में 11 पारियों में 500 रन बना चुके पिछले हफ्ते स्वदेश लौट चुके जोस बटलर और उसके दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज जेराल्ड कोइत्जी बुधवार यानी आज अपनी फ्रेंचाइजी से जुड़ जाएगा। गुजरात टाइटंस के लिए यही दोनों खिलाड़ी सरहद पर तनाव के बाद अपने अपने घर लौट गए थे। वहीं पंजाब किंग्स के ज्यादातर विदेशी खिलाड़ी जरूर स्वदेश लौट गए थे लेकिन चीफ कोच रिकी पोंटिंग, ब्रैड हैडिन व जेम्स होप्स सहित उसका कोचिंग स्टाफ भारत में ही रहा था। अब पंजाब किंग्स के ऑस्ट्रेलिया के जेवियर बार्टलेट, अजमत उल्लाह उमर जई व मिचेल ओवन ने इस बात की पुष्टि की वे आईपीएल के फिर शुरू होने पर लौट कर अपनी टीम से जुट जाएंगे। जयपुर अब पंजाब किंग्स का नया अस्थाई बेस है और वहां बृहस्पतिवार से ट्रेनिंग शुरू कर रही है। गुजरात टाइटंस की तरह 11 मैचों से 16 अंकों के बावजूद अपनी कमतर नेट रन रेट के चलते आरसीबी फिलहाल दूसरे स्थान पर है और प्ले ऑफ से मात्र एक जीत दूर है।

यदि अन्य नतीजे आरसीबी के हक में रहे तो वह 16 अंकों के साथ भी प्ले ऑफ में पहुंच चुके हैं। गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स अभी भी 20 या इससे ज्यादा अंकों के साथ समाप्त कर सकती है। पंजाब किंग्स यदि अपने बाकी तीनों मैच जीतती है तो वह 21 अंकों के साथ अपना लीग का अभियान खत्म कर सकती है। फिलहाल 12 मैचों में एक मैच के बेनतीजा रहने और छह जीत व पांच हार के साथ केकेआर फिलहाल छठे स्थान पर है और यदि वह अपने बाकी मैच जीतती है तो वह अधिकतम 15 अंक ही पा सकती है और उसकी चौथे स्थान पर रह कर प्लेऑफ की उम्मीदें बाकी है। केकेआर अपने मुल्क वापस लौट चुके विदेशी खिलाड़ियों के बुधवार रात या बृहस्पतिवार सुबह अपने आरसीबी के खिलाफ शनिवार को खेले जाने वाले सबसे अहम मैच से पहले बेंगलुरु पहुंचने की उम्मीद है। केकेआर के वेस्टइंडीज के सुनील नारायण, आंद्रे रसेल व रोमैन पावेल तथा टीम के मेंटर डेवन ब्रावो फिलहाल दुबई में हैं और इनके भी जल्द वापस टीम से जुड़ने की उम्मीद है। वहीं आंद्रे नोकिया मालदीव में हैं जल्द केकेआर से जुड़ सकते हैं।



■ 17 मई से शुरू होंगे आईपीएल के मुकाबले, फाइनल 3 जून को होगा
■ गुजरात के लिए अच्छी खबर बटलर व कोइत्जी बुधवार को टीम से जुड़ेंगे

# रोहित और विराट का वनडे विश्वकप 2027 खेलना मुश्किल : सुनील गावस्कर

**मुंबई,** 13 मई (एजेंसियां)। रोहित शर्मा और विराट कोहली ने अपने टी20 के बाद टेस्ट क्रिकेट से भी संन्यास ले लिया है। दोनों खिलाड़ी अब केवल वनडे क्रिकेट ही खेलते नजर आएंगे। लेकिन भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर को नहीं लगता है कि रोहित-विराट अगले वनडे विश्व का हिस्सा होंगे, जो 2027 में साउथ अफ्रीका में खेला जाना है। सुनील गावस्कर को नहीं लगता है कि भारत के दोनों सीनियर खिलाड़ी वनडे विश्व कप 2027 का हिस्सा होंगे। उन्होंने कहा कि सब कुछ चयनकर्ताओं की उस सोच पर निर्भर करता है कि रोहित और विराट टीम के लिए कितना योगदान दे सकते हैं। सुनील गावस्कर ने एक मीडिया प्लेटफॉर्म पर बातचीत में कहा कि रोहित और विराट वनडे फॉर्मेट के बेहतरीन परफॉर्मर रहे हैं। लेकिन चयनकर्ता अब 2027 विश्व कप को देखते हुए टीम तैयार करेंगे। वे देखेंगे कि क्या ये दोनों अगले विश्व कप तक टीम में रह सकते हैं। क्या दोनों टीम के लिए तब भी अपना वही योगदान दे पाएंगे जो अभी दे रहे हैं। यह चयनकर्ताओं के लिए भी बेहद मुश्किल प्रक्रिया होगी। हालांकि अगर चयनकर्ताओं को लगता है तो दोनों निश्चित रूप से खेल सकते हैं। गावस्कर ने आगे कहा कि मैं बहुत ईमानदारी से कहूं तो मौजूदा फॉर्म के मुताबिक मुझे नहीं लगता कि रोहित और विराट वनडे विश्व कप 2027 का हिस्सा होंगे। लेकिन अगर अगले 2 साल में उनका फॉर्म अच्छा रहा और वे शतक पर शतक बनाते गए तो फिर भगवान भी उन्हें ड्रॉप नहीं कर सकते।



■ रोहित को आईपीएल में लगभग हर मैच में फिटनेस की वजह से ही उन्हें इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में खेलना पड़ता है

## भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में नंबर चार का जवाब तुरंत नहीं मिलेगा : पुजारा

**नई दिल्ली,** 13 मई (एजेंसियां)। विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ने भारत के सामने एक अहम सवाल खड़ा कर दिया है अगला नंबर 4 कौन होगा? और चेतेश्वर पुजारा के अनुसार, इस सवाल का जवाब तुरंत नहीं मिलेगा। पुजारा ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा कि हमें यह समझने के लिए दो-तीन सीरीज की जरूरत होगी कि नंबर 4 पर कौन सबसे ज्यादा उपयुक्त है, क्योंकि यह एक महत्वपूर्ण पोजीशन है। आपके सबसे अच्छे बल्लेबाज को नंबर 4 पर होना चाहिए। और इस समय यह अभी भी एक ऐसी जगह है जहां टीम मैनेजमेंट को तय करना होगा कि सबसे उपयुक्त खिलाड़ी कौन है। पिछले एक दशक से भारतीय टीम इस समस्या का सामना नहीं कर रही थी। सचिन तेंदुलकर के संन्यास के बाद भारत ने 115 टेस्ट खेले हैं, जिनमें से 99 में कोहली ने नंबर 4 पर बल्लेबाजी की; इसके बाद सबसे ज्यादा बार अजिंक्य रहाणे ने (9 बार) इस पोजीशन पर बल्लेबाजी की है। 2024 की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में भारत ने नंबर 4 पर चार बल्लेबाजों को आजमाया। केएल राहुल, श्रेयस अय्यर, रजत पाटीदार (दो टेस्ट में) और देवदत्त पड्डिक्कल।



# कोहली के संन्यास से इंग्लैंड को बड़ा फायदा होगा : मोईन



**नई दिल्ली,** 13 मई (एजेंसियां)। इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर मोईन अली का मानना है कि विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना इस प्रारूप के लिए एक 'बड़ा झटका' है, उन्होंने भारतीय महान खिलाड़ी को एक 'अग्रणी' बताया, जिनके जुनून और करिश्मे ने प्रशंसकों को स्टेडियम में वैसे ही खींचा, जैसे कभी सचिन तेंदुलकर आते थे। भारत 20 जून से हेडिंग्ले में इंग्लैंड में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की कड़ी चुनौती के लिए तैयार है, मोईन ने स्वीकार किया कि कोहली और रोहित शर्मा की अनुपस्थिति मेहमानों के लिए एक बड़ा झटका है - और मेजबानों के लिए समय पर एक फायदा है। मोईन ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा कि यह टेस्ट क्रिकेट के लिए एक बड़ा झटका है। विराट एक अग्रणी व्यक्ति थे, टेस्ट क्रिकेट में एक ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने हमेशा इस प्रारूप को आगे बढ़ाया। उन्होंने खेल के लिए बहुत कुछ किया है, खासकर भारत में। मुझे लगता है कि सचिन के बाद, वह एक ऐसे व्यक्ति थे जिन्हें देखने के लिए हर कोई आता था। उन्होंने स्टेडियम भर दिए। कोहली की तीव्रता और नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए, मोईन ने कहा कि उनका रिकॉर्ड शानदार था, वे देखने में शानदार खिलाड़ी थे - बहुत प्रतिस्पर्धी और शानदार कप्तान। जिस शैली से उन्होंने खेला, उसने कई लोगों को प्रेरित किया। यह न केवल भारत के लिए, बल्कि खेल के लिए भी एक बड़ा झटका है। भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तान कोहली ने इस सप्ताह की शुरुआत में रोहित शर्मा के साथ संन्यास ले लिया, जिससे 2025-27 वर्ल्ड विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत करने वाली एक महत्वपूर्ण श्रृंखला से ठीक पहले नेतृत्व और अनुभव की कमी हो गई। मोईन, जो खुद 2023 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन टी20 फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलना जारी रखते हैं, ने यह कहने में संकोच नहीं किया कि भारत के दो सबसे वरिष्ठ टेस्ट बल्लेबाजों की अनुपस्थिति से इंग्लैंड को बहुत फायदा होगा।



यह टेस्ट क्रिकेट के लिए एक बड़ा झटका है। विराट एक अग्रणी व्यक्ति थे, टेस्ट क्रिकेट में एक ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने हमेशा इस प्रारूप को आगे बढ़ाया : मोईन अली

## बुमराह भारत की टेस्ट कप्तानी के हकदार हैं : अश्विन

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय ऑफ स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली के अचानक संन्यास लेने से भारत की टेस्ट टीम में नेतृत्व का बड़ा खालीपन बन गया है और जसप्रीत बुमराह कप्तानी के लिए एक योग्य उम्मीदवार हैं। अश्विन ने अपने यूट्यूब शो 'ऐश की बात' में कहा कि मुझे अंदाजा नहीं था कि दोनों (रोहित और कोहली) साथ में संन्यास लेंगे। यह भारतीय क्रिकेट के लिए एक कठिन समय होगा और यह सच में अब गौतम गंभीर युग की शुरुआत है। उन्होंने आगे कहा कि जो टीम इंग्लैंड दौरे पर जाएगी, वह पूरी तरह से नई और बदली हुई होगी, जहां शायद बुमराह सबसे सीनियर खिलाड़ी होंगे। यह निश्चित रूप से कप्तान बनने के विकल्पों में हैं। मुझे लगता है कि वह इसके हकदार हैं, लेकिन चयनकर्ता उनके फिटनेस के आधार पर इसका निर्णय लेंगे। कोहली और रोहित के संन्यास से नेतृत्व में जरूर खालीपन आएगा। अनुभव खरीदा नहीं जा सकता, विराट की ऊर्जा और रोहित का संतुलन टेस्ट क्रिकेट में बहुत याद आएगा। शुभमन गिल को रोहित के उत्तराधिकारी के रूप में सबसे आगे माना जा रहा है। हालांकि बुमराह ने इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया दौरे तक उपकप्तान थे। वह पर्थ टेस्ट में अंतरिम कप्तान थे और सिडनी के पांचवें टेस्ट में जब रोहित मैच से हटे थे, तब भी उन्होंने टीम का नेतृत्व किया था। बुमराह को पूर्णकालिक कप्तान बनाए जाने पर उनकी चोटों को लेकर चिंताएं रही हैं।



## सार संक्षेप

### खुद पर यकीन हो तो नामुमकिन कुछ भी नहीं : धलाना

**गया/पटना।** केरल की मिट्टी में जन्मी 16 वर्षीय धला 1 के. एस. की कहानी सिर्फ एक खिलाड़ी की नहीं बल्कि अटूट विश्वास और कभी हार न मानने वाले हौसले की मिसाल है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के मंच पर कलारीपयट्टू की इस योद्धा ने पिछले तीन सालों में दो स्वर्णिम और एक कांस्य पदक जीतकर न सिर्फ अपने राज्य का नाम रोशन किया है बल्कि यह भी साबित कर दिया है कि यदि दिल में कुछ कर गुजरने की चाहत हो और खुद पर अटूट यकीन हो तो मुश्किलों की दीवार भी ढह जाती है। धलाना, जिनके हाथों में केरल की सदियों पुरानी मार्शल आर्ट कलारीपयट्टू की शक्ति और फुर्ती बसती है, ने बिहार में पहली बार आयोजित हो रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में लड़कियों के चुवा ढुकल वर्ग के फाइनल में अपनी कला का अद्भुत प्रदर्शन किया।

### चमारी अटापट्टू पर लगा मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना

**कोलंबो।** की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान चमारी अटापट्टू पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह घटना हाल ही में श्रीलंका में संपन्न त्रिकोणीय श्रृंखला के ग्रुप चरण के अंतिम मैच के दौरान दक्षिण अफ्रीका के साथ 32वें ओवर में उस समय हुई, जब एनेरी डेरक्सन द्वारा चौका लगाए जाने के बाद अटापट्टू ने अपना चश्मा उतारकर जमीन पर पटक दिया, जिससे उसके कई टुकड़े हो गये। यह आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन है और अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट से जुड़े उपकरणों का दुरुपयोग और मैदान के उपकरणों के फेंकने से संबंधित है। इस अपराध के लिए अटापट्टू पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया।

### सिनर चोटिल डी जोंग को हराकर रोम में आगे बढ़े

**रोम।** विश्व के नंबर 1 जानिक सिनर ने रोम में इंटरनेशनली बीएनएल डी%इटालिया (इटैलियन ओपन) के दूसरे दौर में ड्व लकी लूजर जेस्पर डी जोंग पर सीधे सेटों में आसान जीत के साथ डोपिंग प्रतिबंध से अपनी वापसी जारी रखी। शनिवार को तीन महीने से अधिक समय के बाद अपने पहले मैच में मारियानो नवोन को हराने वाले इतालवी ने सोमवार को एक और स्थिर प्रदर्शन के साथ इसे आगे बढ़ाया, सोमवार रात को जेस्पर डी जोंग को 6-4, 6-2 से हराया। कैंपो सेंट्रल पर मुखर इतालवी दर्शकों के सामने खेलते हुए, सिनर ने पहले सेट में ब्रेक एडवांटेज खो दिया, लेकिन जल्दी से आगे बढ़ने के लिए प्रतिक्रिया दी। विश्व के नंबर 1 ने फिर दूसरे सेट में डी जोंग के खिलाफ गियर्स के माध्यम से आगे बढ़े, जिन्होंने दूसरे सेट में 1-3, 40/15 पर फिसलने पर अपनी दाहिनी कलाई को चोटिल कर लिया।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना में चार देशों का टूर्नामेंट खेलेगी

**नई दिल्ली,** 13 मई (एजेंसियां)। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना के रोमांचक दौरे पर जाने के लिए पूरी तरह तैयार है, जहां वह 25 मई से 2 जून (आईएसटी के अनुसार) तक होने वाले चार देशों के दोस्ताना टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। टीम अर्जेंटीना के रोसारियो की यात्रा करेगी, जहां वह अर्जेंटीना, उरुग्वे और चिली के खिलाफ छह दोस्ताना मैच खेलेगी।

टूर्नामेंट 25 मई से शुरू होगा, जिसमें भारत 25 और 26 मई को क्रमशः चिली और उरुग्वे के खिलाफ लगातार मैच खेलेगा। एक दिन के आराम के बाद, वे 28 मई को मेजबान अर्जेंटीना से भिड़ेंगे। मैत्रीपूर्ण मैचों के महत्व के बारे में बात करते हुए, भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच तुषार खांडेकर ने कहा कि हम इस साल के अंत में होने वाले जूनियर विश्व कप की तैयारी कर रहे हैं, और चूंकि रोसारियो का दौरा चार देशों का टूर्नामेंट है, इसलिए हम विश्व कप को ध्यान में रखते हुए इस टीम से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की पहचान करना चाहते हैं। हमारा उद्देश्य जितना संभव हो उतना अनुभव हासिल करना और पिछले प्रदर्शनों के आधार पर यह आकलन करना है कि हम कहां खड़े हैं, ताकि यह समझ सकें कि हमने कितना सुधार किया है। विपक्षी टीमों के बारे में पूछे जाने पर खांडेकर ने कहा कि जब भी आप कोई अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते हैं - चाहे वह दौरा हो, द्विपक्षीय सीरीज हो, टेस्ट मैच हो या टूर्नामेंट हो - आप भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे होते हैं। इसलिए, हमारा उद्देश्य हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देना और अपनी पूरी क्षमता से प्रदर्शन करना होता है, चाहे प्रतिद्वंद्वी कोई भी हो।



■ 25 मई से 2 जून तक होने वाले चार देशों के दोस्ताना टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी

## गुरुवार तक केकेआर टीम से जुड़ जाएंगे रसेल, नारायण और अन्य विदेशी खिलाड़ी

**नई दिल्ली,** 13 मई (एजेंसियां)। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के अधिकतर विदेशी खिलाड़ी बुधवार रात और गुरुवार सुबह के बीच बेंगलुरु में टीम से जुड़ जाएंगे, जहां पर 17 मई को उनका मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से होगा। केकेआर के कैरेबियन खिलाड़ी सुनील नारायण, आंद्रे रसेल, रोवमन पॉवेल और टीम मेंटोर ड्वेन ब्रावो फिलहाल दुबई में हैं। वहीं केकेआर के विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानउल्लाह गुरबाज काबुल में हैं। वह दुबई में वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों से जुड़ेंगे और फिर भारत के लिए उड़ान भरेंगे। वहीं दक्षिण अफ्रीका अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिख नॉर्खिए मालदीव से सीधे बेंगलुरु पहुंचेंगे और टीम से जुड़ेंगे ऑलराउंडर मोईन अली और तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन इस समय क्रमशः अपने देश इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में हैं और उनकी उपलब्धता को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। हालांकि संकेत हैं कि वे भी लौट सकते हैं।

## ईशप्रीत चड्ढा ने बॉल्कलाइन फाइनल में पंकज आडवाणी को हराकर जीता खिताब

**मुंबई,** 13 मई (एजेंसियां)। कई घंटों की चिंता और उम्मीद के बाद, क्यू स्पोर्ट में भारत के उभरते सितारे ईशप्रीत सिंह चड्ढा ने रविवार को यहां एनएससीआई डोम में 32 लाख रुपये की पुरस्कार राशि वाले एनएससीआई बॉल्कलाइन 4.0 अखिल भारतीय स्नूकर टूर्नामेंट के फाइनल में पंकज आडवाणी के खिलाफ मनोवैज्ञानिक और करियर को आगे बढ़ाने वाली 10-7 फ्रेम की जीत दर्ज की। पेशेवर स्नूकर में लगभग 53 प्रतिशत जीत का रिकॉर्ड रखने वाले चड्ढा और आडवाणी नौ घंटे तक चले मैच (अंतराल के साथ) में लगभग बराबरी पर थे, लेकिन अंत में चड्ढा ने 5 लाख रुपये की पुरस्कार राशि हासिल की। आडवाणी को 2.5 लाख रुपये मिले। बिलियर्ड्स और स्नूकर में कई बार के विश्व चैंपियन आडवाणी ने 4-3 की बढ़त के साथ बेहतरीन पॉटिंग सफलता हासिल की, लेकिन चड्ढा ने अपने पॉटिंग कौशल और निरंतरता को और बेहतर बनाया और बिना किसी रोक-टोक के मैच के बाद चड्ढा ने 238-237 गेंदों पर पॉटिंग स्कोर बनाए रखा। फाइनल में एकमात्र शतकीय ब्रेक आडवाणी द्वारा 16वें में 122 बनाकर बनाया गया, जिसके बाद चड्ढा ने 17वें में 19 फ्रेम तक चलने वाले फाइनल को समाप्त कर दिया इससे पहले, आडवाणी ने 32 लाख रुपये की पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में हिमांशु जैन के खिलाफ 8-2 से आसान जीत के साथ खिताब के लिए खुद को तैयार किया। आडवाणी ने तीन शतकीय ब्रेक के साथ मैच पर अपना दबदबा बनाया, जिसमें पराजित जैन ने दो फ्रेम अपने नाम किए। दूसरे सेमीफाइनल में, ईशप्रीत सिंह चड्ढा ने आदित्य मेहता को 8-6 से हराकर आडवाणी के साथ पिछले साल के फाइनल की पुनरावृत्ति की। फाइनल में, ईशप्रीत सिंह चड्ढा, जिन्होंने 147 का अधिकतम ब्रेक स्कोर किया, जो कि स्नूकर में पहले दौर में एक दुर्लभ घटना है, को आखिरकार पंकज के खिलाफ सफलता मिली, क्योंकि वे अपने शिखर दौर की दो भिड़ंत में हार गए थे।

# आईपीएल 2025 : एसआरएच से जुड़ सकते हैं कमिंस और हेड

**नई दिल्ली,** 13 मई (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी पैट कमिंस और ट्रैविस हेड के 17 मई से आईपीएल 2025 के दोबारा शुरू होने से पहले सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) टीम से दोबारा जुड़ने की संभावना है। ये दोनों उन विदेशी खिलाड़ियों में शामिल थे जो 9 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर बढ़ते तनाव के चलते टूर्नामेंट एक सप्ताह के लिए स्थगित होने पर देश छोड़कर चले गए थे।

हालांकि, दोनों खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में 11 जून से लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए चुना गया है, जिससे यह सवाल उठ खड़ा हुआ कि क्या ये खिलाड़ी आईपीएल में वापसी करेंगे, खासकर तब जब एसआरएच पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। टूर्नामेंट को फिर से शुरू करने का ऐलान 11 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद किया गया। माना जा रहा है कि कमिंस, जो एसआरएच के कप्तान हैं, और हेड ने फ्रेंचाइजी को सूचित किया है कि वे भारत लौटने के लिए तैयार हैं। कमिंस के मैनेजर नील मैक्सवेल ने मंगलवार को न्यूज कॉर्प को बताया, पैट की एक जिम्मेदारी है बतौर कप्तान और वह वापसी करने की योजना बना रहे हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के नेशनल टीम्स के प्रमुख, बेन ओलिवर ने कहा कि यह एक कि अत्यधिक असाधारण स्थिति है और बोर्ड आने वाले दो दिनों में खिलाड़ियों के साथ उनके व्यक्तिगत फैसलों को लेकर सहयोग करेगा कि वे भारत लौटें या नहीं। अब तक यह स्पष्ट नहीं है कि एसआरएच के अन्य विदेशी खिलाड़ी हेनरिक क्लासेन, ईशान मलिंगा, कमिंदु मेंडिस और वियान मुल्डर टीम से दोबारा जुड़ेंगे या नहीं। मुल्डर को भी दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट टीम में डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए शामिल किया गया है।



■ 9 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर बढ़ते तनाव के चलते टूर्नामेंट एक सप्ताह के लिए स्थगित किया गया था

## आज गुजरात टीम के साथ फिर से जुड़ेंगे कोएत्जी और बटलर

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 के 17 मई से दोबारा शुरू होने से पहले इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉस बटलर और दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज जेराल्ड कोएत्जी बुधवार, 14 मई को गुजरात टाइटंस (जीटी) की टीम से दोबारा जुड़ जाएंगे। टीम के अन्य विदेशी खिलाड़ी - राशिद खान, शरफेन रदरफोर्ड, कगिसो रबाडा और करीम जनत- बाकी टीम के साथ भारत में ही रुके थे, जबकि बटलर और कोएत्जी अपने देश चले गए थे। हालांकि, रदरफोर्ड को 29 मई से 3 जून तक इंग्लैंड में होने वाली वनडे सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम में शामिल किया गया है। ये तारीखें आईपीएल 2025 के प्लेऑफ चरण के साथ टकरा रही हैं। इंग्लैंड ने अभी तक इस सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा नहीं की है, लेकिन बटलर के उसमें शामिल होने की उम्मीद है।

## अल्काराज ने रोम में खाचानोव को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया

**रोम,** 13 मई (एजेंसियां)। स्पेन के कार्लोस अल्काराजने मंगलवार को कैंपो सेंट्रल में करेन खाचानोव के खिलाफ 6-3, 3-6, 7-5 से जीत हासिल करते हुए पहली बार इटैलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

अपनी दो घंटे, 29 मिनट की जीत के साथ, अल्काराज अब सभी नौ मास्टर्स 1000 इवेंट्स के क्वार्टर फाइनल चरण में पहुंच गए हैं। 22 वर्षीय खिलाड़ी 2021 में रिकॉर्ड 10 बार के चैंपियन राफेल नडाल के बाद रोम में अंतिम आठ में जगह बनाने वाले पहले स्पेनियार्ड हैं। शुरुआती कुछ गेम में अल्काराज को अपनी लय पाने में संघर्ष करना पड़ा, लेकिन वह एक स्विच फ्लिक करते हुए दिखाई दिए। उन्होंने कुछ बेहतरीन शॉट बनाते हुए लगातार पांच गेम जीते और ऐसा लग रहा था कि वह जीत की लहर पर सवार हैं, जब उन्होंने दूसरे सेट में 3-2 से ब्रेक करने के लिए तीन शानदार क्लीन विनर बनाए। एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार, खाचानोव ने खुद को एक और सीधे सेटों में हार की संभावना से विचलित नहीं होने दिया।

# अर्थ जगत

## स्पाइसजेट श्रीनगर से इस दिन हज फ्लाइट्स फिर शुरू

**नई दिल्ली।** खबर के मुताबिक, एयरलाइन ने एक विज्ञप्ति में कहा कि स्पाइसजेट श्रीनगर से अपने हज 2025 ऑपरेशन को फिर से शुरू करेगी, जिसमें वाइड-बॉडी एयरबस ए340 विमान का इस्तेमाल करके मदीना के लिए दो फ्लाइट ऑपरेट की जाएंगी, जिनमें से प्रत्येक में 324 यात्री बैठ सकेंगे। एयरलाइन ने कहा कि वह इस साल लगभग 15,500 हज यात्रियों की यात्रा की सुविधा प्रदान करेगी। इस महीने की शुरुआत में, स्पाइसजेट ने कहा कि वह पहले फेज में गया, श्रीनगर, गुवाहाटी और कोलकाता को मदीना और जेद्दा से जोड़ते हुए 45 हज उड़ानें ऑपरेट करेगी।



# भारत का अमेरिका को करारा जवाब 29 उत्पादों पर लगाएगा टैरिफ

### डब्ल्यूटीओ को भेजा प्रस्ताव

***नई दिल्ली।** अमेरिका द्वारा भारतीय स्टील और एल्युमिनियम पर टैरिफ लगाने के बाद भारत ने विश्व व्यापार संगठन में कड़ा रुख अपनाया है। अमेरिका ने स्टील पर 25 प्रतिशत और एल्युमिनियम पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया है, जिसे भारत ने डब्ल्यूटीओ नियमों के खिलाफ करार दिया है। जवाबी कदम उठाते हुए भारत ने अमेरिका से आने वाले 29 उत्पादों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने का प्रस्ताव पेश किया है।*




भारत ने जिन उत्पादों को इस प्रस्ताव में शामिल किया है, उनमें सेब, बादाम, नाशपाती, बोरिक एसिड, एंटी-फ्रीजिंग उत्पाद और लोहे-स्टील से बने सामान प्रमुख हैं। भारत का कहना है कि अमेरिका के इन टैरिफ से उसे करीब 1.91 अरब डॉलर का नुकसान होगा, क्योंकि इससे 7.6 अरब डॉलर का आयात प्रभावित हो सकता है।

**टकराव का कारण और भारत का रुख-** भारत का आरोप है कि अमेरिका ने टैरिफ लगाने से पहले डब्ल्यूटीओ को सूचित नहीं किया और न ही भारत से कोई परामर्श किया, जो डब्ल्यूटीओ नियमों (जीएटीटी 1994 और एओएस समझौते) का उल्लंघन है। भारत ने कहा है कि उसे भी नियमों के तहत जवाबी शुल्क लगाने का पूरा अधिकार है। भारत ने डब्ल्यूटीओ को सूचित किया है कि वह 30 दिनों के भीतर यह टैरिफ लागू कर सकता है, और आवश्यकता पड़ने पर इनकी दरों या उत्पादों की सूची में बदलाव भी किया जा सकता है। भारत का यह फैसला व्यापारिक संतुलन बनाने और अपने आर्थिक हितों की रक्षा के तौर पर देखा जा रहा है।

### भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों पर असर

भारत और अमेरिका के बीच वर्तमान में एक द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल रही है। दोनों देश 2030 तक आपसी व्यापार को 500 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रख रहे हैं। हालांकि, अमेरिका ने हाल ही में भारत सहित कई देशों पर 10 प्रतिशत का अतिरिक्त टैक्स लगाया है, जो फिलहाल 9 जुलाई तक के लिए स्थगित है।

# रिटेल महंगाई 6 साल के सबसे निचले स्तर पर

***नई दिल्ली।** भारत में अप्रैल 2025 में रिटेल महंगाई घटकर 3.16 प्रतिशत पर आ गई, जो पिछले 6 साल का सबसे निचला स्तर है। इस गिरावट का मुख्य कारण सब्जियों, फलों, दालों और अन्य प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों की कीमतों में कमी आना है। यह दर रिजर्व बैंक की सीमा के भीतर है, जो 4 प्रतिशत के आस-पास रहती है। मार्च 2025 में यह महंगाई दर 3.34 प्रतिशत और अप्रैल 2024 में 4.83 प्रतिशत थी। जुलाई 2019 में यह दर 3.15 प्रतिशत थी।*

**खाद्य महंगाई में भी गिरावट-** अप्रैल में खाद्य महंगाई केवल 1.78 प्रतिशत रही, जो मार्च में 2.69 प्रतिशत और पिछले साल अप्रैल में 8.7 प्रतिशत थी। इससे यह साफ होता है कि खाद्य वस्तुओं की कीमतों में काफी राहत मिली है, जिससे महंगाई दर में कमी आई है।

**रिजर्व बैंक की प्रतिक्रिया-** रिजर्व बैंक ने महंगाई को नियंत्रित रखने के लिए अपनी प्रमुख ब्याज दर में 50 बेसिस प्वाइंट्स की कटौती की है, ताकि कीमतों का दबाव कम हो सके। रिजर्व बैंक का मकसद महंगाई को 4 प्रतिशत के आस-पास बनाए रखना है। रिजर्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सीपीआई महंगाई को 4 प्रतिशत के आसपास बनाए रखने का अनुमान जताया है। पहले तिमाही में महंगाई 3.6 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 3.9 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 3.8 प्रतिशत, और चौथी तिमाही में 4.4 प्रतिशत रहने की संभावना है। माना जा रहा है कि रिटेल महंगाई घटने के बाद आरबीआई रेपोरेट में फिर कटौती का मन बना सकता है।



### आरबीआई का लक्ष्य महंगाई 4 प्रतिशत के आसपास बनाये रखना

# एक दिन की राहत के बाद सोने में फिर लौटी तेजी



***नई दिल्ली।** एक दिन की राहत के बाद आज फिर सोने ने रफ्तार पकड़ ली है। सोमवार को सोने और चांदी की कीमत में भारी गिरावट देखने को मिली थी। आज (13 मई) एमसीएक्स पर सोने का भाव 0.33 फीसदी चढ़ा है जो कि 93,211 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा गया।*

इसी तरह चांदी में भी 1.57 फीसदी की तेजी आई है और ये 96,837 रुपए प्रति किग्रा पर है। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत 3,400 रुपए की भारी गिरावट के साथ 96,550 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 3,400 रुपए गिरकर 96,100 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। यह 23 जुलाई, 2024 को सोने की कीमतों में 3,350 रुपए की गिरावट के बाद से 10 माह की सबसे बड़ी गिरावट है। शनिवार को 99.9 और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 99,950 रुपए और 99,500 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

# औंधे मुंह गिरा बाजार, 1200 से अधिक लुढ़का सेंसेक्स

***मुम्बई।** कल की जबरदस्त तेजी के बाद आज भारतीय शेयर बाजार भारी गिरावट रही। सेंसेक्स 82000 के लेवल से नीचे फिसल गया है। शुरुआती कारोबार में ही बीएसई सेंसेक्स 1272 अंक की भारी गिरावट के साथ 81,154 के स्तर पर ट्रेड करता देखा गया। वहीं निफ्टी 328 अंकों की गिरावट के साथ 24,600 के नीचे फिसल गया।*

कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1281.68 यानि 1.55 प्रतिशत लुढ़क कर 81,148.22 के स्तर पर जबकि निफ्टी 346.35 अंक टूटा, ये 24,578.35 के स्तर पर बंद हुआ। बाजार में आई इस गिरावट की वजह से निवेशकों के करीब 3 लाख करोड़ रुपए डूब गए। बीएसई के टॉप 30 में से 26 शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। आईटी सेक्टर सबसे ज्यादा दबाव में रहा, जहां इंफोसिस का शेयर 3.36 प्रतिशत टूटकर 1572 तक गिर गया।



**इन शेयरों में बड़ी गिरावट -** चंबल फर्टिलाइजर में करीब 5 फीसदी, पीजी इलेक्ट्रोप्लास्ट में करीब 4 फीसदी, यूपीएल के शेयरों में 5 फीसदी, एसआरएफ के शेयरों में करीब 4 फीसदी, भारती ही एण्ड कॉम के शेयर में 3.46 फीसदी की कमी आई है।

**गिरावट के कारण-** सोमवार को शेयर बाजार में आई जोरदार तेजी के कारण आज बिकवाली हावी रही। कल सेंसेक्स और निफ्टी 4 अंक से ज्यादा चढ़ गया था। कच्चे तेल की कीमतों में इजाफा देखा गया। आज ब्रेंट क्रूड ऑयल प्राइस चढ़कर 64.74 प्रति बैरल पर पहुंच गया।

अमेरिका के ट्रेजरी यील्ड में उछाल देखने को मिला, जो 4.45 फीसदी तक चढ़ गया। हैवीवेट इंडेक्स और शेयरों में बड़ी गिरावट देखने को मिली। खासकर एचडीएफसी बैंक आरआईएल और टीसीएस के शेयर के टूटने से मार्केट में गिरावट आई।

### प्रधानमंत्री के भाषण के बाद डिफेंस शेयरों में उछाल

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 मई को राष्ट्र को संबोधित किया। इसका प्रभाव आज 13 मई को देश के डिफेंस सेक्टर में शेयर बाजार में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। बीईएल, एचएएल सहित कई सारे डिफेंस स्टॉक 10 फीसदी तक भाग गए हैं। जहां एक ओर शेयर बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई सेंसेक्स 1200 अंकों से ज्यादा टूट गया, वहीं रक्षा क्षेत्र की कंपनियों के स्टॉक्स में जान आ गई। भारत डायनॉमिक लिमि. के शेयरों में 10.40 प्रतिशत की जोरदार बढ़त दर्ज की गई और यह 1733 के स्तर पर पहुंच गया। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयर आज 4.40 प्रतिशत उछलकर 337 पर कारोबार करते देखे गए। वहीं, हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड के शेयरों में 4.45 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई कोचिन शिपयार्ड लिमिटेड भी दौड़ा।

### मुद्रा बाजार

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 85. 33 |
| एक यूरो | 94. 81 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 112. 27 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54· 61 |
| एक जापानी येन | 0· 57 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**
864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 118 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 126 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-132 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -66 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

### सराफा बाजार

**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 97000 चांदी -97500

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 97000 चांदी -97500

### दाल- चावल भाव

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 10000-11500, फाइन 115000-12000, एकस्ट्रा बोल्ड 13000-13500, चना दाल एवरेज 7200-7300 चना दाल मार्का 7500-7700, मसूर दाल एवरेज 7500-7600, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका9000-9200, फाइन 9200-9500, उड़द धुली 10500-11000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 9800- 10500, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4200-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5200-5500 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5600-5800, फाइन 6000-6300, बासमती कनकी चालू 3200-3600, बासमती कनकी मीडियम 4000-4200, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4300-5200, दुबार- 5200-5800, तिबार- 6500-6800, बासमती 8500-1000, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4500-4600, फाइन 4600-4800, मुरमुरा- 5800-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।

### लोहा भाव

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

# जबलपुर रॉयल लॉयंस ने स्थानीय प्रतिभाओं के लिए किया ट्रायल्स का ऐलान

***जबलपुर।** जबलपुर रॉयल लॉयंस, जो पिछले सीज़न की चैंपियन टीम रही है और जबलपुर और आस-पास के युवाओं की उम्मीद और पहचान बन चुकी है। अब शहर के दमदार युवा क्रिकेटरों को टीम में जगह पाने का सुनहरा मौका दे रही है। इसके लिए ओपन ट्रायल्स रखे गए हैं, जो 15 मई, 2025 को सुबह 7 बजे से रानीताल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, शीतलपुरी, जबलपुर में होंगे।*

ये ट्रायल्स सिर्फ पुरुष खिलाड़ियों के लिए हैं, जिनकी जन्मतिथि 1 दिसंबर, 2002 से लेकर 30 नवंबर, 2005 के बीच की हो और जो जन्म से या स्थायी निवासी के रूप में जबलपुर के रहने वाले हों।यह पहल अपने शहर की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने और उन्हें नई पहचान दिलाने की टीम की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यदि संख्या अधिक होती है, तो जरूरत पड़ने पर ट्रायल्स 16 मई को भी कराए जा सकते हैं।

**अनिवार्य डॉक्युमेंट्स (मूल और फोटोकॉपी आवश्यक-** आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण, पिछले 3 सालों की मार्कशीट। इस पहल को लेकर अपने विचार व्यक्त करते हुए, कोच आनंद राजन ने कहा, मध्यप्रदेश लीग को लेकर युवाओं में जो जोश और उत्साह है, वह वाकई सराहनीय है। लेकिन हमारा उद्देश्य सिर्फ शोर या भीड़ जुटाना नहीं है, बल्कि हम क्रिकेट की बेहतरीन प्रतिभा को सामने लाना चाहते हैं। जब तक हमें पूरा भरोसा नहीं हो जाता कि जबलपुर रॉयल लॉयंस की टीम में सबसे योग्य खिलाड़ी हैं, तब तक हमारी तलाश जारी रहेगी। यह अवसर हाथ से जाने मत दीजिए,क्योंकिअपने शहर की पहचान बनने का मौका बार-बार नहीं आता। जबलपुर रॉयल लॉयंस के लिए खेलना सिर्फ एक ट्रायल नहीं, बल्कि अपनी मेहनत, जुनून और काबिलियत को साबित करने का मंच भी है। यह वह मौका है, जहाँ आप भीड़ से अलग दिख सकते हैं और एक नई शुरुआत कर सकते हैं। अब वक्त है आगे बढ़ने का, खुद को साबित करने का और दुनिया को दिखाने का कि जबलपुर के खिलाड़ी किसी से कम नहीं।

# गेहूं उत्पादन रिकॉर्ड 11.53 करोड़ टन रहेगा- शिवराज सिंह चौहान

***नई दिल्ली।** कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत का गेहूं उत्पादन इस साल रिकॉर्ड 11.53 करोड़ टन पर रहने का अनुमान कायम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि दूसरे अग्रिम अनुमान पर किसी भी मौसम संबंधी घटना का असर पड़ने की संभावना नहीं है।*

कृषि गतिविधियों की साप्ताहिक समीक्षा के दौरान, चौहान ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सभी उत्पादक राज्यों में गेहूं की फसल लगभग अपनी परिपक्वता अवस्था पूरी कर चुकी है। मंत्री ने कहा, 'गर्मी की लू या उच्च तापमान वास्तव में कटाई की प्रक्रिया को तेज कर देंगे। इस प्रकार, दूसरे अग्रिम अनुमान पर असर पड़ने की संभावना नहीं है।'



मार्च में जारी कृषि मंत्रालय के दूसरे अनुमान में वर्ष 2024-25 में 11.53 करोड़ टन का रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन का अनुमान लगाया गया था, जो पिछले वर्ष के 11.33 करोड़ टन से लगभग दो प्रतिशत अधिक है। मध्य प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में गेहूं की कटाई पूरी हो चुकी है, जबकि पंजाब, उत्तर प्रदेश और बिहार में दो मई तक आंशिक कटाई बाकी है।

देशबन्धु

ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

**100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज**
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**प्लॉट उपलब्ध हैं**
न्यू भेड़ाघाट के निकट प्रस्तावित रिंग रोड के पास फार्म हाउस हेतु लगभग 6000, 12000, 18000+ वर्गफुट के प्लॉट @ रु. 350 प्रति वर्गफुट उपलब्ध हैं. संपर्क करें - अनिल यादव, ग्राम सकरी
**संपर्क: 6264760614**
**देवेन्द्र : 9993737969**

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

# गोवा पर्यटन ने तोड़े रिकॉर्ड- पहली तिमाही में बढ़ी 10.5 फीसदी पर्यटकों की संख्या

***नई दिल्ली।** गोवा के पर्यटन उद्योग के लिए साल 2025 की शुरुआत बेहद शानदार रही है। राज्य के पर्यटन विभाग ने इस साल की पहली तिमाही (जनवरी से मार्च) में पर्यटकों की संख्या में पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 10.5 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की है। इस साल पहली तिमाही में 28,51,554 पर्यटक गोवा घूमने आए, जबकि 2024 की पहली* तिमाही में यह आंकड़ा 25,80,155 था।



यह लगातार बढ़ती संख्या दर्शाती है कि गोवा अब सिर्फ एक पारंपरिक बीच डेस्टिनेशन नहीं रह गया है बल्कि एक वैश्विक, सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और साल भर चलने वाला पर्यटन केंद्र बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस सफलता के पीछे गोवा सरकार के पर्यटन विभाग की तीन-स्तरीय रणनीति का अहम योगदान रहा है। इस रणनीति में प्रमुख और उभरते बाजारों में प्रचार को मजबूत करना, अंतरराष्ट्रीय हवाई संपर्क को बढ़ाना और पर्यटन उत्पादों में विविधता लाना शामिल है।

**हवाई संपर्क का विस्तार, नए बाजारों तक पहुंच-** गोवा सरकार ने रणनीतिक विमानन साझेदारियों पर विशेष ध्यान दिया है जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस जो पहले से ही दुबई से सीधी उड़ानें संचालित कर रही थी अब गोवा को सीधे कुवैत और अबू धाबी से भी जोड़ रही है। यह विस्तार खाड़ी देशों के विमानन भागीदारों के साथ लगातार बातचीत और मध्य-पूर्व के ट्रांजिट बाजारों को लक्षित करने के प्रयासों का ही नतीजा है। राज्य सरकार इस दिशा में केंद्र सरकार के साथ मिलकर काम कर रही है।

**वैश्विक स्तर पर प्रचार और व्यापारिक साझेदारी-** गोवा पर्यटन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। इसने डब्ल्यूटीएम लंदन, आईटीबी एशिया (सिंगापुर), ताशकंद अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मेला और हाल ही में दुबई में आयोजित अरेबियन ट्रैवल मार्केट 2025 जैसे प्रमुख वैश्विक आयोजनों में सक्रिय रूप से भाग लिया है।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# पश्चिमी विक्षोभ से गर्मी और तेज धूप पर लगी रोक

**जबलपुर, रीवा, नर्मदाअंचल, रीवा और शहडोल संभाग के जिलों में गरज चमक के बीच बारिश या बूंदा-बांदी के आसार**

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में इन दिनों मौसम के मिजाज ने नई तरह की चर्चा शुरू करवा दी है। ऐसा इसलिये कहा जा रहा है कि अभी मई माह चल रहा है और सुबह से शाम के बीच कई बार आसमान में बादलों की चादर देखने को मिल रही है। पश्चिमी विक्षोभ के चलते गर्मी और चुभन पैदा करने वाली धूप से राहत है।

इस बार गर्मी की प्रचंडता सीमित दिनों में महसूस की गई। अब जिस तरह मौसम का रूख है उसके बाद कहा जा रहा है कि जैसे मानसून पूर्व माहौल बन गया है। वैसे भी केरल की तरफ मानसून पूर्व हलचल देखने को मिलने लगी है। जिसका असर प्रदेश के जबलपुर, रीवा, शहडोल, नर्मदाअंचल आदि संभाग के जिलों में देखा जा रहा है।

### कई जगह मौसम हुआ खुशगवार

मौसम विभाग के अनुसार जबलपुर में 13 मई को अधिकतम तापमान 38.8 और न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अगले दो दिनों में संभाग के सभी जिलों में गरज चमक के बीच हवाएं चल सकती हैं साथ ही बारिश या बूंदा-बांदी के आसार हैं। जैसा कि मौसम है उसके बाद तेज धूप और गर्मी की प्रचंडता थम गई है और कई जगह तो मौसम गुलाबी हो गया है। हालाकि आने वाली 25 मई से नौ तपा शुरू हो जाएंगे, इस दौरान किस तरह मौसम देखने को मिलेगा यह बाद में पता चलेगा। अभी उत्तर से पश्चिम की तरफ हवाएं पांच से छ किलोमीटर की गति से चल रही हैं।

# नदी किनारे मिला मानव कंकाल

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के देवलौंद थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में स्थित सोन नदी के किनारे एक मानव नरकंकाल मिलने से क्षेत्र में दहशत फैल गई। स्थानीय निवासियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कंकाल जब्त कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कुछ युवकों को नदी किनारे मानव कंकाल जैसा कुछ दिखाई दिया तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी थी।

प्रथम दृष्टया पुलिस का मानना है कि यह कंकाल किसी पुरुष का हो सकता है। कंकाल मिलने के बाद क्षेत्र में कई तरह की आशंकाएं जन्म ले रही हैं। कुछ लोग इसे किसी आपराधिक घटना से जोड़कर देख रहे हैं, जबकि अन्य इसे किसी पुराने लापता मामले से संबंधित मान रहे हैं। गोपालपुर निवासी रामेश्वर ने कहा, ऐसी घटनाएं गांव के लिए चिंताजनक हैं। पुलिस मामले की शीघ्र और निष्पक्ष जांच करे। पुलिस पूर्व में थाना क्षेत्र से लापता हुए व्यक्तियों की जानकारी जुटा रही है। साथ ही कुछ समय पूर्व नदी में डूबे लोगों की सूची भी खंगाली जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकार के मामलों में फोरेंसिक जांच अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, जिससे कंकाल की उम्र, पहचान और मृत्यु के संभावित कारणों का पता लगाया जा सकता है।

### फोरेंसिक जांच के लिए भेजा

थाना प्रभारी सुभाष दुबे ने बताया कि, स्थानीय लोगों की सूचना पर मानव कंकाल को जब्त कर फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया गया। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सभी संभावित बिंदुओं पर काम कर रही है।











